$\Rightarrow (gg^{–1})Hg = gH$

$\Rightarrow \quad Hg = gH.$

इसी कारण H सामान्य है।

टिप्पणी

प्रमेय 2.7: समूह G का उपसमूह H, G में सामान्य है, यदि समस्त $h \in H, g \in G$ हेतु $g^{-1}hg \in H$।

प्रमाण: H, G में सामान्य है तो सभी $a \in G$ के लिए $Ha = aH$

माना $h \in H, g \in G$ कुछ अवयव हों तो,

$hg \in Hg = gH$

$\Rightarrow hg = gh_1$ कुछ $h_1 \in H$ के लिए

$\Rightarrow g^{-1}hg = h_1 \in H$

जिससे परिणाम सिद्ध हुआ।

इसके विपरीत माना $a \in G$ कोई अवयव हो तो,

$a^{-1}ha \in H$ सभी $h \in H$ के लिए

$\Rightarrow \quad a(a^{-1}ha) \in aH$ सभी $h \in H$ के लिए

$\Rightarrow \quad ha \in aH$ सभी $h \in H$ के लिए

$\Rightarrow \quad Ha \subseteq aH$

$b = a^{-1}$ लेने पर, जहाँ $b \in G$

$b^{-1}\, hb \in H\ h \in H$

$\Rightarrow \quad aha^{-1} \in H$ सभी $h \in H$ के लिए

$\Rightarrow \quad (aha^{-1})a \in Ha$ सभी $h \in H$ के लिए

$\Rightarrow \quad ah \in Ha$ सभी $h \in H$ के लिए

$\Rightarrow \quad aH \subseteq Ha.$

इसी कारण $Ha = aH$, दर्शा रहा है कि H सामान्य है।

टिप्पणी (Remark): स्पष्ट है कि तर्क में कोई अन्तर नहीं पड़ता यदि उपरोक्त पदों को समस्त $h \in H, g \in G$ हेतु $ghg^{-1} \in H$ के रूप में पढ़ा जाये।

आगामी प्रमेय में भी किसी उपसमूह के सामान्य होने के लिये समतुल्यता पद प्रस्तुत है, परन्तु इस प्रमेय का महत्व अत्यधिक है, क्योंकि यह हमें **'भागफल समूह' (Quotient Group)** के निर्माण में सहायता करता है। प्रमेय का मूल विवरण द्विआधारी संरचना (Binary Comparition) की उपस्थिति दर्शाता है।

प्रमेय 2.8: समूह G का उपसमूह H, G का सामान्य उपसमूह है, यदि G में H के दो दायें सहसमुच्चय का गुणन पुनः G में H का दायाँ सहसमुच्चय हो तो।

प्रमाण: H को G का सामान्य उपसमूह मान लेते हैं। माना Ha और Hb व G में H के दो दायें सहसमुच्चय हों तो,

$$(Ha)(Hb) = H(aH)b$$
$$= H(Ha)b$$

$$= HHab$$

$$= Hab\ ab \in G$$

इसके विपरीत हमें स्पष्ट है, कि G में H के किन्हीं दो दायें सहसमुच्चय का गुणन पुनः एक दायाँ सहसमुच्चय है।

टिप्पणी

H को सामान्य दर्शाने के लिये $g \in G$ का कोई अवयव मान लेते हैं।

अब G में H के दो दायें सहसमुच्चय Hg व Hg^{-1} हैं। इस प्रकार $HgHg^{-1}$ भी G में H का दायाँ सहसमुच्चय है।

हम दावा करते हैं कि $HgHg^{-1} = He$

अब $egeg^{-1} \in HgHg^{-1}$

$\Rightarrow$ $e \in HgHg^{-1}$

$e \in H$ भी

इस प्रकार H व $HgHg^{-1}$ एक अवयव सामान्य वाले दो दायें सहसमुच्चय हैं। समतुल्यता वर्गों के गुणधर्मों का पुनर्स्मरण करने पर हमें विदित है कि दो दायें सहसमुच्चय या तो समतुल्य होते हैं, अथवा सामान्य में इनमें कोई अवयव नहीं होता। इस प्रकार (चूँकि e सामान्य अवयव है)

$$H = HgHg^{-1}$$

अब $hgh_1g^{-1} \in HgHg^{-1}$ सभी $h, h_1 \in H, g \in G$ के लिए

$\Rightarrow$ $hgh_1g^{-1} \in H$ सभी $h, h_1 \in H, g \in G$ के लिए

$\Rightarrow$ $h^{-1}(hgh_1g^{-1}) \in h^{-1}H$

$\Rightarrow$ $gh_1g^{-1} \in H$ सभी $h_1 \in H, g \in G$ के लिए

H, G में सामान्य है।

इसी कारण यह परिणाम हुआ।

समूह G का उपसमूह H को मानें तो $g^{-1}Hg = \{g^{-1}hg \mid h \in H\}$ को परिभाषित करें।

अब जैसा कि पूर्व में देख चुके हैं कि $g^{-1}Hg$ ये G के उपसमूह का निर्माण होता है।

पुनश्च यदि हम $f(h) = g^{-1}hg$ द्वारा मानचित्रण $f: H \to g^{-1}Hg$ को परिभाषित कर रहे हों तो f, 1–1 आच्छादक (Onto) प्रतिचित्रण है।

G परिमित होने की स्थिति में इसका तात्पर्य होगा कि दोनों H व $g^{-1}Hg$ (किसी $g \in G$ हेतु) में समान संख्या में अवयव होंगे।

इस परिणाम का प्रयोग करते हुए इस प्रकार हमने सिद्ध किया कि यदि G परिमित समूह H का उपसमूह इस प्रकार हो कि G का कोई ऐसा अन्य उपसमूह नहीं है जिसमें H के पास जितनी संख्या में अवयव हों तो H, G में सामान्य है। अन्ततः H व $g^{-1}Hg$ (किसी $g \in G$ के लिये) में समान संख्या में अवयव होने का तात्पर्य (प्रदर्शित नियम के अनुसार) यह होता है, कि ये समतुल्य हैं, एवं $H = g^{-1}Hg$ का तात्पर्य यह कि H सामान्य है।

टिप्पणी

उदाहरण 2.5: सिद्ध करें कि समूह G का गैर रिक्त उपसमुच्चय H समस्त $x, y \in H$, $g \in G, (gx)(gy)^{-1} \in H$ के लिये सामान्य उपसमूह G है।

हल: माना कि H, G का सामान्य उपसमूह हो एवं माना कि $x, y \in H, g \in G$ कोई भी अवयव हैं

तो, $(gx)(gy)^{-1} = (gx)(y^{-1}g^{-1}) = g(xy^{-1})g^{-1} \in H$

चूँकि $xy^{-1} \in H, g \in G$, अतः G में H सामान्य है।

इसके विपरीत हम दर्शाते हैं, कि H, G का सामान्य उपसमूह है।

माना $x, y \in H$ कोई भी अवयव हैं।

तो $xy^{-1} = exy^{-1}\ e = (ex)\ (ey)^{-1} \in H$ जैसे $e \in G$

अर्थात् H, G का एक उपसमूह है।

पुनश्च $h \in H, g \in G$ कोई भी अवयव हों तो

चूँकि $(gh)(ge)^{-1} \in H$

हम पाते हैं कि $(gh)(eg^{-1}) \in H$

$\Rightarrow$ $ghg^{-1} \in H$

$\Rightarrow$ H सामान्य है।

उदाहरण 2.6: दर्शायें कि समूह G में $N(a)$ का सामान्यीकरण हो सकता है, कि G का सामान्य उपसमूह न हो।

हल: माना $G = S_3$ व $a = (23)$ तो

$N(a) = N((23)) = \{\sigma \in S_3 \mid \sigma(23) = (23)\sigma\} = \{I, (23)\}$

चूँकि $N(a)(12) = \{(12), (132)\}$

एवं $(12)N(a) = \{(12), (123)\}$

हमें प्राप्त होता है $N(a)(12) \neq (12)N(a)$ अथवा यह कि $N(a)$ सामान्य नहीं है।

उदाहरण 2.7: यदि N कोटि 2 का सामान्य उपसमूह (समूह G के) हो तो दर्शायें कि $N \subseteq Z(G)$, G का केन्द्र है।

हल: माना $N = \{a, e\}$ हैं

चूँकि $e \in Z(G)$ (e केन्द्र उपसमूह होने पर e को अन्तर्विष्ट करता है) हम यह दर्शाना चाहते हैं कि $a \in Z(G)$ है।

अर्थात् सभी $g \in G$ के लिए $ag = ga$

अथवा सभी $g \in G$ के लिए $g^{-1}ag = a$

माना $g \in G$ कोई अवयव हो तो $a \in N$ व N सामान्य है

अतः $g^{-1}ag \in N = \{a, e\}$

$\Rightarrow g^{-1}ag = a$ या $g^{-1}ag = e$

चूँकि $g^{-1}ag = e \Rightarrow ag = ge \Rightarrow ag = eg \Rightarrow a = e,$ जो कि वास्तविक नहीं है।

हम पाते हैं $g^{-1}\ ag = a\ \Rightarrow a \in Z(G)$

अथवा $N \subseteq Z(G)$

उदाहरण 2.8: दर्शायें कि G का उपसमूह N सामान्य है, यदि $xy \in N \Rightarrow yx \in N$

हल: N को G में सामान्य एवं $xy \in N$ मानने पर।

टिप्पणी

चूँकि $yx = y(xy)y^{-1}$ एवं $xy \in N, y \in G$, में N सामान्य है, तो हमें प्राप्त होता है

$$y(xy)y^{-1} \in N \Rightarrow yx \in N$$

इसके विपरीत माना $n \in N, g \in G$ कोई भी अवयव हों तो $n \in N \Rightarrow (ng)\, g^{-1} \in N$

$\Rightarrow \quad g^{-1}(ng) \in N$ (दिये गए नियमानुसार)

G में N सामान्य है।

उदाहरण 2.9: सिद्ध करें कि G का उपसमूह H सामान्य है यदि,

$Ha \neq Hb \Rightarrow aH \neq bH$

हल: G में H में सामान्य हो एवं $Ha \neq Hb$ मान लेने से।

तो $\quad aH \neq bH$

चूँकि $Ha = aH, Hb = bH$ क्योंकि G में H सामान्य है।

इसके विपरीत माना कि $Ha \neq Hb \Rightarrow aH \neq bH$ हैं।

तो $aH = bH \Rightarrow Ha = Hb$

अर्थात् $a^{-1}b \in H \Rightarrow ab^{-1} \in H$

अब $g \in G, h \in H$ कोई भी अवयव हों तो,

$h^{-1} \in H \Rightarrow h^{-1}gg^{-1} \in H$

$\Rightarrow (h^{-1}g)\,(g^{-1}) \in H \Rightarrow (h^{-1}g)^{-1}\, g \in H$

$\Rightarrow g^{-1}hg \in H$

H, G में सामान्य है।

उदाहरण 2.10: माना कि H समूह G का उपसमुच्चय हो एवं माना $N(H) = \{x \in G \mid Hx = xH\}$, G में H का सामान्यीकरण हो तथा $N(H)$, G का एक उप–समूह हो।

(i) यदि H, G का उपसमूह हो तो $N(H)$, G का सबसे बड़ा उपसमूह है, जिसमें H सामान्य है।

(ii) यदि H, G का उपसमूह हो तो H, G में सामान्य है यदि $N(H) = G$।

(iii) उदाहरण से दर्शायें कि (i) का विपरीत विफल हो जाता है यदि H, G का एकमात्र उप–समुच्चय हो।

(iv) यदि H, G का एक उपसमूह हो एवं K, $N(H)$ का एक उपसमूह है तो H, HK का सामान्य उपसमूह है।

हल: (i) हम दर्शाते हैं कि H, $N(H)$ में सामान्य है।

चूँकि, सभी $h \in H$ के लिए $Hh = hH$

हम पाते हैं, सभी $h \in H$ के लिए $h \in N(H)$

टिप्पणी

इस प्रकार $H \leq N(H)$

सभी $x \in N(H)$ के लिए $N(H)$, $Hx = xH$ की परिभाषानुरूप।

$H, N(H)$ में सामान्य है।

$N(H)$, G का सबसे बड़ा उपसमूह है जिसमें H सामान्य है यह दर्शाने के लिये मान लें कि G का कोई उपसमूह K इस प्रकार है कि H, K में सामान्य है।

तो सभी $k \in K$ के लिए $k^{-1} Hk = H$

$\Rightarrow Hk = kH$ सभी $k \in K$ के लिए

$\Rightarrow k \in N(H)$ सभी $k \in K$ के लिए

$\Rightarrow K \subseteq N(H)$

(ii) H को G का सामान्य उपसमूह मानें तो $N(H) \subseteq G$ (परिभाषानुरूप)

माना $x \in G$ कोई अवयव हो तो $xH = Hx$ क्योंकि G में H सामान्य है।

$\Rightarrow x \in N(H) \Rightarrow G \subseteq N(H)$

इसी कारण $G = N(H)$

माना $G = N(H)$ इसके विपरीत H को G का उपसमूह मानें (जैसा कि दिया गया है) एवं माना $h \in H, g \in G$ कोई भी अवयव हों तो,

$g \in N(H)$ जैसे $N(H) = G$

$\Rightarrow gH = Hg$

$\Rightarrow H, G$ में सामान्य है।

(iii) $G = < a > = \{e, a, a^2, a^3\}$ का विचार करें तो चक्रीय होने से G एबेलियन समूह है।

यदि $H = \{a\}$ मान लें तो G $(e \notin H)$ एक उपसमुच्चय है एवं $N(H) = G$ का उपसमूह नहीं है क्योंकि G एबेलियन है।

(iv) यदि, K, $N(H)$ को एक उपसमूह मानें तो,

$k \in K \Rightarrow k \in N(H) \Rightarrow Hk = kH$

अर्थात् $Hk = kH$ सभी $k \in K$ के लिए

$\Rightarrow \quad HK = KH$

HK, $N(H)$ का उपसमूह है।

ध्यान दें: $h \in H \Rightarrow Hh = hH$ $(=H)$

$\Rightarrow H \subseteq N(H)$ और $K \subseteq N(H)$

पुनः $H \subseteq HK \subseteq N(H)$

इसी कारण HK, H का एक उपसमूह है।

$\Rightarrow HK$, H का सामान्य उपसमूह है।

$[a \in HK \Rightarrow a \in N(H) \Rightarrow Ha = aH]$

2.6 भागफल समूह

टिप्पणी

G कोई समूह एवं N, G का सामान्य समूह हो। G में N के समस्त दायें सहसमुच्चय एकत्र करें एवं वह समुच्चय निर्मित करें जिसे $\frac{G}{N}$ अथवा G/N से इंगित किया जाता है। चूँकि G में N सामान्य है अतः N के किन्हीं दो दायें सहसमुच्चय का गुणन पुनः G में N का दायाँ सहसमुच्चय होगा, अर्थात् $\frac{G}{N}$ पर हमारे पास सुपरिभाषित द्विआधारी संरचना है। अब हम औपचारिक रूप से दर्शाते हैं कि इस समुच्चय $\frac{G}{N}$ से इस गुणन के अधीन समूह का निर्माण इसके द्विआधारी संरचना के रूप में होता है।

$Na, Nb \in \frac{G}{N}, NaNb = Nab \in \frac{G}{N}$ हेतु

यदि $Na, Nb, Nc \in \frac{G}{N}$ कुछ सदस्य हों तो

$Na(NbNc) = Na(Nbc) = Na(bc) = N(ab)c = NabNc = (NaNb)\ Nc$

पुनः $Ne \in \frac{G}{N}$ द्वारा $\frac{G}{N}$ की तत्समक के रूप में कार्य किया जायेगा एवं किसी Na के लिये $Na \in \frac{G}{N}$, Na^{-1} का व्युत्क्रम होगा। इस प्रकार $\frac{G}{N}$ से समूह का निर्माण होता है जिसे G द्वारा N का **खंड समूह** (Factor Group) अथवा **भागफल समूह** (Quotient Group) कहा जाता है।

यह सरलता से देखा जा सकता है कि यदि G एबेलियन हो तो इसका कोई भागफल समूह इस प्रकार होगा,

$$NaNb = Nab = Nba = Nbnb$$

हो सकता है कि इस परिणाम का विलोम न हो।

टिप्पणी (Remarks): (i) $\frac{G}{N}$ में चूँकि N सामान्य है अतः यह महत्वहीन है, कि हम शब्द 'दायें सहसमुच्चयों' का प्रयोग करें अथवा 'बायें सहसमुच्चयों' का क्योंकि समस्त a हेतु $Na = aN$।

(ii) यह देखना वस्तुतः रोचक होगा कि $\frac{G}{\{e\}}$ व $\frac{G}{G}$ किसके समतुल्य हैं।

क्या ये क्रमशः G व $\{e\}$ हैं? वास्तव में तो नहीं, परन्तु 'लगभग'। हम इस विषय पर तब विस्तार से चर्चा करेंगे, जब तुल्याकारिता (Isomorphisms) की बात करेंगे।

प्रमेय 2.9: यदि G एक परिसीमित समूह है एवं N, G का सामान्य उपसमूह हो तो,

$$o\left(\frac{G}{N}\right) = \frac{o(G)}{o(N)}$$

प्रमाण: चूँकि G परिसीमित है तो प्रमेय का प्रयोग करते हुए।

$\frac{o(G)}{o(N)}$, G में N के सुनिश्चित दायें सहसमुच्चयों की संख्या = $o\left(\frac{G}{N}\right)$

टिप्पणी

प्रमेय 2.10: चक्रीय समूह का प्रत्येक भागफल (Quotient) समूह चक्रीय होता है।

प्रमाण: माना $G = < a >$ एक चक्रीय समूह हो तो G एबेलियन है, अतः G का प्रत्येक उपसमूह सामान्य है।

H को G का कोई उपसमूह मानें।

हम दर्शाते हैं कि $\frac{G}{H}$ चक्रीय है। वस्तुतः हम दावा करते हैं कि $\frac{G}{H}$, Ha द्वारा उत्पन्न है।

माना $Hx \in \frac{G}{H}$ कोई भी अवयव हो तो $x \in G = < a >$,

अर्थात x की कोई घात a मानें

तो $x = a^m$

अर्थात् $Hx = \quad Ha^m \quad = Ha\ a\ .....\ a$ (m बार)

$= Ha\ Ha\ .....\ Ha \qquad (m$ बार)

$= (Ha)^m$

अर्थात $\frac{G}{H}$ का कोई अवयव Hx हैं जिसकी घात $Ha \Rightarrow Ha$ हैं, जो उत्पन्न करता है $\frac{G}{H}$, अतः $\frac{G}{H}$ एक चक्रीय है।

टिप्पणी: (i) उपरोक्त परिणाम $m > 0$ के लिये सिद्ध हुआ। इसी प्रकार $m \leq 0$ को भी हल करें तो समान प्रमाण आयेगा।

ध्यान दे: $a^m = a^{-n} = (a^{-1})^n$ जहाँ $n > 0$ तथा स्मरण करें कि $Ha^{-1} = (Ha)^{-1}$ तथा इसलिए $(Ha^{-1})^n = (Ha)^{-n} = (Ha)^m$

(ii) यदि $G = < a >$ चक्रीय हो एवं $H \leq G$ तो $o(G/H)$ कम धनात्मक पूर्णांक m इस प्रकार है कि $a^m \in H$

हमें विदित है कि यदि $H \leq G$ तो $H = <a^m>$, जहाँ m कम धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार हो कि $a^m \in H$

(iii) इस परिणाम का विलोम वास्तविक नहीं है।

उदाहरण 2.11: G के प्रकार $\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & d \end{bmatrix}$ के वास्तविकता पर 2×2 आव्यूह का समुच्चय मानें, जहाँ $ad \neq 0$, तो यह सरलता से देखा जा सकता है कि G से आव्यूह गुणन के अधीन समूह बनेगा। $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ एक तत्समक होगा, $\begin{bmatrix} \frac{1}{a} & -\frac{b}{ad} \\ 0 & \frac{1}{d} \end{bmatrix}$ किसी अवयव $\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & d \end{bmatrix}$ का व्युत्क्रम होगा। इसके अतिरिक्त G एबेलियन नहीं है।

N के प्रकार $\begin{bmatrix} 1 & b \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ को सदस्ययुक्त उपसमुच्चय मानें एवं N, G का उपसमूह

टिप्पणी

हो तो सिद्ध करें कि यह प्रकार $\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & d \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & k \\ 0 & 1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} \frac{1}{a} & -\frac{b}{ad} \\ 0 & \frac{1}{d} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & akd + bd - \frac{b}{d} \\ 0 & 1 \end{bmatrix} \in N$

के गुणन के रूप में भी सामान्य है।

अतः हमें भागफल समूह $\frac{G}{N}$ मिलता है। हम $\frac{G}{N}$ में एबेलियन दर्शाते हैं।

माना $Nx, Ny \in \frac{G}{N}$ कोई भी अवयव हों तो $x, y \in G$

$x = \begin{bmatrix} a & b \\ 0 & d \end{bmatrix}, y = \begin{bmatrix} c & e \\ 0 & f \end{bmatrix}$ मानें।

$\frac{G}{N}$ एबेलियन होगा यदि $NxNy = NyNx.$

$\Leftrightarrow \; Nxy = Nyx$

$\Leftrightarrow \; xy\,(yx)^{-1} \in N$

$\Leftrightarrow \; xyx^{-1}\,y^{-1} \in N$

हम सबको अब यह परखने की आवश्यकता है कि यह वही गुणन है।

$\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & d \end{bmatrix}\begin{bmatrix} c & e \\ 0 & 1 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} \frac{1}{a} & -\frac{b}{ad} \\ 0 & \frac{1}{d} \end{bmatrix}\begin{bmatrix} \frac{1}{c} & -\frac{e}{cf} \\ 0 & \frac{1}{f} \end{bmatrix}, \begin{bmatrix} 1 & t \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ आव्यूहों के प्रकार (Types of Matrix) है।

इस प्रकार हमारे पास एबेलियन भागफल समूह हो सकता है, 'मूल' (Parent) समूह एबेलियन हुए बिना।

उदाहरण 2.12: माना $< \mathbf{Z}, + >$ पूर्णांकों का समूह हो एवं $N = \{3n \mid n \in \mathbf{Z}\}$ मान लें तो N, $\mathbf{Z}$ का सामान्य उप–समूह है।

$\frac{\mathbf{Z}}{N}$ में प्रकार $N + a, a \in \mathbf{Z}$ के सदस्य होंगे।

हम दर्शाते हैं कि $\frac{\mathbf{Z}}{N}$ में तीन ही अवयव हैं। यदि $a \in \mathbf{Z}$ को कोई अवयव मानें जहाँ $a \neq 0, 1, 2$ तो हम विभाजन एलगोरिद्म (Division Algorithm) से लिख सकते हैं,

$a = 3q + r$ जहां $0 \le r \le 2$

$\Rightarrow \; N + a = N + (3q + r) = (N + 3q) + r = N + r$ जैसे $3q \in N$

किन्तु r के मान 0, 1, 2 रख सकते हैं।

इसी कारण $N + a$, $N, N + 1, N + 2$ में से एक होगा।

अथवा $\frac{\mathbf{Z}}{N}$ में ये तीन ही सदस्य हैं।

टिप्पणी

टिप्पणी

(i) इस उदाहरण से यह भी ज्ञात होता है, कि सहसमुच्चय के प्रकरण में हो सकता है कि $Ha = Hb$ का तात्पर्य $a = b$ न हो। उदाहरणार्थ, उपरोक्त उदाहरण में $N+4 = N+1$ परन्तु $4 \neq 1$, $[N+4 = (N+3)+1 = N+1]$

(ii) यह अपरिमित समूह का एक उदाहरण है जिसमें G में परिमित निर्देशिका युक्त N उपसमूह है।

(iii) यह सीमित भागफल समूह G/N का एक उदाहरण भी है जहाँ मूल समूह G परिमित नहीं है। वैसे यह सरलता से देख सकते हैं कि परिमित समूह का भागफल समूह परिमित है।

(iv) यदि $\frac{G_1}{N} = \frac{G_2}{N}$ तो $G_1 = G_2$

माना $g_1 \in G_1$ कोई अवयव हो तो $Ng_1 \in \frac{G_1}{N} = \frac{G_2}{N}$

$\Rightarrow Ng_1 = Ng_2$ किसी भी $g_2 \in G_2$

$\Rightarrow g_1 g_2^{-1} \in N \subseteq G_2 \Rightarrow g_1 g_2^{-1} = g$ किसी भी $g \in G_2$ के लिए

$\Rightarrow g_1 = g g_2^{-1} \in G_2 \Rightarrow G_1 \subseteq G_2$. इसी प्रकार $G_2 \subseteq G_1$

इस कारण से $G_1 = G_2$

उदाहरण 2.13: समूह $\frac{\mathbf{Z}_8}{<6>}$ में अवयव $<6>+5$ की कोटि ज्ञात करें।

हल: हमारे पास $\mathbf{Z}_8 = \{0, 1, 2, ..., 7\}$ mod 8 हैं।

एवं $<6> = \{0, 6, 12\} = H$ (मानते हैं)

अब $\frac{\mathbf{Z}_8}{<6>} = \frac{\mathbf{Z}_8}{H} = \{H, H+1, H+2, H+3, H+4, H+5\}$

$= \{<6>, <6>+1, <6>+2, <6>+3, <6>+4, <6>+5\}$

अब $<6>+5 \neq <6>$ एक तत्समक हैं।

पुनः $2(<6>+5) = <6>+10 = <6>+4 \neq <6>$

इसी प्रकार $3(<6>+5), 4(<6>+5), 5(<6>+5)$ नहीं हैं $<6>$

जहाँ $6(<6>+5) = <6>+30 = <6>$ = तत्समक एवं इसी कारण $<6>+5$ की कोटि 6 होगी।

उदाहरण 2.14: G समूह N का सामान्य उपसमूह हो तो दर्शायें कि किसी $o(Na) | o(a)$ के लिये $a \in G$

हल: माना $o(a) = n$

तो n कम धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार है, कि $a^n = e$

इससे प्राप्त होता है $Na^n = Ne$

$\Rightarrow$ $\underset{(n \text{ बार})}{Na \,.\, a.....a} = N$

$\Rightarrow$ $\underset{(n \text{ बार})}{Na \,.\, Na.....Na} = N$

$\Rightarrow$ $(Na)^n = N$, $Na \in \frac{G}{N}$ और N, $\frac{G}{N}$ की तत्समक है।

$\Rightarrow$ $o(Na) \mid n$ या $o(Na) \mid o(a)$

उदाहरण 2.15: यदि G ऐसा समूह हो कि $\frac{G}{Z(G)}$ चक्रीय हो जहाँ $Z(G)$, G का केन्द्र हो तो दर्शायें कि G एबेलियन है।

हल: $Z(G) = N$ लिखें तो $\frac{G}{N}$ चक्रीय है। मान लेते हैं कि यह Ng द्वारा उत्पन्न है।

माना $a, b \in G$ दो अवयव हों तो $Na, Nb \in \frac{G}{N}$

$\Rightarrow$ $Na = (Ng)^n$, $Nb = (Ng)^m$ किसी भी $\in n, m$ के लिए।

$\Rightarrow$ $Na = Ng \,.\, Ng$ ..... $Ng = Ng^n$

$Nb = Ng^m$

$\Rightarrow$ $ag^{-n} \in N$, $bg^{-m} \in N$

$\Rightarrow$ $ag^{-n} = x$, $bg^{-m} = y$ किसी भी $x, y \in N$ के लिए।

$\Rightarrow$ $a = xg^n$, $b = yg^m$

$\Rightarrow$ $ab = (xg^n)\,(yg^m) = x(g^n y)\, g^m$

$= x(yg^n)\, g^m$ जैसे $y \in N = Z(G)$

$= xyg^n\, g^m$

$= xyg^{n+m}$

इसी प्रकार $ba = (yg^m)\,(xg^n) = y\,(g^m x)\, g^n = y\,(xg^m)\, g^n$

$= (yx)g^{m+n}$

$\Rightarrow ab = ba$ क्योंकि $xy = yx$ जबकि $x, y \in Z(G)$

यह दर्शाता है कि G एबेलियन है।

टिप्पणी

(i) हम $\frac{G}{Z(G)}$ मानने की बात कर रहे हैं, इसीलिये $Z(G)$, G का सामान्य उपसमूह है, इस परिणाम को सरलता से वास्तविक होता देखा जा सकता है।

(ii) उपरोक्त हल में प्रदर्शित अनुसार दिशा में आगे बढ़ते हुए सिद्ध होता है कि G/H चक्रीय है जहाँ H, $Z(G)$ का उपसमूह है तो G एबेलियन है।

(iii) यदि G गैर–एबेलियन समूह हो तो $G/Z(G)$ चक्रीय नहीं है।

टिप्पणी

(iv) यदि H में G के किसी सामान्य उपसमूह $\frac{G}{H}$ के लिये चक्रीय हो तो हो सकता है कि G एबेलियन न हो।

टिप्पणी

G चतुष्क (Quaternion) समूह एवं $H = \{\pm 1, \pm i\}$ लेते हैं तो $o(G/H) = \frac{8}{4} =$ 2 अभाज्य (Prime) है। अतः G/H चक्रीय है परन्तु G एबेलियन नहीं है।

उदाहरण 2.16: G की कोटि pq का एक गैर–एबेलियन (Non-Abelian) समूह मानें जहाँ p, q अभाज्य (Primes) हों तो $o(Z(G)) = 1$

हल: चूँकि G गैर–एबेलियन है, तो उदाहरण 2.15 के अनुसार $\frac{G}{Z(G)}$ चक्रीय नहीं है।

अब $o(Z(G)) \mid o(G) = pq$

$\Rightarrow \quad o(Z(G)) = 1, p, q$ या pq

$o(Z(G)) = pq \Rightarrow Z(G) = G$

$\Rightarrow$ G एबेलियन है जबकि ऐसा नहीं है।

$o(Z(G)) = p \Rightarrow o(G/Z(G)) = \frac{pq}{p} = q.$ अभाज्य है, और $G(Z(G))$ चक्रीय हैं।

यह भी वास्तविक नहीं है।

इसी प्रकार यह $o(Z(G)) = q$ नहीं हो सकता है, एवं हमारे पास एक ही सम्भावना शेष रहती है कि $o(Z(G)) = 1$।

उदाहरण 2.17: ऐसे अपरिमित (Infinite) समूह का उदाहरण प्रस्तुत करें जिसमें प्रत्येक अवयव परिमित कोटि का है।

हल: (i) माना $< \mathbf{Q}, + >$ और $< \mathbf{Z}, + >$ को योग के अधीन पूर्णांकों (Integers) एवं परिमेयों (Rational) के समूह मानें तो भागफल समूह होगा,

$$\frac{\mathbf{Q}}{\mathbf{Z}} = \left\{ \mathbf{Z} + \frac{m}{n} \middle| \frac{m}{n} \in \mathbf{Q} \right\}$$

यह एक अपरिमित समूह है। $\frac{\mathbf{Q}}{\mathbf{Z}}$ के किसी सदस्य $\mathbf{Z} + \frac{m}{n}$ का विचार करें।

चूँकि $n\left(\mathbf{Z} + \frac{m}{n}\right) = \mathbf{Z} + n\frac{m}{n} = \mathbf{Z} + m = \mathbf{Z} =$ $\frac{\mathbf{Q}}{\mathbf{Z}}$ का शून्य है।

हम पाते हैं कि $\mathbf{Z} + \frac{m}{n}$ में परिमित कोटि $\leq n$ है। इसी कारण हमारे पास उदाहरण है।

(ii) पुनः विचार करें $G = \left\{ \mathbf{Z} + \frac{m}{p^n} \middle|_{n \geq 0} \right.$ m, n पूर्णांक है, p = निश्चित सम $\Big\}$

तो G, $\frac{\mathbf{Q}}{\mathbf{Z}}$ का एक उपसमूह है।

अब $p^n\left(\mathbf{Z}+\frac{m}{p^n}\right)=\mathbf{Z}+\frac{m}{p^n}p^n=\mathbf{Z}+m=\mathbf{Z}=G$ का शून्य हैं।

टिप्पणी

$\Rightarrow$ $\mathbf{Z}+\frac{m}{p^n}$ का क्रम p^n से विभाजित है।

$\Rightarrow$ $\mathbf{Z}+\frac{m}{p^n}$ का क्रम $p^r,\ r\le n$ है।

$\Rightarrow$ G में प्रत्येक अवयव का परिमित कोटि है एवं प्रकार p^r का है।

चूँकि G अनंत या अपरिमित है, अतः हम पाते हैं कि यह अनंत या अपरिमित p-समूह का एक उदाहरण होगा।

पुनः हम दर्शा सकते हैं, कि G का प्रत्येक उपसमूह $H(\neq G)$ परिमित कोटि का है। इसी कारण यह ऐसे अनंत या अपरिमित समूह का भी उदाहरण है जिसमें प्रत्येक समुचित उपसमूह कोटि का है।

उदाहरण 2.18: दर्शायें कि $<\boldsymbol{Q}, +>$ में परिमित निर्देशिका का समुचित उपसमूह नहीं है।

हल: मान लें कि $H, <\mathbf{Q}, +>$ का कोई समुचित उपसमूह है, जिसमें परिमित निर्देशिका n है तो, $o(\mathbf{Q}/H)=n$

चूँकि $H,\ \exists\ \frac{a}{b}\in\mathbf{Q}$, Q का समुचित उपसमूह इस प्रकार है, कि, $\frac{a}{b}\notin H$

अब यदि $x+H\Rightarrow\frac{\mathbf{Q}}{H}$ कोई अवयव हो तो,

$n(x+H)=H\Rightarrow nx+H=H$

$\Rightarrow nx\in H\quad\forall\ x\in\mathbf{Q}$

$x=\frac{a}{nb}$, को लेते हैं तो $n\frac{a}{nb}\in H$, अर्थात् $\frac{a}{b}\in H$ जो कि वास्तविक नहीं है।

इसी कारण ऐसा उपसमूह नहीं होता।

अपनी प्रगति जांचिए

5. सामान्य उपसमूह क्या है?
6. दो उपसमूह का सम्मिश्रित क्या होता है?
7. क्या चक्रीय समूह का प्रत्येक भागफल समूह चक्रीय होता है?

2.7 अपनी प्रगति जांचिए प्रश्नों के उत्तर

1. H को समूह G का उपसमूह मानें। परिभाषानुरूप G में H का कोई दायाँ सहसमुच्चय रिक्त नहीं है व G में H के दो दायें सहसमुच्चयों या तो असंबंधित हैं अथवा समान। G में H के समस्त दायें सहसमुच्चयों का सम्मिलन G के

टिप्पणी

समतुल्य है। इसी कारण G में H के समस्त दायें सहसमुच्चयों से G का विभाजन होता है। इस विभाजन को G का दाएँ सहसमुच्चय वियोजन कहा जाता है।

2. यदि H, G का उपसमूह हो तो किसी धनात्मक पूर्णांक n हेतु $|G|=n|H|$। इसे G में H का निर्देशिका कहते हैं। इसके अतिरिक्त $g1,...,gn$ इस प्रकार पाये जाते हैं कि $G=Hr_1 \cup ... \cup Hr_n$ एवं इसी प्रकार H के सम्बद्ध बाएँ सहसमुच्चय होते हैं।
3. (i) उपप्रमेय G एक समूह व $g \in G$ हो तो g की कोटि $|G|$ को भागित करता है।

   (ii) उपप्रमेय G अभाज्य कोटि का समूह है तो G में कोई उपसमूह नहीं है एवं इसी कारण यह चक्रीय है।
4. किसी पूर्णांक p व अभाज्य (Prime) a के लिये,

   $a^p \equiv a \pmod{p}$
5. समूह G के उपसमूह H को G का सामान्य उपसमूह कहा जाता है, यदि $Ha = aH$ समस्त $a \in G$ के लिये।
6. यदि H व K समूह G के दो उपसमूह हों एवं $HK = \{hk \mid h \in H, k \in K\}$ तो HK (G का गैर रिक्त उपसमूह)।
7. हाँ, चक्रीय समूह का प्रत्येक भागफल समूह चक्रीय होता है।

2.8 सारांश

- समूह सिद्धांत में समूह G का अवयव g एवं H का उपसमूह G प्रदर्शित है, g के सन्दर्भ में G में H का बायाँ सहसमुच्चय $gH = \{gh : H$ का h एक अवयव है$\}$ g के सन्दर्भ में G में H का दायाँ सहसमुच्चय $Hg = \{hg : H$ का h एक अवयव है$\}$।
- समूह G का उपसमूह N, G का सामान्य उपसमूह है, यदि एवं मात्र यदि G के समस्त अवयवों g के लिये संगत बायें व दायें सहसमुच्चय समतुल्य हों, अर्थात् $gN = Ng$। इसके अतिरिक्त G में N के सहसमुच्चय से जो समूह बनाया जाता है उसे भागफल समूह अथवा खंड समूह कहा जाता है।
- H को समूह G का उपसमूह मानें। परिभाषानुसार G में H का कोई दायाँ सहसमुच्चय रिक्त नहीं है एवं G में H के दो दायें सहसमुच्चय असंबंधित अथवा समान हैं। G में H के समस्त दायें सहसमुच्चयों का संघ G के समतुल्य है। इसी कारण G में H के समस्त दायें सहसमुच्चय के समुच्चय से G का विभाजन होता है। इस विभाजन को G का दाएं सहसमुच्चय वियोजन कहा जाता है।
- समूह G के प्रदर्शित दो उपसमूह H व K के लिये G में K व H के युग्मित सहसमुच्चय रूप $HgK = \{hgk : H$ का h एक अवयव है, k, का एक अवयव है$\}$ के समुच्चय हैं।
- G के साइलो p-उपसमूहों की संख्या रूप $1 + kp$ की है जहाँ $(1+kp) \mid o(G), k$ ऋणात्मक पूर्णांक नहीं है।
- प्रमेय का परिणाम यह है कि अवयव a परिमित कोटि समूह का है, अर्थात् सबसे छोटी धनात्मक पूर्णांक संख्या $k, ak = e$, हैं, जहाँ e समूह का तत्समक अवयव

है, यह उस समूह की कोटि को विभाजित करता है, क्योंकि a का कोटि a द्वारा उत्पन्न चक्रीय उपसमूह की कोटि के समतुल्य है।

टिप्पणी

- यदि H, G उपसमूह है तो किसी धनात्मक पूर्णांक $|G|=n|H|$ हेतु इसे G में H की निर्देशिका कहा जाता है। इसके अतिरिक्त $g1,...,gn$ का अस्तित्व इस प्रकार है कि $G=Hr_1 \cup ... \cup Hr_n$ तथा इसी प्रकार H से सम्बद्ध बायाँ सहसमुच्चय होते हैं।
- यदि G कोटि n का परिमित कोटि है एवं कोटि d के $n \exists$ अद्वितीय उपसमूह के प्रत्येक भाजक d है, तो G चक्रीय है।
- समूह G का उपसमूह H समस्त $g \in G$ हेतु $g^{-1}Hg = H$ के लिये G में सामान्य है।
- समूह G का उपसमूह H समस्त $h \in H, g \in G, g^{-1}hg \in H$ हेतु में सामान्य है।
- समूह G का उपसमूह H, G का सामान्य उपसमूह है यदि G में H के दो दायें सहसमुच्चयों का गुणन पुनः G में H का दायाँ सहसमुच्चय हो।
- यदि G परिमित समूह है एवं G में N का सामान्य उपसमूह है तो $o\left(\frac{G}{N}\right) = \frac{o(G)}{o(N)}$
- चक्रीय समूह का प्रत्येक भागफल समूह चक्रीय है।
- समूह G के उपसमूह H को G का सामान्य उपसमूह कहा जाता है, यदि समस्त a G हेतु $Ha = aH$।
- सामान्य उपसमूह को अक्रमविनिमय अथवा स्वतः संयोजित उपसमूह भी कहा जाता है।
- G परिमित समूह H का उपसमूह है, G का ऐसा अन्य उपसमूह नहीं है जिसमें H के पास जितनी संख्या के अवयव हों तो H, G में सामान्य है।
- भागफल समूह अथवा खंड समूह ऐसा गणितीय समूह है जिसे प्राप्त करने के लिये समतुल्यता सम्बन्ध का प्रयोग करते हुए बड़े समूह के समान अवयव को संयुक्त किया जाता है जिससे समूह संरचना परिरक्षित रहती है।
- माना H, G का सामान्य उपसमूह हो तो यह सत्यापित किया जा सकता है कि H से सम्बद्ध G के सहसमुच्चय से समूह का निर्माण होता है। इस समूह को H से सम्बद्ध G का खंड समूह अथवा भागफल समूह कहा जाता है, एवं G/H इंगित किया जाता है।
- G के स्वतः संयुग्मित अवयवों के समुच्चय से एबेलियन समूह Z का निर्माण होता है जिसे G का केंद्र कहा जाता है।

2.9 मुख्य शब्दावली

- **सहसमुच्चयः** सहसमुच्चय को बीजगणितीय समूहों का अध्ययन करने के एक मूलभूत साधन के रूप में समझा जाता है। मूलतः लैग्रांज प्रमेय में सहसमुच्चय की महत्त्वपूर्ण केन्द्रीय भूमिका होती है जिसके अनुसार किसी परिमित समूह G के लिये G के प्रत्येक उपसमूह H के अवयवों की संख्या G के अवयवों की संख्या को विभाजित करती है।

टिप्पणी

- **सामान्य उपसमूहः** समूह G का उपसमूह N, G का सामान्य उपसमूह है, यदि और केवल यदि G के समस्त अवयवों g के लिये संगत बायाँ व दायाँ सहसमुच्चय समतुल्य है, अर्थात् $gN = Ng$।
- **दाएँ सहसमुच्चय वियोजन :** G में H के समस्त दायें सहसमुच्चयों का संघ G के समतुल्य है। इसी कारण G में H के समस्त दायें सहसमुच्चयों के समुच्चय से G का विभाजन सामने आता है जिसे कि G का दाएं सहसमुच्चय वियोजन कहा जाता है।
- **युग्मित सहसमुच्चयः** समूह G के H व K (दिए गए दो उपसमूहों) के लिये G में H व K के युग्मित सहसमुच्चय रूप $HgK = \{hgk : H$ का h एक अवयव है, K का k एक अवयव है$\}$ के समुच्चय हैं। ये K के बायें सहसमुच्चय व H के दायें सहसमुच्चय हैं, जब क्रमशः $H = 1$ व $K = 1$ हों।
- **लैग्रांज प्रमेयः** इस प्रमेय के अनुसार किसी परिमित समूह G के लिये H के प्रत्येक उपसमूह G की कोटि (अवयवों की संख्या) द्वारा G की कोटि भागित किया जाता है। जोसेफ़ लुईस लैग्रांज के कारण इस प्रमेय का ऐसा नामकरण किया गया।
- **उपसमूहः** उपसमूह वह समूह है जिसमें समूह के सदस्य अन्य समूह के समस्त सदस्य हों, और सभी समान संक्रिया का विषय हों।

2.10 स्व–मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास

लघु–उत्तरीय प्रश्न

1. सहसमुच्चय वियोजन से आपका क्या अभिप्राय है?
2. सिद्ध करें कि परिमित समूह G के दो साइलो p-उपसमूहों G में संयुग्मित हैं।
3. लैग्रांज प्रमेय के विलोम की व्याख्या करें।
4. सिद्ध करें कि यदि G कोटि n का एक परिमित समूह है एवं d के प्रत्येक भाजक $n \exists$ हेतु कोटि d का अद्वितीय उपसमूह हो तो G चक्रीय है।
5. स्वतः संयुग्मित उपसमूह को परिभाषित करें।
6. सरल समूह क्या होता है?
7. ज्ञात करें कि G का उपसमूह N सामान्य है यदि $xy \in \mathrm{N} \Rightarrow yx \ N$।
8. सिद्ध करें कि समूह G में a का सामान्यीकरण $N(a)$ हो सकता है यदि G का सामान्य उपसमूह न हो।

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न

1. साइलो के तृतीय प्रमेय की व्याख्या करते हुए इसका विवरण व प्रमाण ज्ञात कीजिए।
2. सामान्य उपसमूहों की परिचर्चा उपयुक्त उदाहरणों सहित करें।
3. लैग्रांज प्रमेय एवं इसके उपनिगमनों/उपप्रमेयों का वर्णन उदाहरण सहित करें।

4. फ़र्मेट प्रमेय एवं इसके प्रमाण का विवरण उदाहरण सहित प्रस्तुत करें।
5. सिद्ध करें कि समूह G का उपसमूह H, G में सामान्य है यदि समस्त gG हेतु $Hg = H$।
6. दर्शायें कि मात्र एबेलियन सरल समूह अभाज्य कोटि के समूह होते हैं।
7. भागफल समूहों का विवरण विस्तारपूर्वक करें।

टिप्पणी

2.11 सहायक पाठ्य सामग्री

Sharma, Dr Anil and Jitendra Saini. 2016. *Abstract Algebra* (अमूर्त बीजगणित) Jaipur (Rajasthan): RBD Publisher.

Pathak, Dr H. K. 2017. *Abstract Algebra* (अमूर्त बीजगणित). Kolkata (West Bengal): Siksha Sahitya Prakashan.

Herstein, I. N. 1975. *Topics in Algebra*, 2nd Edition. New York: John Wiley and Sons.

Bhattacharya, P. B., S. K. Jain and S. R. Nagpaul. 1997. *Basic Abstract Algebra*, 2nd Edition. UK: Cambridge University Press (Indian Edition).

Khanna, V. K. and S. K. Bhambari. 2016. *A Course in Abstract Algebra*, 5th Edition. New Delhi: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.

Clark, Allan. 2012. *Elements of Abstract Algebra*. Chelmsford: Courier Corporation.

Gilbert, Linda. 2008. *Elements of Modern Algebra*. Boston: Cengage Learning.

Datta, K. B. 2002. *Matrix and Linear Algebra*. New Delhi: Prentice Hall of India Pvt. Ltd.

Childs, Lindsay N. 2008. *A Concrete Introduction to Higher Algebra*. Berlin: Springer Science & Business Media.

इकाई 3 समूह की समरूपता एवं तुल्याकारिता विशेषताएं

टिप्पणी

संरचना

3.0 परिचय

बीजगणित में **समरूपता (Homomorphism)** समान प्रकार की दो बीजगणितीय संरचनाओं (Algebraic Structures) (जैसे दो समूह, दो वलय अथवा दो सदिश स्थान (Vector Spaces)) के मध्य संरचना–परिरक्षक का मानचित्र है। **'समरूपता'** यानि होमोमॉर्फिज़्म शब्द प्राचीन यूनानी शब्द **'होमोज़' (Homos)** (अर्थात् समान) व **'मॉर्फ़े' (Morphe)** (अर्थात् रूप अथवा आकृति) से बनाया गया है। होमोमॉर्फ़िज़्म शब्द 1892 में लाया गया व इसका श्रेय जर्मन गणितज्ञ फ़ेलिक्स क्लॅईन (Felix Klein) (1849–1925) को जाता है। सदिश स्थान के समरूपता को रैखिय मानचित्रों (Linear Maps) भी कहा जाता है एवं इनका अध्ययन रैखिक बीजगणित (Linear Algebra) का विषय है। समरूपता की अवधारणा को 'आकारिता' (Morphism) के नाम से व्यापक मान्यता प्रदान की जा चुकी है। 'आकारिता' (Morphism) कई अन्य संरचनाओं को भी कहा जाता है, जिनमें या तो आधार समुच्चय नहीं होता अथवा जो बीजगणितीय नहीं होतीं। यह व्यापकीकरण श्रेणी सिद्धांत (Category Theory) का आरम्भिक बिन्दु (Starting Point) है।

समरूपता को तुल्याकारिता, अंतरकारिता, स्वाकारिता इत्यादि भी कहा जा सकता है। इनमें से प्रत्येक को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है जिसे आकारिता के किसी भी वर्ग में व्यापकीकृत किया जा सकता है। अमूर्त बीजगणित में समरूपता के मूलभूत प्रमेय को मूलभूत समरूपता प्रमेय के नाम से भी जाना जाता है, इसका सम्बन्ध दो विषयों के मानचित्र (Map) से है। जिनके मध्य समरूपता प्रदत्त है एवं यह आधारभूत (Kernel) व समरूपता का प्रतिबिंब भी है। समरूपता प्रमेय का प्रयोग करते हुए तुल्याकारिता प्रमेयों को सिद्ध करते हैं।

गणित में क्रमचय (Permutation) ऐसी क्रिया है जिसमें समुच्चय के सदस्यों को अनुक्रम (Sequence) अथवा कोटि में विन्यस्त (Rearrange) किया जाता है, अथवा यदि

टिप्पणी

समुच्चय पहले से कोटि युक्त है तो इसके अवयवों को पुनर्विन्यस्त (Reorder) करने को क्रमचय कहते हैं। बीजगणित में एवं विशेष रूप से समूह सिद्धांत (Group Theory) में समुच्चय S के क्रमचय को S से इसके स्वयं में एकैक आच्छादन (Bijection) के रूप में परिभाषित किया जाता है, अर्थात् यह S से S का एक फलन है, जिसके लिये प्रत्येक अवयव प्रतिबिंब के रूप में सटीक एक बार पाया जाता है।

समूह सिद्धांत में केली प्रमेय (Cayley's Theorem) का नामकरण आर्थर केली (Arthur Cayley) के सम्मान में किया गया है जिसके अनुरूप प्रत्येक समूह G, G पर पार्श्व सममित समूह (Symmetric Group Acting) के उपसमूह से तुल्यकारिक है। इसे G के अवयवों पर G के समूह क्रियाओं (Group Action) के उदाहरण के रूप में समझा जा सकता है। समुच्चय G का क्रमचय G आच्छादक G लेने पर कोई एकैक आच्छादन फलन है।

इस इकाई में आप समूहों के समरूपता (Homomorphism) व तुल्यकारिक (Isomorphism) एवं इनकी विशेषताएं, समरूपता के मूलभूत प्रमेय, रूपांतरण व क्रमचय समूह, S_n ($S_n, n < 5$ के विभिन्न उपसमूह) एवं केली प्रमेय का अध्ययन करेंगे।

3.1 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- समूहों की समरूपता एवं तुल्याकारिता का वर्णन कर पाएंगे;
- समूहों की समरूपता व तुल्याकारिता विशेषताओं का वर्णन कर पाएंगे;
- समरूपता के मूलभूत प्रमेय को समझ पाएंगे;
- समूह का रूपांतरण एवं क्रमचय की व्याख्या कर पाएंगे;
- S_n की व्याख्या ($S_n, n < 5$ के विभिन्न उपसमूह) कर पाएंगे;
- केली प्रमेय को समझ पाएंगे।

3.2 समूहों का समरूपता एवं तुल्याकारिता

बीजगणित में, समरूपता (Homomorphism) एक संरचना है जो दो बीजगणितीय संरचनाओं (Algebraic Structures) के बीच मानचित्र को संरक्षित करती है जिसमें एक ही प्रकार की संरचनाएं, जैसे दो समूह, दो वलय, या दो सदिश स्थान हों।

शब्द **'समरूपता'** प्राचीन ग्रीक भाषा 'होमोस' (Homos) से आया है जिसका अर्थ है समान और **'मोर्फे'** (Morphe) शब्द का अर्थ रूप व आकार होता है। 'समरूपता' शब्द की उत्पत्ति 1892 में हुई और इसका श्रेय जर्मन के गणितज्ञ फ़ेलिक्स क्लॅईन (Felix Klein) (1849–1925) को दिया गया।

समरूपता की अवधारणा को सामान्य रूप से आकारिता (Morphism) के नाम पर, कई अन्य संरचनाओं के लिए प्रयोग किया गया है, जिसमें या तो अंतर्निहित समुच्चय (Set) नहीं हैं, या यह बीजगणितीय नहीं है। यह सामान्यीकरण श्रेणी के सिद्धांत का प्रारंभिक बिंदु हैं। समरूपता एक तुल्याकारिता भी हो सकता है, एक

टिप्पणी

अंतरकारिता, या एक स्वाकारिता (Automorphism), आदि। उनमें से प्रत्येक को इस तरह से परिभाषित किया जा सकता है जिसे किसी भी वर्ग के लिए सामान्यीकृत द्वारा आकारित (Morphism) किया जा सकता है।

समूह समरूपता (Group Homomorphism) समूहों के मध्य का मानचित्र है जो समूह संक्रिया (Group Operation) को परिरक्षित करता है। इसका तात्पर्य यह है कि समूह समरूपता में दूसरे समूह के तत्समक अवयव से प्रथम समूह के तत्समक अवयव को मानचित्रित किया जाता है तथा प्रथम समूह के अवयव के व्युत्क्रम (Inverse) को इस अवयव की प्रतिबिंब के व्युत्क्रम पर मानचित्रित किया जाता है। इस प्रकार समूहों के मध्य अर्द्ध समूह समरूपता आवश्यकरूपेण समूह समरूपता होता है।

समरूपता के प्रकार निम्नांकित हैं, जिन्हें साधारण आकारिता (Morphism) के लिये भी परिभाषित किया जाता है।

तुल्याकारिता: समान प्रकार की बीजगणितीय संरचनाओं (Algebraic Structures) के मध्य तुल्याकारिता (Isomorphism) को सामान्यतया द्विभाजित समरूपता के रूप में परिभाषित किया जाता है।

अंतराकारिता: यह ऐसी समरूपता है जिसका डोमैन, कोडोमैन (Codomain) के समतुल्य होता है अथवा अधिक साधारण रूप में यह एक आकारिता है जिसका स्रोत लक्ष्य (Target) के समतुल्य है। बीजगणितीय संरचना के अथवा वर्ग का प्रयोजन के अंतराकारिता से संरचना के अधीन एकाभ (Monoid) का निर्माण होता है।

स्वाकारिता: यह एक ऐसी अंतराकारिता (Endomorphism) है, जो कि एक तुल्याकारिता भी है। बीजगणितीय संरचना अथवा वर्ग की संरचना (Composition) स्वाकारिता के अधीन समूह का निर्माण होता है जिसे कि संरचना का स्वाकारिता समूह कहा जाता है।

एकाकृतिकता: बीजगणितीय संरचनाओं के लिये एकाकृतिकता (Monomorphism) को सामान्यतः अंतः क्षेत्रण समरूपता के रूप में परिभाषित किया जाता है। श्रेणी सिद्धांत के अधिक व्यापक परिदृश्य में एकाकृतिकता को ऐसे आकारिता के रूप में परिभाषित किया जाता है जो कि रद्द करने से छूट गया था।

समूहों के समरूपता की सार्वत्रिक बीजगणितीय (Universal Algebraic) परिभाषा के अनुसार– "समूहों के मध्य मानचित्र के समरूपता होने के लिये यह जाँच पर्याप्त है कि इसमें द्विआधारी संरचना (Binary Composition) को परिरक्षित किया जा रहा है"।

तुल्याकारिता को बीजगणितीय प्रणालियों में 'परोक्ष' समता (Indirect Equality) भी कहा जा सकता है। वस्तुतः यदि दो प्रणालियों में समान संख्या के अवयवों हों एवं इनका व्यवहार बिल्कुल समान प्रकार का हो तो उन्हें समतुल्य कहने में क्या आपत्ति हो! भले ही समता का विचार कभी–कभी कुछ असहज लग सकता है, विशेषतया अपरिमित समुच्चयों के प्रकरण में।

परिभाषा: माना $< G, * >$ व $< G', o >$ से दो समूह हैं।

मानचित्रण $f: G \to G'$ को समरूपता कहा जाता है यदि,

$$f(a * b) = f(a)\ o\ f(b) \quad a, b \in G$$

टिप्पणी

जब असमंजस की सम्भावना न हो तो हम दोनों द्विआधारी संरचना (Binary Composition) के लिये '.' इसी एक प्रतीक का प्रयोग करेंगे।

उसे संकेतन के रूप में अपनाकर हम मानचित्र प्राप्त करेंगे

$f: G \to G'$ एक समरूपता है।

यदि $f(ab) = f(a)f(b)$

यदि योग में f एक–एक (One-One) आच्छादक (Onto) हो तो हम कहते हैं कि f एक तुल्याकारिता (Isomorphism) है एवं इस प्रकरण में $G \cong G'$ लिखते हैं।

अब यह भी स्पष्ट है कि,

$$f(a_1a_2 \ldots\ldots a_n) = f(a_1)f(a_2) \ldots\ldots f(a_n)$$

यह तुल्याकारिता (समरूपता) के अधीन है।

होमोमॉर्फ़िज़्म के आच्छादक (Onto) होने को आच्छादक समकारिता (Epimorphism) कहा जाता है।

एक–एक (One-One) समरूपता को एकाकृतिकता (Monomorphism) कहते हैं।

समूह G से समरूपता स्वयं G का अंतराकारिता (Endomorphism) कहलाता है।

समूह G से तुल्याकारिता को स्वयं G का स्वाकारिता (Automorphism) कहा जाता है।

यदि $f: G \to G'$ आच्छादक समरूपता हो तो G' को समरूपता प्रतिबिंब कहा जाता है।

उदाहरण 3.1: माना $< \mathbf{Z}, + >$ व $< \mathbf{E}, + >$ को पूर्णांकों व सम पूर्णांकों के समूह मानें तो मानचित्र (Map) $f: \mathbf{Z} \to \mathbf{E}$, को इस प्रकार परिभाषित करें कि,

$$\text{समी } x \in \mathbf{Z} \text{ के लिए } f(x) = 2x$$

अब f इस प्रकार सुपरिभाषित है. $x = y \Rightarrow 2x = 2y \Rightarrow f(x) = f(y)$

पदों को पीछे लेते हुए f, 1–1 स्पष्ट है।

f समरूपता इस रूप में है।

$$f(x + y) = 2(x + y) = 2x + 2y = f(x) + f(y)$$

f भी आच्छादक है, क्योंकि किसी सम पूर्णांक $2x$ में x इसकी पूर्व–प्रतिबिंब के रूप में होगा।

इसी कारण f एक तुल्याकारिक है।

वस्तुतः इस उदाहरण में प्रदर्शित होता है कि उपसमूह अपने मूल समूह से तुल्याकारिक हो सकता है।

उदाहरण 3.2: गुणन के अधीन समूह $< \mathbf{Z}, + >$ में पूर्णांकों के समूह $G = \{1, -1\}$ से मानचित्रण (Mapping) f को मानें जिसे इस प्रकार परिभाषित किया गया है $f: \mathbf{Z} \to G$, इस प्रकार कि, $f(x) = 1$ यदि x सम हो।

टिप्पणी

$= -1$ यदि x विषम हो।

अब f स्पष्टतः सुपरिभाषित है। हम परखते हैं कि यह समरूप है कि नहीं।

$x, y \in \mathbf{Z}$ को कोई अवयव मानें।

प्रकरण (*i*): x, y ये दोनों सम हैं तो $x + y$ सम है एवं इस प्रकार,

$$f(x + y) = 1, f(x) = 1, f(y) = 1$$

हम देखते हैं कि $f(x + y) = 1 = 1.1 = f(x) \cdot f(y)$

प्रकरण (*ii*): x, y ये दोनों विषम हैं तो $x + y$ सम है तथा

$$f(x + y) = +1 = (-1)(-1) = f(x) f(y)$$

प्रकरण (*iii*): x विषम है, y सम है तो $x + y$ विषम है एवं

$$f(x + y) = -1 = (-1)\ (1) = f(x) f(y)$$

इस प्रकार समस्त प्रकरणों में $f(x + y) = f(x) f(y)$.

यह दर्शा हो रहा है कि इस प्रकार f समरूप है। क्या यह तुल्याकारिता है?

आच्छादक से स्पष्ट है परन्तु f, 1–1 (एक–एक) नहीं है क्योंकि यह आवश्यक नहीं कि $x = y$ का तात्पर्य $f(x) = f(y)$ हो। वस्तुतः $f(2) = f(4)$ किन्तु $2 \neq 4$।

उदाहरण 3.3: $\mathbf{R}^+$ को गुणन के अधीन धनात्मक वास्तविक संख्याओं का समूह मानें एवं $\mathbf{R}$ को योग के अधीन समस्त वास्तविक संख्याओं का समूह हो तो मानचित्र

$\theta : \mathbf{R}^+ \to \mathbf{R}$ इस प्रकार होगा,

$\theta(x) = \log x$

यह एक तुल्याकारिता है।

θ स्पष्टतया सुपरिभाषित है।

$$\theta(x) = \theta(y)$$
$$\Rightarrow \log x = \log y$$
$$\Rightarrow e^{\log x} = e^{\log y}$$
$$\Rightarrow x = y$$

यह दर्शा रहा होता है कि θ एक–एक (One-One) है।

चूँकि $\theta(xy) = \log xy = \log x + \log y = \theta(x) + \theta(y)$

हम पाते हैं कि θ समरूप है।

अन्ततः यदि $y \in \mathbf{R}$ कोई सदस्य हो तो चूँकि $e^y \in \mathbf{R}^+$ व $\theta(e^y) = y$, हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि θ आच्छादक है तथा इसी कारण तुल्याकारिता पर है।

(मानचित्र $f: \mathbf{R} \to \mathbf{R}^+$, इस प्रकार है कि $f(a) = e^a$ का भी विचार किया जा सकता है)

उदाहरण 3.4: G कोई समूह हो व G का एक सामान्य उपसमूह N हो तो मानचित्र

$f : G \to \frac{G}{N}$ इस प्रकार परिभाषित करें कि,

$f(x) = Nx, \ x \in G$

टिप्पणी

अब f स्पष्टतया सुपरिभाषित है।

पुनः $f(xy) = Nxy = NxNy = f(x)\,f(y)$

इससे प्रदर्शित होता है कि f एक समरूप है।

इसे कभी–कभी प्राकृतिक (अथवा प्रामाणिक (Canonical)) समरूपता कहा जाता है। वह f आच्छादक है, किसी टिप्पणी की आवश्यकता कम है।

समूहों में तुल्याकारिता का सम्बन्ध समतुल्यता सम्बन्ध होता है। इस प्रकार जब भी समूह G अन्य समूह G' से तुल्याकारिक (Isomorphic) हो तो G, G' से तुल्याकारिक होगा। अतः हम यही कहेंगे कि G व G' तुल्याकारिक हैं एवं इसे $G \cong G'$ से इंगित करेंगे।

जिन प्रमेयों व परिभाषाओं का हम अनुसरण करते हैं उनमें से अधिकांश में हम समूहों के लिये G, G', इत्यादि, का प्रयोग करेंगे।

प्रमेय 3.1: यदि $f: G \to G'$ एक समरूप हो तो,

(i) $f(e) = e'$

(ii) $f(x^{-1}) = (f(x))^{-1}$

(iii) $f(x^n) = [f(x)]^n$, n एक पूर्णांक है।

जहाँ e, e' क्रमशः G व G' के तत्समक अवयव (Identity Element) हैं।

प्रमाण (i) : दिया है,

$$e \,.\, e = e$$
$$\Rightarrow f(e \,.\, e) = f(e)$$
$$\Rightarrow f(e) \,.\, f(e) = f(e)$$
$$\Rightarrow f(e) \,.\, f(e) = f(e) \,.\, e'$$
$$\Rightarrow f(e) = e' \quad \text{(निष्कासन)}$$

(ii) पुनः $xx^{-1} = e = x^{-1}x$

$$\Rightarrow f(xx^{-1}) = f(e) = f(x^{-1}x)$$
$$\Rightarrow f(x)\,f(x^{-1}) = e' = f(x^{-1})\,f(x)$$
$$\Rightarrow (f(x))^{-1} = f(x^{-1}).$$

(iii) यदि n धनात्मक पूर्णांक हो,

$$f(x^n) = \underset{(n \text{ बार})}{f(x \,.\, x \,.....x)}$$
$$= f(x) \,.\, f(x) \,..... f(x) \quad (n \text{ बार})$$
$$= (f(x))^n.$$

यदि $n = 0$, हमारे पास पद (i) अनुरूप परिणाम है। जिस प्रकरण में n ऋणात्मक पूर्णांक हो तो परिणाम के लिये पद (ii) का प्रयोग करते हैं।

उदाहरण 3.5: दर्शायें कि $< \mathbf{Q}, + > < \mathbf{Q}^*, \cdot >$, से तुल्याकारिता नहीं हो सकता जहाँ $\mathbf{Q}^* = \mathbf{Q} - \{0\}$ व $\mathbf{Q}$ परिमेय (Rationals) है।

हल: मान लेते हैं कि $\mathbf{Q}$ से $\mathbf{Q}^*$ तक f तुल्याकारिक है तो चूँकि $2 \in \mathbf{Q}^*$, f आच्छादक है, और $\exists\ \alpha \in < \mathbf{Q}, + >$, इस प्रकार होगा कि $f(\alpha) = 2$.

टिप्पणी

$$\Rightarrow \quad f\left(\frac{\alpha}{2}+\frac{\alpha}{2}\right)=2$$

अथवा $f\left(\frac{\alpha}{2}\right)f\left(\frac{\alpha}{2}\right)=2$

$$\Rightarrow \quad x^2=2 \quad \text{जहां } x=f\left(\frac{\alpha}{2}\right)\in \mathbf{Q}^*$$

किन्तु यह एक विरोधाभास है क्योंकि यहाँ परिमेय संख्या x इस प्रकार नहीं है कि $x^2=2$ इसी कारण यह परिणाम सामने आता है।

उदाहरण 3.6: $\frac{\mathbf{Z}}{4\mathbf{Z}}$ से $\frac{\mathbf{Z}}{6\mathbf{Z}}$ तक समस्त समरूपक ज्ञात करें।

हल: $f:\frac{\mathbf{Z}}{4\mathbf{Z}}\to\frac{\mathbf{Z}}{6\mathbf{Z}}$ को समरूपक मानें तो $f(4\mathbf{Z}+n)=nf(4\mathbf{Z}+1)$

अतः f पूर्णतया ज्ञात होगा यदि $f(4\mathbf{Z}+1)$ ज्ञात हो।

अब $(4\mathbf{Z}+1)$ की कोटि (Order) 4 है एवं इसलिये यह $o(f(4\mathbf{Z}+1))4$ को भागित करता है। (उदाहरण 3.7 देखें)

$o(f(4\mathbf{Z}+1))$ से 6 विभाजित होता है एवं इस प्रकार $o(f(4\mathbf{Z}+1))=1$ या 2

यदि $o(f(4\mathbf{Z}+1))=1,$ तो $f(4\mathbf{Z}+1)=6\mathbf{Z}=$ का शून्य $\frac{\mathbf{Z}}{6\mathbf{Z}}$

इसी कारण $f(4\mathbf{Z}+n)=$ शून्य

यदि $o(f(4\mathbf{Z}+1))=2,$ तो $f(4\mathbf{Z}+1)=6\mathbf{Z}+3$

$$\Rightarrow \quad f(4\mathbf{Z}+n)=6\mathbf{Z}+3n$$

जैसे $f(4\mathbf{Z}+n+4\mathbf{Z}+m) = f(4\mathbf{Z}+n+m)$

$$= 6\mathbf{Z}+3(n+m)$$
$$= (6\mathbf{Z}+3n)+(6\mathbf{Z}+3m)$$
$$= f(4\mathbf{Z}+n)+f(4\mathbf{Z}+m)$$

इस प्रकार f के लिये दो विकल्प हैं एवं इसे इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि $f:\frac{\mathbf{Z}}{4\mathbf{Z}}\to\frac{\mathbf{Z}}{6\mathbf{Z}}$ इस प्रकार हो $f(4\mathbf{Z}+n)=6\mathbf{Z}+3n$

ध्यान दे: $4\mathbf{Z}+n = 4\mathbf{Z}+m$

$$\Rightarrow n-m\in 4\mathbf{Z}$$
$$\Rightarrow 3(n-m)\in 12\mathbf{Z}\subseteq 6\mathbf{Z}$$
$$\Rightarrow 3(n-m)\in 6\mathbf{Z}$$
$$\Rightarrow 6\mathbf{Z}+3n\in 6\mathbf{Z}+3m$$

अर्थात् f सुपरिभाषित है।

अतः दो समरूपक $\frac{\mathbf{Z}}{4\mathbf{Z}}\to\frac{\mathbf{Z}}{6\mathbf{Z}}$ हैं। वस्तुतः d से $\frac{\mathbf{Z}}{m\mathbf{Z}}\to\frac{\mathbf{Z}}{n\mathbf{Z}}$ साधारणतया समरूपक हैं जहाँ d सबसे बड़ा सामान्य भाजक (m, n) हैं।

टिप्पणी

परिभाषा: माना $f: G \to G'$ समरूपक है। f का **आधारभूत** (Kernel) (जिसे $Ker\, f$ द्वारा इंगित किया जाता है) इस प्रकार परिभाषित किया जाता है,

$$\text{Ker}\, f = \{x \in G \mid f(x) = e'\}$$

जहाँ e' तत्समक G' की है।

प्रमेय 3.2: यदि $f: G \to G'$ समरूपक हो तो $\text{Ker}\, f$, G का एक सामान्य उपसमूह है।

प्रमाण: चूँकि $f(e) = e', e \in \text{Ker}\, f$, इस प्रकार $f \neq \varphi$।

पुनः $x, y \in \text{Ker}\, f \Rightarrow f(x) = e'$

$f(y) = e'$

अब $f(xy^{-1}) = f(x) f(y^{-1}) = f(x)(f(y))^{-1} = e' \,.\, e'^{-1} = e'$

$\Rightarrow xy^{-1}$ Ker f

इसी कारण यह G का उपसमूह है।

पुनः, किसी $\in G, x \in \text{Ker}\, f$ के लिये

$f(g^{-1}xg) = f(g^{-1}) f(x) f(g)$

$= (f(g))^{-1} f(x)\, f(g) = (f(g))^{-1}\, e'\, f(g)$

$= (f(g))^{-1} f(g) = e'$

$\Rightarrow g^{-1}xg \in \text{Ker}\, f$....

अथवा यह G का सामान्य उपसमूह है।

प्रमेय 3.3: समरूपक $f: G \to G'$ एक–एक (One-One या 1–1) है। यदि $\text{Ker}\, f = \{e\}$

प्रमाण: माना $f: G \to G'$ को एक–एक मानें। माना $x \in \text{Ker}\, f$ कोई अवयव हो तो,

$f(x) = e'$ और जैसे $f(e) = e'$

$f(x) = f(e) \Rightarrow x = e$ जैसे f, 1-1 है।

इसी कारण $\text{Ker}\, f = \{e\}$.

इसके विपरीत माना $\text{Ker}\, f$ में एकमात्र तत्समक अवयव अंतर्विष्ट है।

मानें $f(x) = f(y)$

तो $f(x)\,(f(y))^{-1} = e'$

$\Rightarrow f(xy^{-1}) = e'$

$\Rightarrow xy^{-1} \in \text{Ker}\, f = \{e\}$

$\Rightarrow xy^{-1} = e$

$\Rightarrow x = y$

अथवा f (1–1) है।

उदाहरण 3.7: यदि $f: G \to G'$ को समरूपक मानें तो $a \in G$ इस प्रकार हो कि $o(a) = n$ और $o(f(a)) = m$। दर्शायें कि $o(f(a)) \mid o(a)$ व f, 1-1 है, यदि $m = n$।

हल: चूँकि $o(a) = n$,

हम पाते हैं $a^n = e \Rightarrow f(a^n) = f(e)$

$\Rightarrow f(a\,.\,a\,.....\,a) = f(e)$

$\Rightarrow (f(a))^n = e'$

$\Rightarrow o(f(a)) \mid n = o(a)$

टिप्पणी

पुनः, f को 1–1 मानें.

चूंकि $o(f(a)) = m$

हम पाते हैं $(f(a))^m = e'$

$\Rightarrow f(a)\,.\,f(a)\,.....\,f(a) = e'$

$\Rightarrow f(a\,.\,a\,.....\,a) = e'$

$\Rightarrow f(a^m) = e' = f(e)$

$\Rightarrow a^m = e \quad (f,\ 1\text{–}1)$

अर्थात, $o(a) \mid m$ या $n \mid m$, लेकिन यह पता है कि $m \mid n$ है।

इसी कारण से $m = n$.

इसके विपरीत मानें कि $o(a) = o(f(a))$.

तो $f(x) = f(y)$

$\Rightarrow f(x)\,(f(y))^{-1} = e'$

$\Rightarrow f(xy^{-1}) = e'$

$\Rightarrow o(f(xy^{-1})) = 1$

$\Rightarrow o\,(xy^{-1}) = 1 \ \Rightarrow xy^{-1} = e \ \Rightarrow x = y$

$\Rightarrow f,$ 1-1 है।

टिप्पणी: समरूपता के अधीन किसी अवयव की कोटि परिरक्षित (Preserved) रहती है।

उदाहरण 3.8: दर्शायें कि वास्तविक संख्याओं का समूह $<\mathbf{R}, +>$ गुणन के अधीन अशून्य (Nonzero) वास्तविक संख्याओं के समूह R^* से तुल्यकारिक नहीं हो सकता।

हल: $-1 \in R^*$ एवं -1 की कोटि 2 है, $(-1)^2 = 1$ अनुरूप परन्तु $\mathbf{R}$ में कोटि 2 का अवयव नहीं है। चूँकि यदि $x \in \mathbf{R}$ कोटि 2 का हो तो $2x = x + x = 0$, किन्तु यह किसी x के लिये $<\mathbf{R}, +>$ में नहीं है, $x = 0$ के अतिरिक्त।

उपरोक्त टिप्पणी में तुल्याकारिता के अधीन अवयव की कोटि परिरक्षित रहती है, इस प्रकार $<\mathbf{R}$, व $\mathbf{R}^*$ के मध्य कोई तुल्याकारिता नहीं हो सकती हैं।

उदाहरण 3.9: दर्शायें कि $<\mathbf{Q}, +>$ का प्रत्येक अशून्य समरूपता स्वयं में एक स्वाकारिता (Automorphism) है।

हल: माना $\theta : \mathbf{Q} \to \mathbf{Q}$, को कोई अशून्य समरूपता मानें। हम सर्वप्रथम दर्शाते हैं कि

$$q\left(\frac{m}{n}\right) = \frac{m}{n} q\,(1) \text{ किसी } \frac{m}{n} \in \mathbf{Q} \text{ के लिए।}$$

मान लेते हैं कि $\theta\,(1) = p/q$

तो $$\frac{\mathrm{p}}{\mathrm{q}} = \mathrm{q}(1) = \theta\left(\frac{\mathrm{n}}{\mathrm{n}}\right) = \mathrm{q}\left(\frac{1}{\mathrm{n}} + \frac{1}{\mathrm{n}} + \cdots + \frac{1}{\mathrm{n}}\right) = \mathrm{nq}\left(\frac{1}{\mathrm{n}}\right)$$

टिप्पणी

इस प्रकार $q\left(\frac{1}{n}\right)=\frac{1}{n}q(1)$

अतः $\theta\left(\frac{m}{n}\right)=q\left(\frac{1}{n}+\frac{1}{n}+\cdots+\frac{1}{n}\right)=mq\left(\frac{1}{n}\right)=\frac{m}{n}q(1)$

अब हम दर्शाते हैं कि θ, 1–1 आच्छादक है।

माना $\frac{m}{n}\in \text{Ker}\,\theta$ कोई अवयव हो तो,

$$\theta\left(\frac{\text{m}}{\text{n}}\right)=0\Rightarrow\left(\frac{\text{m}}{\text{n}}\right)\theta(1)=0\Rightarrow\frac{\text{m}}{\text{n}}=0 \quad \text{या} \quad \theta(1)=0$$

यदि $\theta(1)=0$, तो $\theta\left(\frac{1}{n}\right)=0$ एवं $\theta(\text{m})=\text{m}\theta(1)=0,\ \forall\ m,n,n\neq 0$

$$\Rightarrow \text{q}\left(\frac{m}{n}\right)=0 \quad \forall m,n,n\neq 0$$

अथवा θ शून्य समरूपक है जब कि वास्तव में नहीं है।

इसी कारण $\frac{m}{n}=0\Rightarrow \text{Ker}\,q=\{0\}$

$\Rightarrow$ θ , 1–1 है।

पुनः यदि $\frac{m}{n}\in\mathbf{Q}$ कोई अवयव अब इस प्रकार हो,

$$q\left(\frac{m}{n}\cdot\frac{q}{p}\right)=\frac{mq}{np}q(1)=\frac{m}{n}$$

हम इस निष्कर्ष पर आते हैं कि θ आच्छादक (Onto) है एवं इसी कारण एक स्वाकारिता है।

उदाहरण 3.10: माना G एक समूह हो एवं $f: G\to G$ इस प्रकार हो कि $f(x)=x^{-1}$ समरूपक हो। प्रदर्शित करें कि G एबेलियन (Abelian) है।

हल: माना $x, y\in G$ कोई भी अवयव हों।

$$\begin{aligned} xy &= (y^{-1}x^{-1})^{-1} = f(y^{-1}x^{-1}) \\ &= f(y^{-1})\,f(x^{-1}) \\ &= yx, \end{aligned}$$

इसी कारण G एबेलियन है।

प्रमेय 3.4: (समूह समरूपता का आधारभूत प्रमेय Fundamental Theorem of Group Homomorphism)। यदि $f: G\to G'$ $K=\text{Ker}\,f$, युक्त आच्छादक समरूपक हो तो $\frac{G}{K}\cong G'$।

अन्य शब्दों में समूह G की प्रत्येक समरूपक प्रतिबिंब G के भागफल समूह (Quotient Group) से तुल्याकारिक है।

टिप्पणी

प्रमाण: मानचित्र $\varphi : \frac{G}{K} \to G'$, इस प्रकार परिभाषित करें कि,

$$\varphi(Ka) = f(a), \quad a \in G$$

हम दर्शाते हैं कि φ तुल्याकारिक है।

φ निम्नानुसार सुपरिभाषित है,

$$\begin{aligned} & Ka = Kb \\ \Rightarrow\ & ab^{-1} \in K = \text{Ker}\, f \\ \Rightarrow\ & f(ab^{-1}) = e' \\ \Rightarrow\ & f(a)(f(b))^{-1} = e' \\ \Rightarrow\ & f(a) = f(b) \\ \Rightarrow\ & \varphi(Ka) = \varphi(Kb) \end{aligned}$$

पदों को फिर से दोहराते हुए हम सिद्ध करेंगे कि φ, 1–1 है।

पुनः $\varphi(KaKb) = \varphi(Kab) = f(ab) = f(a) f(b)$

$$= \varphi(Ka)\ \varphi(Kb)$$

φ के रूप में हम पाते हैं कि φ समरूपक (Homomorphism) है।

φ आच्छादक है अथवा नहीं, इसे परखने के लिये हम मान लेते हैं कि $g' \in G'$ का कोई अवयव हैं। चूँकि $f : G \to G'$ आच्छादक इस प्रकार है कि $\exists\, g \in G$,

अब,

$$f(g) = g'$$
$$\varphi(Kg) = f(g) = g'$$

इसके द्वारा दर्शाया जा रहा है कि Kg', g' के अधीन φ की आवश्यक पूर्व प्रतिबिंब है।

इसी कारण φ तुल्याकारिक है।

टिप्पणी: उपरोक्त प्रमेय को तुल्याकारिता का प्रथम प्रमेय (First Theorem of Isomorphism) भी कहा जाता है। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि यदि f: $G \to G'$ $K = \text{Ker}\, f$, युक्त समरूपक हो, $\frac{G}{\text{Ker} f} \cong f(G)$.।

प्रमेय 3.5: (तुल्याकारिता का द्वितीय प्रमेय Second Theorem of Isomorphism)। H व K को समूह G के दो उपसमूह मानें जहाँ G में H सामान्य है तो,

$$\frac{HK}{H} \cong \frac{K}{H \cap K}$$

प्रमाण: यह सरलता से देख सकते हैं कि $H \cap K$, K का सामान्य उपसमूह होगा एवं चूंकि $H \subseteq HK \subseteq G$ है और H भी HK में सामान्य होगा।

मानचित्र $f : K \to \frac{HK}{H}$, को इस प्रकार परिभाषित करें कि,

$$f(k) = Hk$$

तो चूँकि $k_1 = k_2 \Rightarrow Hk_1 = Hk_2 \Rightarrow f(k_1) = f(k_2)$

टिप्पणी

अतः हम पाते हैं कि f सुपरिभाषित है।

पुनः $f(k_1k_2) = Hk_1k_2 = Hk_1Hk_2 = f(k_1)f(k_2)$

यह दर्शाता है कि f समरूपक है।

यहाँ f आच्छादक है जो स्पष्ट है एवं इस प्रकार आधारभूत प्रमेय (Fundamental Theorem) का प्रयोग करते हुए हम पाते हैं,

$$\frac{HK}{H} \cong \frac{K}{\text{Ker}\, f}$$

चूँकि $k \in \text{Ker}\, f \Leftrightarrow f(k) = H$

$\Leftrightarrow Hk = H$

$\Leftrightarrow k \in H$

1. यदि R ईकाई युक्त एक वलय है एवं $1 = 0$ तो चूँकि किसी $a \in R$ हेतु $a = a.1 = a.0 = 0$ तो आप $R = \{0\}$ पायेंगे जिसे कि नगण्य वलय (Trivial Ring) कहा जाता है। यह प्रकरण साधारणतया वर्जित (Excluded) रहता है एवं जब भी ऐसा कहा जाता है कि R ईकाई युक्त एक वलय है तब यह समझ लिया जाता है कि R में $1 \neq 0$ है।

2. यदि n, m पूर्णांक हों एवं a, b वलय में अवयव हों तो यह सरलता से देखा जा सकता है कि,

$$n(a+b) = na + nb$$
$$(n+m)a = na + ma$$
$$(nm)a = n(ma)$$
$$a^m \, a^n = a^{m+n}$$
$$(a^m)^n = a^{mn}$$

जब भी $ab = 0$ तो या तो $a = 0$ अथवा $b = 0$। यह समझाने में अधिक ज़ोर देने की आवश्यकता पड़ सकती है कि परिणाम सदैव वास्तविक न हो। वस्तुतः पूर्णांकों (वास्तविक अथवा परिमेयों) की वलय में यह गुण होता है। पूर्णांकों पर 2×2 आव्यूह की वलय का विचार करते हैं। आपके पास दो अशून्य (Nonzero) अवयव A, B इस

प्रकार हो सकते हैं कि $A\,B = 0$ परन्तु $A \neq 0\; B \neq 0$। वस्तुतः $A = \begin{bmatrix} 0 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ व

$B = \begin{bmatrix} 2 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ को मान लें तो $A \neq 0, B \neq 0$ किन्तु $AB = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$। हम निम्नांकित परिभाषाओं के माध्यम से इस संकेतन (Notation) को औपचारिक रूप प्रदान करते हैं।

टिप्पणी

परिभाषा 1: R कोई वलय हो। अवयव $0 \neq a \in R$ को शून्य भाजक (Zero Divisor) कहा जाता है यदि $\exists$ अवयव $0 \neq b \in R$ इस प्रकार हो कि $ab = 0$ अथवा $ba = 0$।

परिभाषा 2: क्रमविनिमेय वलय R को समाकलित डोमेन (Integral Domain) कहा जाता है कि R में $ab = 0$ या तो $a = 0$ अथवा $b = 0$ । अन्य शब्दों में क्रमविनिमय वलय R को समाकलित डोमेन कहा जाता है यदि R में कोई शून्य भाजक (Zero Divisors) न हो।

समाकलित डोमेन का एक सुस्पष्ट उदाहरण $< \mathbf{Z}, +, \cdot >$ पूर्णांकों की वलय है जबकि आव्यूहों के वलय (Ring of Matrices) ऐसी वलय का उदाहरण है जो कि समाकलित डोमेन नहीं है।

ध्यान दे : समाकलित डोमेन की परिभाषा के एक भाग के रूप में क्रमविनिमेयता के पद (Condition of Commutativity) पर कुछ लेखक ज़ोर नहीं देते। आपके पास शून्य भाजक (Zero Divisor) रहित अक्रमविनिमेय वलय हो सकती हैं।

किसी क्रमविनिमय वलय को समाकलित डोमेन कब कहा जाता है इस सन्दर्भ में निम्नांकित प्रमेय में हमें आवश्यक व यथात् पद देता है।

प्रमेय 5.2: क्रमविनिमय वलय R समाकलित डोमेन है यदि $a, b, c \in R$ $(a \neq 0)$ सभी के लिए $ab = ac \Rightarrow b = c$।

प्रमाण: माना कि R कोई समाकलित डोमेन हो, तब $ab = ac$ $(a \neq 0)$ है

तो $\quad ab - ac = 0$

$\Rightarrow \quad a(b - c) = 0$

$\Rightarrow \quad a = 0$ तथा $b - c = 0$

चूँकि $\quad a \neq 0$, हम प्राप्त करते हैं $b = c$

इसके विपरीत दिया गया पद यहाँ पूर्ण हो रही है।

माना $a, b \in R$, $a \neq 0$ युक्त कुछ अवयव हों एवं मान लेते हैं कि $ab = 0$

तो $ab = a.0$

$\Rightarrow \quad b = 0$ दिए गए पद के प्रयोग से।

इसलिए $ab = 0 \Rightarrow b = 0$ जब भी $a \neq 0$ अथवा R एक समाकलित डोमेन है।

ध्यान दें: वलय R में बाएँ निष्कासित नियम (Left Cancellation Law) की पूर्ति हुई मानी जाती है यदि समस्त $a, b, c \in R, a \neq 0$ सभी के लिए $ab = ac \Rightarrow b = c$।

इसी प्रकार दाएँ निष्कासित नियम (Right Cancellation Law) की चर्चा की जा सकती है। यह उल्लेखनीय हो सकता है कि निष्कासन केवल अशून्य अवयवों का ही होता है।

टिप्पणी

परिभाषा 1: ईकाई युक्त वलय R में अवयव a को गुणन के सन्दर्भ में अक्रमविनिमेय अथवा ईकाई कहा जाता है यदि $\exists$ किसी भी $b \in R$ में इस प्रकार हों कि $ab = 1 = ba$ है।

ध्यान दें: ईकाई व ईकाई अवयव (Unity) की भिन्न–भिन्न अवधारणाएँ हैं एवं इनमें पारस्परिक असमंजस में न पड़ें।

परिभाषा 2: ईकाई युक्त वलय R को विभक्त वलय अथवा तिरछा क्षेत्र (Skew Field) कहा जाता है यदि R के अशून्य अवयवों (Non Zero Elements) से गुणन के सन्दर्भ में समूह बनता हो।

अन्य शब्दों में ईकाई युक्त वलय R एक विभक्त वलय है यदि R के अशून्य अवयवों में गुणात्मक प्रतिलोम (Multiplication-Inverse) हो।

परिभाषा 3 : क्रमविनिमय विभक्त वलय (Commutative Division Ring) को क्षेत्र (Field) कहते हैं।

वास्तविक संख्याओं (Real Numbers) से क्षेत्र का निर्माण होता है, न कि पूर्णांकों से, सामान्य योग व गुणन के अधीन। चूँकि विभक्त वलय से दो द्विआधारी संरचना के सन्दर्भ में समूहों का निर्माण होता है इसमें दो तत्समक अवयवों 0 व 1 (योग व गुणन के सन्दर्भ में) संरचना ही एवं इस प्रकार विभक्त वलय में कम से कम दो अवयव होते हैं।

प्रमेय 5.3: क्षेत्र एक समाकलित डोमेन है।

प्रमाण: माना कि, $< R, +, . >$ एक क्षेत्र हो तो R एक क्रमविनिमय वलय है।

माना कि, R में $ab = 0$ है। हम $a = 0$ अथवा $b = 0$ दर्शाना चाहते हैं। मान लें कि $a \neq 0$ तो a^{-1} का अस्तित्व है (क्षेत्र की परिभाषा)।

इस प्रकार $ab = 0$

$\Rightarrow \quad a^{-1}(ab) = a^{-1}0$

$\Rightarrow \quad b = 0$

जिससे यह दर्शाया गया है कि R एक समाकलित डोमेन है।

पूर्ववर्ती परिणाम का 'आंशिक विपर्याय' (Partial Converse) भी है।

प्रमेय 5.4: अशून्य परिमित समाकलित डोमेन एक क्षेत्र है।

प्रमाण: R एक अशून्य परिमित समाकलित डोमेन है।

R', R का उपसमुच्चय है जिसमें R के अशून्य अवयव अंतर्विष्ट हैं।

चूँकि R में संबद्धता है अतः यह R' में होगी। इस प्रकार R' एक परिमित अर्द्ध–समूह है।

पुनः निष्कासित नियम (अशून्य अवयवों के लिए) हैं एवं इसीलिये ये R' में हैं।

इसी कारण गुणन के सन्दर्भ में R' एक परिमित अर्द्ध–समूह है जिसमें निष्कासित नियम हैं।

अतः $\therefore < R', \cdot >$ से समूह निर्मित होता है।

अन्य शब्दों में $< R, +, \cdot >$ एक क्षेत्र है। यह क्रमविनिमय है क्योंकि यह एक समाकलित डोमेन है।

टिप्पणी

एलिटरः माना $R = \{a_1, a_2, ..., a_n\}$ एक परिमित अशून्य समाकलित डोमेन (Finite Non Zero Integral Domain) है। माना कि, $0 \neq a \in R$ कोई अवयव हो तो $aa_1, aa_2, ..., aa_n$, सभी R में हैं एवं यदि किसी $i \neq j$ के लिए $aa_i = aa_j$ तो निष्कासन से हम $a_i = a_j$ प्राप्त करते हैं जो कि वास्तविक नहीं है। इसीलिये $aa_1, aa_2, ..., aa_n$, R के सुनिश्चित अवयव हैं।

चूँकि किसी i के लिए $a \in R$, $a = aa_i$ है।

माना कि $x \in R$ कोई अवयव हो तो, किसी j के लिए $x = aa_j$।

इस प्रकार $ax = (aa_i)x = a(a_ix)$

अर्थात् $x = a_ix$

इसी कारण क्रमविनिमेयता के प्रयोग से हम पाते हैं $x = a_ix = xa_i$

अथवा यह a_i, R की ईकाई है। $a_i = 1$ मानें।

इस प्रकार $1 \in R$ हेतु

चूँकि किसी k के लिए $1 = aa_k$

हम पाते हैं कि a_k का गुणात्मक प्रतिलोम (Multiplicative Inverse) a है। इसी कारण R के किसी भी अशून्य अवयव में गुणात्मक प्रतिलोम है अथवा जो कि R क्षेत्र है।

परिभाषाः वलय R को बूलियन वलय (Boolean Ring) कहते हैं यदि $x \in R$ सभी के लिए $x^2 = x$।

उदाहरण 5.1: दर्शायें कि बूलियन वलय क्रमविनिमय है।

हलः माना कि $a, b \in R$ कुछ अवयव हों तो $a + b \in R$ संवृत (Closure) है।

दिए गए पदानुसार,

$$(a + b)^2 = a + b$$

$$\Rightarrow \quad a^2 + b^2 + ab + ba = a + b$$

$$\Rightarrow \quad a + b + ab + ba = a + b$$

$$\Rightarrow \quad ab + ba = 0$$

$$\Rightarrow \quad ab = -ba \qquad ...(i)$$

$$\Rightarrow \quad a(ab) = a(-ba)$$

$$\Rightarrow \quad a^2b = -aba$$

$$\Rightarrow \quad ab = -aba \qquad ...(ii)$$

पुनः समीकरण (i) से

$$(ab)a = (-ba)a$$

$$\Rightarrow \quad aba = -ba^2 = -ba \qquad ...(iii)$$

समीकरण (ii) व समीकरण (iii) से निम्नानुसार समीकरण की प्राप्ति होती है।

$ab = ba\ (= -aba)$

अथवा R क्रमविनिमय है।

टिप्पणी

उदाहरण 5.2: (*i*) दर्शायें कि $\mathbf{Z}_n$, a में अशून्य अवयव एक ईकाई है यदि a व n आपेक्षाकृत अभाज्य (Primes) हों।

(*ii*) यदि a, a ईकाई न हो तो यह एक शून्य भाजक (Zero Divisor) है।

हल: (*i*) $\mathbf{Z}_n = \{0, 1, 2, ..., n-1\} \bmod n$

माना कि, $a \in \mathbf{Z}_n$ एक ईकाई हो तो $\exists\ b \in \mathbf{Z}_n$ इस प्रकार है कि $a \otimes b = 1$

अर्थात् जब ab, n द्वारा विभाजित हो, शेषफल (Remainder) 1 है, अन्य शब्दों में $ab = nq + 1$

अथवा $ab - nq = 1$

a व n आपेक्षाकृत अभाज्य (Prime) हैं।

इसके विपरीत माना कि, $(a, n) = 1$ हो तो $\exists$ पूर्णांक u, v इस प्रकार हैं कि

$$au + nv = 1$$

$$\Rightarrow \quad au = n(-v) + 1$$

मान लें कि $u = nq + r, \quad 0 \le r < n, \quad r \in \mathbf{Z}_n,$

तो $au = anq + ar = n(-v) + 1$

$$\Rightarrow \quad ar = n(-v - aq) + 1, \quad r \in \mathbf{Z}_n$$

अर्थात् $a \otimes r = 1, \quad r \in \mathbf{Z}_n$

अर्थात् a एक ईकाई है।

(*ii*) माना कि, a एक ईकाई न हो एवं मान लें कि महत्तम उभयनिष्ठ भाजक (Greatest Common Divisor) $(a, n) = d > 1$ है।

चूँकि किसी k के लिये $d|a,\ a = dk,\ d|n \Rightarrow n = dt$ भी है,

$$\Rightarrow \quad a.t = dk\ \frac{n}{d} = kn = 0 \bmod n$$

अर्थात् a शून्य भाजक (Zero Divisor) है।

उदाहरण 5.3: दर्शाए कि, $\mathbf{Z}_p = \{0, 1, 2, ..., p-1\}$ का एक क्षेत्र p मापांक है, जहां P एक अभाज्य (Prime) हो।

हल: माना कि, $\mathbf{Z}_p$ एक क्षेत्र हो। मान लें कि p एक अभाज्य (Prime) नहीं है तो $\exists\ a$, b, इस प्रकार होंगे $p = ab,\ 1 < a, b < p$

$\Rightarrow a \otimes b = O$ जहाँ a, b अशून्य हैं, $\mathbf{Z}_p$ में शून्य भाजक (Zero Divisor) हैं।

अर्थात् $\mathbf{Z}_p$ एक समाकलित डोमेन नहीं है जो कि एक विरोधाभास है क्योंकि एक क्षेत्र होने से $\mathbf{Z}_p$ एक समाकलित डोमेन है।

इसी कारण p अभाज्य (Prime) है।

टिप्पणी

इसके विपरीत p एक अभाज्य (Prime) है। अब यह दर्शाते हैं कि $\mathbf{Z}_p$ एक समाकलित डोमेन है (यह परिमित होने के बाद इसी नाते क्षेत्र होगा)।

माना $a \otimes b = 0, a, b \in \mathbf{Z}_p$ हो तो ab, p का गुणज है।

$p \mid a$ अथवा $p \mid b$ (p अभाज्य होता है)

$a = 0$ अथवा $b = 0$ (**ध्यान दें:** $a, b \in \mathbf{Z}_p \Rightarrow a , b < p$))

$\mathbf{Z}_p$ समाकलित डोमेन है एवं इसी कारण क्षेत्र है।

उदाहरण 5.4: यदि ईकाई युक्त वलय R में $x, y \in R$ सभी के लिए $(xy)^2 = x^2y^2$ तो दर्शायें कि R क्रमविनिमय (Commutative) है।

हल: माना कि, $x, y \in R$ कुछ अवयव है तो $y + 1 \in R$ क्योंकि $1 \in R$

दिए गए, पद अनुसार,

$$(x(y + 1))^2 = x^2 (y +1)^2$$

$$\Rightarrow \quad (xy + x)^2 = x^2 (y + 1)^2$$

$$\Rightarrow \quad (xy)^2 + x^2 + xyx + xxy = x^2(y^2 + 1 + 2y)$$

$$\Rightarrow \quad x^2y^2 + x^2 + xyx + xxy = x^2y^2 + x^2 + 2x^2y$$

$$\Rightarrow \quad xyx = x^2y \qquad \text{...(i)}$$

चूँकि समीकरण (i) R में सभी के लिए x, y है अतः यह $x + 1, y$ के लिए भी है। इस प्रकार x से $x + 1$ को विस्थापित करते हुए हमें प्राप्त होता है

$$(x + 1)\, y(x +1) = (x +1)^2y$$

$$\Rightarrow \quad (xy + y)\, (x +1) = (x^2 +1 +2x)y$$

$$\Rightarrow \quad xyx + xy + yx + y = x^2y + y + 2xy$$

समीकरण (i) के प्रयोग से $yx = xy$

इसी कारण R क्रमविनिमेय (Commutative) है।

उदाहरण 5.5: दर्शाएँ कि, कि $[0, 1]$ पर वास्तविक मान के सतत् फलनों का वलय R में शून्य भाजक (Zero Divisor) हैं।

हल: $[0, 1]$ में परिभाषित अनुसार फलनों f व g का विचार इस प्रकार करें

$$f(x) = \frac{1}{2} - x, \quad 0 \le x \le \frac{1}{2}$$

$$= 0, \qquad \frac{1}{2} \le x \le 1$$

एवं $g(x)$-I- $= 0, \quad 0 \le x \le \frac{1}{2}$

$$= x - \frac{1}{2}, \quad \frac{1}{2} \le x \le 1$$

अब f व g सतत् फलन हैं एवं $f \neq 0, g \neq 0$

जबकि $g f(x) = g(x)f(x) = 0 \cdot \left(\frac{1}{2} - x\right)$ यदि $0 \le x \le \frac{1}{2}$

$$= \left(x - \frac{1}{2}\right).0 = 0 \quad \text{यदि} \quad \frac{1}{2} \le x \le 1$$

अर्थात् x सभी के लिए $gf(x) = 0$

टिप्पणी

अर्थात् $gf = 0$ परन्तु $f \neq 0, g \neq 0$

उपवलय (Subrings)

परिभाषा: वलय R के गैर–रिक्त उपसमुच्चय S को R का उपवलय कहा जाता है यदि S से R के द्विआधारी संरचना के अधीन वलय का निर्माण होता है।

पूर्णांकों की वलय $< \mathbf{Z}, +, \cdot >$ वास्तविक संख्याओं की वलय $< \mathbf{R}, +, \cdot >$ का उपवलय है।

यदि R एक वलय है तो $\{0\}$ व R सदा R का उपवलय होंगे जिन्हें R की नगण्य उपवलय (Trivial Subring) कहा जाता है।

यह स्पष्ट है कि समाकलित डोमेन की उपवलय एक समाकलित डोमेन होगी।

व्यवहार में वलय की परिभाषा में समस्त अभिगृहीत को परखना कठिन व समयसाध्य होगा कि कौन–कौन सा उपसमुच्चय उपवलय है व कौन–कौन सा नहीं। प्रमेय 5.5 में यह कार्य तुलनात्मक रूप से सरल हो जायेगा।

प्रमेय 5.5: वलय R का गैर–रिक्त उपसमुच्चय (Non Empty Subset) S, R का उपवलय है यदि,

$a, b \in S$

$\Rightarrow ab, a - b \in S$।

प्रमाण: S, R की उपवलय हो तो $a, b \in S \Rightarrow ab \in S$ (संवृत)

$a, b \in S \Rightarrow a - b \in S$ चूँकि $< R, + >$, $< S, + >$ का उपसमूह है।

इसके विपरीत चूँकि $a, b \in S \Rightarrow a - b \in S$ है। अतः हम पाते हैं कि $< S, + >$ से $< R, + >$ के उपसमूह का निर्माण होता है। पुनः किसी $a, b \in S$ के लिये $S \subseteq R$, चूँकि $a, b \in R$

$\Rightarrow a + b = b + a$

एवं इसलिये S एबेलियन है।

इसी तर्क से हम पाते हैं कि S में गुणन संबद्धता (Multiplicative Associativity) व वितरणशीलता (Distributivity) है।

अन्य शब्दों में S से वलय की परिभाषा में समस्त अभिगृहीत की पूर्ति होती है।

इसी कारण S, R की उपवलय है।

परिभाषा: क्षेत्र F के गैर–रिक्त (Non-Empty) उपसमुच्चय S को उपक्षेत्र (Subfield) कहा जाता है यदि F में संक्रियाओं (Operations) के अधीन S से क्षेत्र का निर्माण होता है। इसी प्रकार हम विभक्त वलय की उपविभक्त वलय (Subdivision Ring) को परिभाषित कर सकते हैं।

यह सिद्ध किया जा सकता है कि S, F का उपक्षेत्र होगा यदि $a, b \in S$, $b \neq 0 \Rightarrow a - b, ab^{-1} \in S$।

ध्यान दें: उपक्षेत्र में सदा ही कम से कम दो अवयव होते हैं, क्षेत्र के 0 व 1 (उस उपसमूह का स्मरण करें जिसमें समूह के तत्समक होते हैं एवं दोनों संरचना के अधीन उपक्षेत्र क्षेत्र का उपसमूह है)।

टिप्पणी

दो उपसमूह का योग (Sub of Two Subrings)

परिभाषा: S व T वलय R की दो उपक्षेत्र हैं। हम परिभाषित करते हैं

$$S + T = \{s + t \mid s \in S, t \in T\}$$

तो स्पष्ट है कि $S + T$, R का गैर–रिक्त उपसमुच्चय (Non Void Subset) है। वस्तुतः,

$$0 = 0 + 0 \in S + T$$

किन्तु योग को परिभाषित करने का हमारा उत्साह यहाँ समाप्त हो जाता है जब हम पाते हैं कि हो सकता है कि दो उपवलय का योग उपवलय न हो।

उदाहरणार्थ पूर्णांकों पर M की 2×2 आव्यूह की वलय मान लें।

माना $S =$ प्रकार $\begin{bmatrix} a & 0 \\ b & 0 \end{bmatrix} a, b$ पूर्णांकों के समस्त आव्यूह का समुच्चय,

$T =$ प्रकार $\begin{bmatrix} 0 & x \\ 0 & 0 \end{bmatrix}, x$ पूर्णांकों के समस्त आव्यूह का समुच्चय हो,

तो M व T, S के उपवलय हैं।

$S + T$ में प्रकार $\begin{bmatrix} a & 0 \\ b & 0 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 0 & x \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ के अवयव होंगे

अर्थात् प्रकार $\begin{bmatrix} a & c \\ b & 0 \end{bmatrix}$ के आव्यूह

$S + T$ से उपवलय नहीं बनती क्योंकि गुणन के सन्दर्भ में संवृत नहीं है क्योंकि

$$\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 0 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 2 & 2 \\ 2 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 4 & 2 \\ 2 & 2 \end{bmatrix} \notin S + T.$$

परिभाषा 1: माना कि, S वलय R का उपसमुच्चय हो तो S युक्त R अंतर्विष्ट की सबसे छोटी सबवलय को S द्वारा उत्पन्न उपवलय कहा जाता है।

चूँकि उपवलय का प्रतिच्छेदन या सर्वनिष्ठ (Intersection) एक उपवलय है, इसलिये यह स्पष्ट है कि R के उपसमुच्चय S द्वारा उत्पन्न उपवलय R की समस्त उपवलय का प्रतिच्छेदन या सर्वनिष्ठ (Intersection) होगी जिसमें S अंतर्विष्ट है। हम इसे $<S>$ द्वारा इंगित करते हैं। अब स्पष्ट है कि $< S > = \{0\}$ यदि $S = \varphi$।

परिभाषा 2: माना कि R वलय है, सभी $r \in R$ के लिए समुच्चय $Z(R) = \{x \in R \mid xr = rx$ को वलय का केन्द्र कहते हैं।

यह सरलता से दर्शाया जा सकता है कि $Z(R)$, R का उपवलय है।

उदाहरण 5.6: यदि R एक विभक्त वलय हो तो दर्शायें कि $Z(R)$ का केन्द्र R एक क्षेत्र है।

टिप्पणी

हल: $Z(R)$ एक वलय है (क्योंकि यह एक उपवलय (Subring) है)।

$Z(R)$ की परिभाषानुसार क्रमविनिमेय (Commutative) है।

$Z(R)$ में ईकाई है क्योंकि सभी $x \in R$ के लिए $1 \,.\, x = x \,.\, 1 = x$ ।

इस प्रकार हमें यह दर्शाना है कि $Z(R)$ के प्रत्येक अशून्य अवयव में गुणात्मक प्रतिलोम $\neq Z(R) \neq$ में) है।

माना $x \in Z(R)$ कोई अशून्य अवयव हो तो $x \in R$ तथा चूँकि R एक विभक्त वलय है जो $x^{-1} \in R.$ है।

माना कि, $y \in R$ कोई अशून्य अवयव हो तो $y^{-1} \in R$, अब

$$x^{-1}y = (y^{-1}\, x)^{-1}$$

$= (xy^{-1})^{-1} = yx^{-1}, x^{-1}$ के समस्त अशून्य अवयवों से क्रमविनिमय (Commute) करता है।

पुनः चूँकि $x^{-1} \,.\, 0 = 0 \,.\, x^{-1} = 0$

हम पाते हैं कि सभी $r \in R$ के लिए

$$\Rightarrow \quad x^{-1} \in Z(R)$$

समीकरण यह दर्शा रहा है कि $Z(R)$ एक क्षेत्र है।

उदाहरण 5.7: यदि वलय R में सभी a, b $(a \neq 0)$ के लिए समीकरण $ax = b$ में हल हो तो दर्शायें कि R एक विभक्त वलय (Division Ring) है।

हल: हम सर्वप्रथम यह दर्शाते हैं कि R में शून्य भाजक (Zero Divisor)नहीं है।

मान लें कि $ab = 0, a \neq 0, b \neq 0$

चूँकि $a \neq 0, ax = a$ में हल है, $x = e_1$

तो $\quad ae_1 = a$

पुनः $bx = e_1$ में हल है, माना $x = e_2$ इसका हल हो तो $be_2 = e_1$

अब $ab = 0 \Rightarrow (ab)e_2 = 0 \,.\, e_2 = 0$

$$\Rightarrow a(be_2) = 0$$

$$\Rightarrow ae_1 = 0$$

$a = 0$ परन्तु $a \neq 0$

इसी कारण R शून्य भाजक रहित है।

अब किसी $a \neq 0$ के लिये $ax = a$ में हल है,

टिप्पणी

$x = e$ हल हो तो $ae = a$

सभी x के लिए $aex = ax$

सभी x के लिए $a(ex - x) = 0$

किन्तु सभी x के लिए $a \neq 0 \Rightarrow ex - x = 0$

अथवा e बायीं तत्समक (Left Identity) है।

पुनः $(xe - x)e = xee - xe = x(ee) - xe$

$= xe - xe$ (क्योंकि e बायीं तत्समक है)

$= 0$

परन्तु $e \neq 0$, इस प्रकार $xe - x = 0$ अथवा सभी x के लिए $xe = x$

अर्थात् e दायीं तत्समक (Right Identity) है।

अब समीकरण $ax = e$ में सभी $a \neq 0 \Rightarrow \exists\, b$ के लिये हल इस प्रकार है कि $ab = e$ है।

इसी कारण a में दायाँ प्रतिलोम (Right Inverset) है। चूँकि दायीं तत्समक का भी अस्तित्व है अतः $< R, . >$ से समूह बनता है अथवा R एक विभक्त वलय है।

उदाहरण 5.8: माना R को वास्तविकता पर 3×3 आव्यूह के वलय मानें तो दर्शायें कि,

$$S = \left\{ \begin{bmatrix} x & x & x \\ x & x & x \\ x & x & x \end{bmatrix} | x \text{ वास्तविक (Real)} \right\}$$

R की उपवलय है एवं इसमें R की ईकाईयाँ से भिन्न ईकाईयाँ हैं।

हल: यह सरलता से देखा जा सकता है कि S, R की उपवलय है। वस्तुतः

$$\begin{bmatrix} x & x & x \\ x & x & x \\ x & x & x \end{bmatrix} \begin{bmatrix} y & y & y \\ y & y & y \\ y & y & y \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 3xy & 3xy & 3xy \\ 3xy & 3xy & 3xy \\ 3xy & 3xy & 3xy \end{bmatrix}$$ जो कि S से संबंधित है।

पुनः चूँकि $\begin{bmatrix} x & x & x \\ x & x & x \\ x & x & x \end{bmatrix} \begin{bmatrix} \frac{1}{3} & \frac{1}{3} & \frac{1}{3} \\ \frac{1}{3} & \frac{1}{3} & \frac{1}{3} \\ \frac{1}{3} & \frac{1}{3} & \frac{1}{3} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} x & x & x \\ x & x & x \\ x & x & x \end{bmatrix}$ हम पाते हैं।

S में ईकाई $\begin{bmatrix} \frac{1}{3} & \frac{1}{3} & \frac{1}{3} \\ \frac{1}{3} & \frac{1}{3} & \frac{1}{3} \\ \frac{1}{3} & \frac{1}{3} & \frac{1}{3} \end{bmatrix}$ है जो कि R की ईकाई $\begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$ से भिन्न है।

टिप्पणी

ध्यान दे : पूर्ववर्ती उदाहरण में आगे बढ़ते हुए हम निम्नांकित अवलोकन करते हैं:

1. $< \mathbf{Z}, +, . >$ में ईकाई 1 है, परन्तु सम पूर्णांकों की इसकी उपवलय $< \mathbf{E}, +, . >$ में ईकाई नहीं है।
2. $< \mathbf{Z}, +, . >$ में समान ईकाई 1 है, जो कि इसकी मूल वलय (Parent Ring) $< \mathbf{Q}, +, . >$ में है।
3. अन्ततः हम देख सकते हैं कि हमारे पास ईकाई रहित वलय हो सकती है जिसमें ईकाई युक्त वलय है। उदाहरणार्थ वलय $R = \left\{ \begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix} | a,b \in \mathbf{Z} \right\}$ मान लें।

अब यदि $\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ इस वलय की ईकाई हो तो $\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}=\begin{bmatrix} a & a \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$, $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ होगा, अर्थात् $a = 1$

तथा $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix}=\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ भी $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ होगा, अर्थात् $a = 1 = b$

इसीलिये यदि R में ईकाई हो तो यह $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ होगा।

किन्तु $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \neq \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$

इसी कारण R में ईकाई नहीं है।

यह परखना सरल है कि $S = \left\{ \begin{bmatrix} a & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} | a \in \mathbf{Z} \right\}$, R का उपवलय है एवं इसमें ईकाई $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ है।

उदाहरण 5.9: दर्शायें कि :

(*i*) अभ्याज्य क्रम (Prime Order) की कोई भी वलय क्रमविनिमेय (Commutative Ring) होती है।

(*ii*) हो सकता है कि कोटि p^2 (p अभाज्य) की वलय क्रमविनिमेय (Ring Commutative) न हो।

(*iii*) सबसे छोटी अक्रमविनिमेय वलय क्रम 4 की है।

(*iv*) क्रम p^2 (p अभाज्य) की ईकाई युक्त वलय क्रमविनिमेय (Ring Commutative) है।

हल: इसका हल निम्न हैं–

(*i*) p अभाज्य क्रम (Prime Order) R की वलय हो तो $< R, + >$ एक चक्रीय समूह है। माना कि, $< R, + > = < a >$ हो तो $o(a) = o(R) = p$। माना कि, $x, y \in R$ कुछ अवयव हों तो कुछ पूर्णांकों n, m के लिये $x = na, y = ma$।

टिप्पणी

अब $xy = (na)(ma) = nma^2 = mna^2 = (ma)(na) = yx$। इसी कारण R क्रमविनिमेय (Commutative) है।

(*ii*) R शून्य प्रविष्टि युक्त द्वितीय पंक्ति वाले $\mathbf{Z}_2$ पर 2×2 आव्यूह $\begin{bmatrix}0 & 0\\0 & 0\end{bmatrix}, \begin{bmatrix}0 & 1\\0 & 0\end{bmatrix}, \begin{bmatrix}1 & 0\\0 & 0\end{bmatrix}, \begin{bmatrix}1 & 1\\0 & 0\end{bmatrix}$ का समुच्चय हो तो R आव्यूह योग (Matrix Addition) व आव्यूह गुणन (Matrix Multiplication) के अधीन वलय है। चूँकि $\begin{bmatrix}0 & 1\\0 & 0\end{bmatrix}\begin{bmatrix}1 & 0\\0 & 0\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}0 & 0\\0 & 0\end{bmatrix}$ व $\begin{bmatrix}1 & 0\\0 & 0\end{bmatrix}\begin{bmatrix}0 & 1\\0 & 0\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}0 & 1\\0 & 0\end{bmatrix}$, हम पाते हैं कि R अक्रमविनिमेय है एवं इसमें $4 = 2^2$ अवयव हैं।

(*iii*) क्रम 1 की वलय शून्य (Ring Zero) वलय होने से क्रमविनिमय है। कोटि 2 व कोटि 3 की वलय क्रमविनिमेय से अलग होंगी। इस प्रकार भाग (*ii*) के दृष्टिकोण से हम पाते हैं कि लघुत्तमा अक्रमविनिमय वलय में 4 कोटि होती है।

(*iv*) R ईकाई युक्त एक क्रमविनिमेय हो एवं कोटि p^2 की हो तो यदि $< R, + >$ एक चक्रीय समूह है तो $< R, + >$ क्रमविनिमय है p। यदि $< R, + >$ चक्रीय नहीं है तो $< R, + >$ का प्रत्येक अशून्य अवयव अभाज्य कोटि (Prime Order) p का है। [अवयव की कोटि समूह की कोटि को विभाजित करता है एवं यदि अवयव की कोटि समूह के अवयव के समतुल्य हो तो समूह चक्रीय है]

माना, e से R की ईकाई इंगित करें तो $o(e) = p$ (योग के अधीन)।

माना $S = < e >, R$ की उपवलय है, कोटि p की

तो $S = \{e, 2e, ..., (p-1)e, pe = 0\}, o(S) = p$

चूँकि $o(R) = p^2, \exists\ a \in R$ इस प्रकार है, कि $a \notin S$ व $o(a) = p$ योग के अधीन है।

माना कि, $T = \{a, 2a, ..., (p-1)a, pa = 0\}$ कोटि p के R की उपवलय है। T में प्रत्येक अशून्य अवयव योग के अधीन कोटि p का है।

यदि na से सम्बद्ध $T, (n \neq 0), S$ से भी संबंधित हो तो योग के अधीन उपवलय $< na > = T, S$ में अंतर्विष्ट है।

परन्तु $o(T) = o(S)$ एवं इस प्रकार $< na > = T = S$

अर्थात् $a \in S$, जो कि एक विरोधाभास है।

इसी कारण $S \cap T = \{0\}$

तथा $o(S + T) = \dfrac{o(S) \cdot o(T)}{o(S \cap T)} = p^2 = o(R),$

इस प्रकार $R = S + T$

माना कि $x, y \in R$ हो तो $x = ne + ma, y = re + sa,$ जहाँ n, m, r, s पूर्णांक हैं।

अब $xy = (nr)e + (ns)a + (mr)a + msa^2$

$= yx$

दर्शाया जा रहा है कि R क्रमविनिमेय है।

टिप्पणी

वलय के अभिलक्षण (Characteristic of Ring)

परिभाषाः R एक वलय हो। यदि एक धनात्मक पूर्णांक n इस प्रकार हो कि सभी $a \in R$ के लिए $na = 0$ तो R में परिमित (Finite) गुण कहा जायेगा एवं यह सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक R का अभिलक्षण कहलाता है।

इस प्रकार यह सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक n इस प्रकार है कि R में $1 + 1 + ...+ 1 = 0,\ n$ बार

यदि ऐसा कोई धनात्मक पूर्णांक न हो तो R में अभिलाक्षणिक शून्य (अथवा अनन्त) कहा जाता है।

R के अभिलक्षण को $\text{char}\, R$ अथवा $\text{ch}\, R$ से इंगित किया जाता है।

इसमें निम्नांकित अभिलक्षण होते हैं :

- पूर्णांकों के वलय, सम पूर्णांक, परिमेय, वास्तविक (Reals), सम्मिश्र संख्याएँ सभी Ch शून्य (Zero) होते हैं।
- $R = \{0, 1\}$ का विचार करें तो Mod 2

  $\text{ch}\ R = 2$ जैसे,

  $2 \,.\, 1 = 1 \oplus 1 = 0$

  $2 \,.\, 0 = 0 \oplus 0 = 0$

  इस प्रकार 2 छोटा धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार है कि सभी $a \in R$ के लिए $2a = 0$

  ध्यान दें: $1 \,.\, 1 = 1 \neq 0$
- यदि R अशून्य परिमित वलय (Finite Ring) हो तो $\text{ch}\, R \neq 0$ माना कि $o(R) = m > 1$ है। चूँकि $\langle R, + \rangle$ एक समूह है, तब $ma = 0\ \forall\ a \in R$। इसी कारण $\text{ch}\ R \neq 0$

  नोटः $\text{ch}\, R = 1$ यदि $R = \{0\}$।
- $\text{ch}\, \mathbf{Z}_n = n$

  पूर्ववर्ती बिन्दु अनुसार $\text{ch}\ \mathbf{Z}_n \neq 0$. माना $\text{ch}\, \mathbf{Z}_n = m,$

  तो $ma = 0\ \forall\ a \in \mathbf{Z}_n$

  अर्थात् $m \,.\, 1 = 0$

  अर्थात् $1 \oplus 1 \oplus ..... \oplus 1 = 0$ (m बार)

  अथवा $m = nq \Rightarrow n \mid m \Rightarrow m \geq n$

  परन्तु $na = 0\ \forall\ a \in \mathbf{Z}_n$ क्योंकि $o(\mathbf{Z}_n) = n$

एवं इस प्रकार ch $\mathbf{Z}_n \leq n$

अर्थात् $m \quad \leq n, m = n$ देता है

टिप्पणी

प्रमेय 5.6: R ईकाई युक्त वलय (Ring With Unity) है। यदि '1' योज्य कोटि n की है तो ch $R = n$। यदि '1' अनंत योज्य कोटि (Additive Order Infinity) का है तो ch R, 0 है।

प्रमाण: '1' का योज्य कोटि (Additive Order) n हो (इस प्रकार हमारा तात्पर्य है कि समूह $(R, +)$ में 1 का कोटि n है) तो $n \,.\, 1 = 0$ एवं n ऐसा कम धनात्मक पूर्णांक है।

अब किसी $x \in R$ के लिए

$$nx = x + x + ...+ x = 1 \,.\, x + 1 \,.\, x +....+ 1 \,.\, x$$
$$= (1 + 1 + ... + 1)x = 0.x = 0$$

दर्शाया जा रहा है कि ch $R = n$

यदि योग के अधीन 1 में अपरिमित कोटि (Infinite Order) हो तो $\exists . n$ इस प्रकार कि $n \,.\, 1 = 0$ एवं इस प्रकार ch $R = 0$।

ध्यान दे: पूर्ववर्ती परिणाम को इस प्रकार भी लिखा जा सकता है,

यदि R ईकाई युक्त वलय हो R में $n > 0$ है यदि n सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार है कि $n \,.\, 1 = 0$

प्रमेय 5.7: यदि D एक समाकलित डोमेन (Integral Domain) हो तो D का अभिलाक्षणिक या तो शून्य अथवा अभाज्य संख्या होगा।

प्रमाण: यदि D शून्य हो तो हमारे पास सिद्ध करने को कुछ नहीं है। मान लेते हैं कि D में परिमित अभिलक्षण है तो $\exists\, a$ +ve पूर्णांक m इस प्रकार है कि सभी $a \in D$ के लिए $ma = 0$।

माना k ऐसा कम धनात्मक पूर्णांक हो तो ch $D = k$। हम दर्शाते हैं कि k अभाज्य है। मान लेते हैं कि k अभाज्य नहीं है तो हम लिख सकते हैं,

$k = rs, \;\; 1 < r, s < k$

अब सभी $a \in D$ के लिए $ka = 0$

$\Rightarrow (rs)\, a^2 = 0 \quad \forall \;\; a \in D$

$\Rightarrow a^2 + a^2 + ... + a^2 = 0 \;\; (rs$ बार)

$\Rightarrow (a + a +.....+ a)(a + a +.....+ a) = 0$
(r बार, s बार)

$\Rightarrow (ra)\,(sa) = 0 \;\; \forall \;\; a \in D$

$\Rightarrow ra = 0$ या $sa = 0 \;\; \forall \;\; a \in D$

किसी भी प्रकरण में यह एक विरोधाभास होगा क्योंकि $r, s < k$ व k कम धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार है कि $ka = 0$।

इसी कारण k एक अभाज्य है।

टिप्पणी

उदाहरण 5.10: यदि D एक समाकलित डोमेन है एवं यदि किसी $na = 0$ के लिए $0 \neq a \in D$ एवं कोई पूर्णांक $n \neq 0$ तो दर्शायें कि D का अभिलक्षण परिमित है।

हल: चूँकि $na = 0$

सभी $x \in D$ के लिए $(na)x = 0$

$\Rightarrow (a + a + ... + a)x = 0$

$\Rightarrow ax + ax + ... + ax = 0$ (n बार)।

$\Rightarrow a(x + x + ... + x) = 0$ सभी $x \in D$ के लिए।

$\Rightarrow x + x + ...+ x = 0$ सभी $x \in D$ जैसे $a \neq 0$ के लिए।

$\Rightarrow nx = 0$ सभी $x \in D, n \neq 0$ के लिए।

$\Rightarrow$ ch D परिमित है।

ध्यान दे: पूर्ववर्ती परिस्थिति में यदि ch $D = k$, तो $k | n$ है।

चूँकि ch $D = k$, $kx = 0 \forall x \in D$

विभाजन एल्गोरिद्म से (By Division Algorithm),

$$n = kq + r, \quad 0 \leq r < k$$

$\Rightarrow na = kqa + ra$

$\Rightarrow \quad 0 = 0 + ra, \quad 0 \leq r < k$

$\Rightarrow \quad r = 0$ क्योंकि $a \neq 0$.

इसलिए कारण $n = kq \Rightarrow k | n$

उदाहरण 5.11: R एक परिमिति (अशून्य) समाकलित डोमेन है तो $o(R) = p^n$ जहाँ p एक अभाज्य है।

हल: ch R परिमिति है व अभाज्य हो (प्रमेय 5.7 देखें)।

माना ch $R = p$ एक अभाज्य हो।

माना q एक अभाज्य हो जो $o(R)$ को विभाजित कर रहा है। चूँकि $< R, + >$ एक समूह है तो कॉउची प्रमेय (Cauchy's Theorem) के अनुसार $\exists\, a \in R$ इस प्रकार कि $o(a) = q$

तथा $R = p \Rightarrow pa = 0$

$\Rightarrow o(a) | p$

$\Rightarrow q | p$ भी

$\Rightarrow q = p$ क्योंकि p, q अभाज्य (Primes) हैं।

इस प्रकार p एकमात्र अभाज्य है जो $o(R)$ को विभाजित कर रहा है।

$\Rightarrow o(R) = p^n$

उपप्रमेय: (i) परिमित क्षेत्र (Finite Field) की कोटि किसी अभाज्य p के लिये p^n है।

टिप्पणी

(*ii*) ऐसे किसी कोटि वाला समाकलित डोमेन नहीं हो सकता जो दो सुनिश्चित अभाज्य द्वारा विभाज्य (Divisible) हो (अर्थात् क्रम n युक्त ऐसा कोई समाकलित डोमेन हमारे पास नहीं हो सकता जहाँ n को एक से अधिक अभाज्य के गुणनों के रूप में व्यक्त किया जा सके)। अतः हमारे पास 6 अथवा 10 अथवा 12, इत्यादि, अवयवों वाले समाकलिक डोमेन नहीं हो सकते।

ध्यान दे : परिमित डोमेन में ch है, जबकि अपरिमित समाकलित डोमेन में परिमित अथवा शून्य ch हो सकता है।

उदाहरण 5.12: अशून्य (Nonzero) वर्गसम (Idempotent, कभी भी शून्यभावी ≠ Nilpotent) नहीं हो सकता।

हल: माना x अशून्य वर्गसम (Idempotent) हो तो $x^2 = x$।

यदि x शून्यभावी (Nilpotent) भी हो तो $\exists$ पूर्णांक $n \geq 1$ इस प्रकार हुआ $x^n = 0$

किन्तु $x^2 = x \quad \Rightarrow x^3 = x^2 = x$

$\Rightarrow x^4 = x^2 = x$

$\Rightarrow x^n = x \Rightarrow x = 0$ जो कि एक विरोधाभास है।

उदाहरण 5.13: समाकलित डोमेन R (ईकाई युक्त) में वर्गसम (Idempotents) शून्य व ईकाई ही हैं।

हल: माना, $x \in R$ कोई वर्गसम हो तो,

$$x^2 = x \Rightarrow x^2 - x = 0$$

$$\Rightarrow x(x - 1) = 0$$

$\Rightarrow x = 0$ अथवा $x = 1$ क्योंकि R एक समाकलित डोमेन है।

उदाहरण 5.14: यदि R ऐसी वलय है जिसमें अशून्य शून्यभावी अवयव न हो तो दर्शायें कि किसी वर्गसम के लिये $e \in Z(R)$ एवं सभी e, $ex = xe$ के लिए $x \in R$ तथा इस प्रकार है।

हल: e (वर्गसम) $\Rightarrow e^2 = e$,

माना $x \in R$ कोई अवयव हो तो,

$(exe - ex)^2 = exeexe - exeex - exexe + exex$

$= 0$ (को लेने पर $e^2 = e$)

$\Rightarrow exe - ex$ (शून्यभावी) है।

दिए गए पदानुसार $exe - ex = 0 \Rightarrow exe = ex$

इसी प्रकार हम प्राप्त हैं $exe = xe$

इसी कारण $ex = xe$

टिप्पणी

उदाहरण 5.15: वलय $\mathbf{Z}_4$ के सभी वर्गसम व शून्यभावी अवयव ज्ञात करें।

हल: $\mathbf{Z}_4 = \{0, 1, 2, 3\} \bmod 4$

चूँकि $0 \otimes 0 = 0,\ 1 \otimes 1 = 1,\ 2 \otimes 2 = 0,\ 3 \otimes 3 = 1$ हम पाते हैं कि 0 व 1 शून्यभावी हैं।

पुनः चूँकि $2^2 = 2 \otimes 2 = 0$, 2 शून्यभावी है।

0 निश्चय ही शून्यभावी है, 3 शून्यभावी नहीं है क्योंकि $3^3 = 3 \otimes 3 \otimes 3 = 3$

$3^4 = 3 \otimes 3 \otimes 3 \otimes 3 = 1,\ 3^5 = 3$, यह स्पष्ट है कि 3 की घात (Power) में शून्य नहीं आयेगा।

वलयों के गुणन (Product of Rings)

R_1 व R_2 दो वलय हैं।

$R = \{(a, b) \mid a \in R_1, b \in R_2\}$ हो तो यह सरलता से सत्यापित किया जा सकता है कि R से योग व गुणन के अधीन वलय का निर्माण निम्नानुसार होता है :

$$(a_1, b_1) + (a_2, b_2) = (a_1 + a_2, b_1 + b_2)$$

$$(a_1, b_1) \,.\, (a_2, b_2) = (a_1a_2, b_1b_2)$$

अर्थात् अवयव रीति (Component Wise) से योग व गुणन के सामान्य संघटनों के अधीन। इस वलय को R_1 व R_2 का प्रत्यक्ष गुणन (Direct Product) कहा जाता है। इसी प्रकार दो से अधिक वलय के गुणन की परिभाषा तक पहुँच सकते हैं। R_1 व R_2 को प्रत्यक्ष गुणन (Direct Product) के अवयव वलय कहते हैं।

उदाहरण 5.16: यदि R व S दो वलय हों तो,

ch $(R \times S) = 0$ यदि ch $R = 0$ अथवा $ch\ S = 0$

k जहाँ $k =$ L.C.M. $(ch\ R,$ ch $S)$

हल: माना ch $R = 0$ हो एवं मान लें कि ch $(R \times S) = t \neq 0$

तो $\quad t(a, b) = (0, 0)\ \forall\ a \in R, b \in S$

$\Rightarrow \quad (ta, tb) = (0, 0)$

$ta = 0 \quad \forall\ a \in R$ जो कि एक विरोधाभास है क्योंकि $R = 0$

इस प्रकार ch $(R \times S) = 0$

इसी प्रकार यदि ch $S = 0$ तो ch $(R \times S) = 0$

अब ch $R = m$, ch $S = n$ व $k =$ L.C.M. (m, n)

तो $\quad k(a, b) = (ka, kb) = (0, 0) \quad \forall\ a \in R, b \in S$

चूँकि m, n व k को विभाजित करते हैं।

मान लें कि $p(a, b) = (0, 0)$ तो $(pa, pb) = (0, 0)$

$\Rightarrow \quad pa = 0 = pb \Rightarrow m \mid p, n \mid p$

$\Rightarrow k \mid p \Rightarrow k \leq p \Rightarrow$ ch $(R \times S) = k.$

टिप्पणी

अपनी प्रगति जांचिए

1. $i^2 = j^2 = k^2 = -1$ युक्त $D = \{a + bi + cj + dk \mid a, b, c, d \in R\}$ का विचार करें तो D से गुणन के अधीन वलय बनती है। सिद्ध करें कि D एक विभक्त वलय है परन्तु क्षेत्र नहीं है।
2. वलय में अवयव e को वर्गसम कब कहा जाता है?

5.3 वलय समरूपता

माना कि, $< R, +, \cdot >, < R', *, o >$ दो वलय हैं। मानचित्रण $\theta : R \to R'$ को समरूपता (Homomorphism) कहा जाता है यदि,

$$\theta(a + b) = \theta(a) * \theta(b)$$

$$\theta(ab) = \theta(a)\ o\ \theta(b) \qquad a, b \in R$$

चूँकि हम वलय में द्विआधारी संरचना (Binary Composition) के लिये प्रतीकों + व '.' का प्रयोग वरीयता से करते हैं हम इन प्रतीकों का प्रयोग एक से अधिक वलय के प्रकरण में भी करेंगे। इस प्रकरण में उपरोक्त परिभाषा को यह कहते हुए सरल किया जा रहा है कि मानचित्रण $\theta : R \to R'$ को मानचित्रण कहा जाता है यदि,

$$\theta(a + b) = \theta(a) + \theta(b)$$

$$\theta(ab) = \theta(a)\ .\ \theta(b).....$$

अब वलय में एक–एक आच्छादक (Onto) के रूप में तुल्याकारिता (Isomophism) की चर्चा करते हैं। मानचित्र $f : \mathbf{C} \to \mathbf{C}$, को इस प्रकार विचार करें कि

$$f(a + ib) = a - ib$$

तो f एक समरूपता है जहाँ $\mathbf{C}$ = सम्मिश्र संख्याएँ (Complex Numbers) हैं।

चूँकि $f[(a + ib) + (c + id)] = f((a + c) + i(b + d))$

$$= (a + c) - i(b + d)$$

$$= (a - ib) + (c - id)$$

$$= f(a + ib) + f(c + id)$$

एवं $f[(a + ib)(c + id)] = f((ac - bd) + i(ad + bc))$

$$= (ac - bd) - i(ad + bc)$$

$$= (a - ib)\ c - id\ (a - ib)$$

$$= (a - ib)(c - id)$$

$$= f(a + ib)\ f(c + id)$$

R क्रमविनिमय वलय है एवं मान लें कि सभी $x \in R$ के लिए $px = 0$ जहाँ p एक अभाज्य संख्या है तो मानचित्रण (Mapping) $f : R \to R$ को $f(x) = x^p$ द्वारा परिभाषित किया जाता है, जहाँ $x \in R$ एक समरूपता है।

टिप्पणी

वस्तुतः परिणाम तुलनात्मक रूप से सरलता से आ जाता है यदि हम यह दर्शा सकें $p \mid p_{C_r}, 1 \le r \le p-1$

अब $n = p_{C_r} = \frac{p!}{(p-r)!r!}$

$$= \frac{p(p-1).....(p-r+1)(p-r)!}{(p-r)!1.2....r}$$

$\Rightarrow$ $nr! = p(p-1) .....(p-r+1)$

चूँकि *R.H.S., P* से विभाजित होते हैं अतः इससे $nr!$ विभाजित होगा।

$\Rightarrow p \mid n$ अथवा $p \mid r!$ (जब भी अभाज्य गुणन a, b को विभाजित करता है तो यह a अथवा b में से कम से कम एक पर विभाजित हो) परन्तु $p \nmid r!$ क्योंकि $1, 2, ..., r-1$, p से कम हैं एवं इनमें से किसी के द्वारा p को विभाजित नहीं किया जाता, अतः p द्वारा इनमें से किसी को विभाजित नहीं किया जा सकता। इस प्रकार $p \nmid r!$

अर्थात् $p \mid n$

अब किसी $x, y \in R$ के लिये।

$f(x+y) = (x+y)^p = x^p + p_{C_1} x^{p-1} y + p_{C_2} x^{p-2} y^2 + ... + y^p$

(R क्रमविनिमेय है)

अब $p_{C_1} x^{p-1} y = px^{p-1} y = 0$ क्योंकि $x^{p-1} y \in R$

$p_{C_2} x^{p-2} y^2 = (kp) x^{p-2} y^2 = 0$ क्योंकि $p \mid p_{C_2}$

किसी k के लिए $p_{C_2} = kp$

इसी प्रकार प्रत्येक p_{C_r}, p का कोई गुणज होगा जिसमें अन्य पद (Terms) आ रहे होंगे जो भी शून्य हैं।

इसी कारण $f(x+y) = x^p + y^p = f(x) + f(y)$

$f(xy) = (xy)^p = x^p y^p$ (R क्रम विनिमेय)

$= f(x) f(y)$

इस प्रकार f एक समरूपता है।

प्रमेय 5.8: यदि $\theta : R \to R'$ एक समरूपता हो तो,

(*i*) $\theta(0) = 0'$

(*ii*) $\theta(-a) = -\theta(a)$

जहाँ $0, 0'$ क्रमशः R व R' वलय के शून्य हैं।

प्रमाण: (*i*) चूँकि $0 + 0 = 0$

हमारे पास $\theta(0+0) = \theta(0)$

$\Rightarrow$ $\theta(0) + \theta(0) = \theta(0) + 0'$

$\Rightarrow$ $\theta(0) = 0'$

(*ii*) पुनः चूँकि $a + (-a) = 0,$

$$\theta(a + (-a)) = \theta(0)$$

$$\Rightarrow \quad \theta(a) + \theta(-a) = \theta(0) = 0$$

$$\Rightarrow \quad -\theta(a) = \theta(-a)$$

टिप्पणी

उपप्रमेय: यह स्पष्ट है कि,

$$\theta(a - b) = \theta(a + (-b))$$
$$= \theta(a) - \theta(b)$$

ध्यान दे : आच्छादक समकारिता (Epimorphism), एकाकारिकता (Monomorphism), इत्यादि, की शब्दावली वलयों में भी उसी विस्तारित रूप में अपनायी जाती है जैसे कि समूहों में।

परिभाषा: माना $f: R \to R'$ समरूपक हो तो हम f के आधारभूत (Kernel) को इस प्रकार परिभाषित करते हैं $\text{Ker}\, f = \{x \in R \mid f(x) = 0'\}$

जहाँ $0', R'$ का शून्य है।

निम्नांकित दो प्रमेय सिद्ध करने सरल हैं अतः हम बिना प्रमाण परिणाम कह सकते हैं।

यदि $R \to R'$ समरूपक है तो निम्नांकित प्रमेय लागू होता है।

प्रमेय 5.9: $\text{Ker}\, f$, R का आदर्श (Ideal) है।

प्रमेय 5.10: $\text{Ker}\, f = (0)$ यदि f एक–एक है।

उदाहरण 5.17: यदि R ईकाई युक्त वलय है, एवं $f: R \to R'$ समरूपक है जहाँ R' समाकलित डोमेन इस प्रकार है कि $Ker f \neq R$ तो दर्शायें कि $f(1)$, R' की ईकाई है।

हल: माना $a' \in R'$ कोई अवयव है। हम दर्शाते हैं

$$f(1)\, a' = a' f(1) = a'$$

अब $\quad f(1)\, a' - f(1)\, a' = 0'$

$$\Rightarrow \quad f(1.1)\, a' - f(1)\, a' = 0'$$

$$\Rightarrow \quad f(1) f(1)\, a' - f(1)\, a' = 0'$$

$$\Rightarrow \quad f(1)\, [f(1)\, a' - a'] = 0'$$

$\Rightarrow \quad f(1) = 0'$ अथवा $f(1)\, a' - a' = 0'$ क्योंकि R' एक समाकलित डोमेन है।

$f(1) = 0' \Rightarrow 1 \in \text{Ker}\, f \Rightarrow \text{Ker}\, f = R$ जो कि वास्तविक नहीं है।

इसी कारण $f(1)a' - a' = 0'$

$$\Rightarrow \quad f(1)\, a' = a'$$

इसी प्रकार हम दर्शा सकते हैं कि $a' = a' f(1)$

उदाहरण 5.18: माना $f: R \to R'$ आच्छादक समरूपक है जहाँ R ईकाई युक्त वलय है। प्रदर्शित करें कि $f(1)$, R' की ईकाई है।

हल: माना $a' \in R'$ कोई अवयव है।

टिप्पणी

चूँकि f आच्छादक है, $\exists\ a \in R$ इस प्रकार है $f(a) = a'$

अब $\quad a'.f(1) = f(a).f(1) = f(a.1) = f(a) = a'$

इसी प्रकार $f(1).a' = a'$.

दर्शाया जा रहा है कि $f(1)$, R' की ईकाई है।

उदाहरण 5.19: सोदाहरण दर्शायें कि हमारे पास समरूपता $f: R \to R'$ इस प्रकार हो सकता है कि $f(1)$, R' की ईकाई न हो जहाँ R की ईकाई '1' है।

हल: मानचित्र $f: \mathbf{Z} \to \mathbf{Z}$, का विचार इस प्रकार करें कि सभी $x \in \mathbf{Z}$ के लिए $f(x) = 0$

जहाँ $\mathbf{Z}$ = पूर्णांकों की वलय।

तो f एक समरूपक (Homomorphism) है (सत्यापित करें)

पुनः $f(1) = 0$ परन्तु '0' $\mathbf{Z}$ की ईकाई नहीं है।

इस प्रकार यद्यपि $\mathbf{Z}$ जो **R.H.S.** में है। में ईकाई हो फिर भी यह $f(1)$ के समतुल्य नहीं है।

ध्यान दे :

1. यदि हम मानचित्र $f: \mathbf{Z} \to \mathbf{E}$ को मान लें जहाँ $\mathbf{E}$ अभाज्य पूर्णांकों की वलय तो सभी x के लिए $f(x) = 0$ द्वारा परिभाषित करते हुए हम पाते हैं कि $\mathbf{E}$ में ईकाई नहीं है जबकि '1', $\mathbf{Z}$ की ईकाई है।
2. मानचित्र $f: \mathbf{Z} \to \mathbf{E}$ इस प्रकार है कि $f(x) = 2x$ समूह तुल्याकारिक है। इस प्रकार समूहों के रूप में $\mathbf{Z}$ व $\mathbf{E}$ तुल्याकारिक हैं जबकि $\mathbf{Z}$ व $\mathbf{E}$ वलय के रूप में तुल्याकारिक नहीं हैं। वस्तुतः $\mathbf{Z}$ में ईकाई है परन्तु $\mathbf{E}$ में ईकाई नहीं है। वस्तुतः f में वलय समरूप नहीं होगा।

उदाहरण 5.20: माना कि, $\mathbf{Z}$ को पूर्णांकों की वलय है। दर्शायें कि $\mathbf{Z} \to \mathbf{Z}$ से ही समरूपता तत्समक हैं एवं शून्य मानचित्रण हैं।

हल: माना $f: \mathbf{Z} \to \mathbf{Z}$ समरूपता है।

चूँकि $\quad (f(1))^2 = f(1)f(1) = f(1.1) = f(1)$

$$f(1)[f(1) - 1] = 0$$

$\Rightarrow \qquad f(1) = 0$ अथवा $f(1) = 1$

यदि $f(1) = 0$ तो $f(x) = 0\ \forall$ पूर्णांक x

चूँकि $f(x) = f(1 \cdot x) = f(1)f(x) = 0 \cdot f(x) = 0\ \forall\ x$

इस प्रकार इस प्रकरण में f शून्य (Zero) समरूपता है।

यदि $f(1) = 1$ तो किसी $x \in \mathbf{Z}$ के लिये।

$$f(x) = f(1 + 1 + ...+ 1) = x\,f(1) = x\ (x > 0)$$

$$f(x) = f(-y) = -f(y) = -[f(1 + 1 + ...+ 1)]$$

$$= -y\,f(1) = x\,f(1) = x \ (x < 0,\ y = -x)$$

$$f(0) = 0$$

अतः इस प्रकरण में f तत्समक मानचित्र (Identity Map) है जिससे परिणाम सिद्ध हुआ।

टिप्पणी

प्रमेय 5.11: (वलय समरूप का आधारभूत प्रमेय (Fundamental Theorem of Ring Homomorphism))।

यदि $f: R \to R'$ एक आच्छादक समरूपता हो तो R', R की भागफल वलय (Quotient Ring) से समरूपक है। वस्तुतः $R' \cong \frac{R}{\text{Ker } f}$

प्रमाण: माना कि, f: $R \to R'$ आच्छादक समरूपता हो।

$\varphi : \frac{R}{\text{Ker } f} \to R'$ इस प्रकार परिभाषित करें कि सभी $x \in R$ के लिए $\varphi(x + I) = f(x)$ जहाँ $I = \text{Ker } f$

तो φ इस प्रकार सुपरिभाषित है,

$$x + I = y + I$$

$$\Rightarrow \quad x - y \in I = \text{Ker } f$$

$$\Rightarrow \quad f(x - y) = 0$$

$$\Rightarrow \quad f(x) - f(y) = 0$$

$$\Rightarrow \quad f(x) = f(y)$$

$$\Rightarrow \quad \varphi(x + I) = \varphi(y + I)$$

पूर्वानुसार दिए गए पद द्वारा हम सिद्ध करते हैं कि φ, 1–1 है।

पुनः चूँकि

$$\varphi[(x + I) + (y + I)] = \varphi((x + y) + I) = f(x + y) = f(x) + f(y)$$
$$= \varphi(x + I) + \varphi(y + I)$$

$$\varphi[(x + I)(y + I)] = \varphi(xy + I) = f(xy) = f(x)\,f(y)$$
$$= \varphi(x + I)\ \varphi(y + I)$$

φ एक समरूपता है।

अब यदि $r' \in R'$ कोई अवयव हो तो $f: R \to R'$ आच्छादक है, तो चूँकि $\exists\, r \in R$ आच्छादक है इसलिये r इस प्रकार है कि $f(r) = r'$ के लिए $\varphi(r + I) = f(r) = r'$

हम पाते हैं कि φ के अधीन r' की आवश्यक पूर्व प्रतिबिंब $r + I$ है जिससे दिख रहा है कि φ आच्छादक है एवं इसी कारण तुल्याकारिता है।

इस प्रकार $\frac{R}{\text{Ker } f} \cong R'$। सममित (Symmetry) से $R' \cong \frac{R}{\text{Ker } f}$।

टिप्पणी

प्रमेय 5.12: (तुल्याकारिता का प्रथम प्रमेय (First Theorem of Isomorphism))।

माना कि, $B \subseteq A$ वलय R के दो आदर्श हों तो $\frac{R}{A} \cong \frac{R/B}{A/B}$

प्रमाणः मानचित्रण $f: \frac{R}{B} \to \frac{R}{B}$ को इस प्रकार परिभाषित करें कि $f(r+B) = r+A$ तो f आच्छादक समरूपता है (सिद्ध करें)।

आधारभूत प्रमेय अनुसार, $\frac{R}{A} \cong \frac{R/B}{\text{Ker}\, f}$

पुनः चूँकि $r + B \in \text{Ker}\, f \Leftrightarrow (r + B) = A$

$\Leftrightarrow r + A = A$

$\Leftrightarrow r \in A$

$\Leftrightarrow r + B \in \frac{A}{B}$

हम पाते हैं कि $\text{Ker}\, f = A/B$ है।

इसी कारण $\frac{R}{A} \cong \frac{R/B}{A/B}$.

प्रमेय 5.13: (तुल्याकारिता का द्वितीय प्रमेय (Second Theorem of Isomorphism))।

माना A, B वलय R के दो आदर्श हों तो $\frac{A+B}{A} \cong \frac{B}{A \cap B}$.

प्रमाणः मानचित्रण $f: B \to \frac{A+B}{A}$ को इस प्रकार परिभाषित करें कि $b \in B$ सभी हेतु $f(b) = b + A$ तो f सुपरिभाषित समरूपता है।

पुनः यदि $x + A \in \frac{A+B}{A}$ कोई अवयव हो तो,

$x \in A + B \quad \Rightarrow x = a + b,\ a \in A,\ b \in B$

अतः $x + A = (a + b) + A = (b + a) + A = b + (a + A) = b + A$

इस प्रकार $x + A = b + A = f(b)$

अर्थात् f के अधीन b के पूर्व प्रतिबिंब (Pre-Image) $x + A$ है अथवा f आच्छादक है।

अब आधारभूत प्रमेय अनुसार $\frac{A+B}{A} \cong \frac{B}{\text{Ker}\, f}$

अब $x \in \text{Ker}\, f \Leftrightarrow f(x) = A$

$\Leftrightarrow x + A = A \Leftrightarrow x \in A$

$\Leftrightarrow x \in A \cap B\ (x \in \text{Ker}\, f \subseteq B)$

इसलिए $\text{Ker}\, f = A \cap B$ एवं इस प्रकार $\frac{A+B}{A} \cong \frac{B}{A \cap B}$.

ध्यान दे : अब स्पष्टतया $\frac{A+B}{B} \cong \frac{A}{A \cap B}$

उदाहरण 5.21: दर्शायें कि $\frac{\mathbf{Z}}{<2>} \cong \frac{5\mathbf{Z}}{10\mathbf{Z}}$

टिप्पणी

हल: $A = <2>, B = <5> = 5\mathbf{Z}$, $\mathbf{Z}$ के आदर्श मान लें,

तो $A + B = <d>$ जहाँ d = G.C.D. (2, 5) = 1

$A \cap B = <l>$ जहाँ l = L.C.M. (2, 5) = 10

अतः $A + B = <1> = \mathbf{Z}$

$A \cap B = <10> = 10\mathbf{Z}$

इसी कारण पूर्ववर्ती परिणाम $\frac{A+B}{A} \cong \frac{B}{A \cap B}$ का प्रयोग करते हुए हम प्राप्त करते हैं

$$\frac{\mathbf{Z}}{<2>} \cong \frac{5\mathbf{Z}}{10\mathbf{Z}}$$

प्रमेय 5.14: यदि N वलय R का आदर्श हो तो एक–एक आच्छादक मानचित्रण का अस्तित्व R के सभी आदर्श के समुच्चय के मध्य है, जिनमें N है एवं R/N के आदर्श का समुच्चय।

प्रमाण: माना $f: R \to R/N$, $f(r) = r + N$ द्वारा परिभाषित प्राकृतिक समरूपता है। अब यदि A, R का कोई आदर्श हो तो चूँकि $f: R \to R/N$ आच्छादक समरूपक है, $f(A)$, R/N का आदर्श है।

पुनः $f(A) = \{f(a) \mid a \in A\}$

$= \{a + N \mid a \in A\}$

$= \frac{A}{N}$.

अब, $\mathcal{R}$ के समस्त आदर्श का समुच्चय R है जिसमें N अंतर्विष्ट है एवं $\mathcal{R}'$ के सभी आदर्श का समुच्चय $\frac{R}{N}$ है।

$\varphi : \mathcal{R} \to \mathcal{R}'$ को इस प्रकार परिभाषित करें कि $\varphi(A) = f(A) = \frac{A}{N}$

φ स्पष्टतया सुपरिभाषित है।

पुनः $\varphi(A) = \varphi(B)$

$\Rightarrow f(A) = f(B)$

$\Rightarrow \frac{A}{N} = \frac{B}{N}$

यदि $a \in A$ कोई अवयव हो तो $a + N \in \frac{A}{N} \Rightarrow a + N \in \frac{B}{N}$

टिप्पणी

किसी $b \in B$ के लिए $\Rightarrow a + N = b + N$

$$\Rightarrow a - b \in N \subseteq B$$

किसी $b' \in B$ के लिए $a - b = b'$

तथा इस प्रकार $\Rightarrow \quad a = b + b' \in B$

अर्थात् $A \subseteq B$.

इसी प्रकार $B \subseteq A$ एवं इस प्रकार $A = B$ से दर्शा हो रहा है कि φ एक–एक है।

φ आच्छादक है यह दर्शाने के लिये $X \in \mathcal{K}'$ को कोई अवयव मानें तो X, $\frac{R}{N}$ का आदर्श है।

$A = \{x \in R \mid f(x) \in X\}$ को परिभाषित करें।

हम दर्शाते हैं कि A, φ के अधीन X की आवश्यक पूर्व प्रतिबिंब है।

यह सरलता से परखा जा सकता है कि A, R का आदर्श है।

पुनः $n \in N = \text{Ker}\, f$

$\Rightarrow f(n) = N = \frac{R}{N}$ का शून्य है।

$0 + N \in X$ [क्योंकि आदर्श में शून्य अंतर्विष्ट है]

अतः $f(n) \in X \Rightarrow n \in A$ अथवा $N \subseteq A$

इस प्रकार A, $\mathcal{K}$ का अवयव है।

अब A की परिभाषा से यह पुष्टि होती है कि यह आवश्यक पूर्व प्रतिबिंब है। इसी कारण φ आच्छादक है।

उपप्रमेय (Corollary) : यदि R वलय N का आदर्श हो तो R/N का कोई आदर्श प्रकार A/N का है जहाँ A, R का आदर्श है जिसमें N है।

उदाहरण 5.22: दर्शायें कि $\mathbf{Z}_n \cong \frac{\mathbf{Z}}{(n)}$ होगा।

हल: हमारे पास है $\mathbf{Z}_n = \{0, 1, 2, ..., n-1\}$

$$\frac{\mathbf{Z}}{(n)} = \{(n), 1+(n), 2+(n), ..., \overline{(n-1)}+(n)\}$$

$\theta : \frac{\mathbf{Z}}{(n)} \to \mathbf{Z}_n$, को इस प्रकार परिभाषित करें कि $\theta(r + (n)) = r$,

$0 \le r \le n-1$

माना $\quad r + (n) = s + (n)$ हो एवं मान लें कि $r \neq s$

तो $\quad r - s \in (n) \Rightarrow n \mid (r - s) \Rightarrow n \le r - s$

जहाँ $\quad r, s \le n$। इस प्रकार हमें विरोधाभास मिलता है।

इसी कारण $r = s$ एवं इसलिये θ सुपरिभाषित है।

यह स्पष्टतया 1–1 दर्शा रहा है।

पुनः चूँकि $\theta((r + (n)) + (s + (n))) = \theta(\overline{r + s} + (n))$

किसी $q, t, 0 \le t < n$ हेतु

$= \text{किसी } q, t, 0 \le t < n \text{ के लिए } \theta((nq + t) + (n))$

$= \theta(t + (n)) = t = r \oplus s = \theta(r + (n)) \oplus \theta(s + (n)).$

किसी $q', k, 0 \le k < n$ हेतु $\theta((r + (n))(s + (n))) = \theta(rs + (n))$

$= \theta((nq' + k + (n))$

$= \theta(k + (n)) = k = r \otimes s = \theta(r + (n)) \otimes \theta(s + (n))$

हम पाते हैं कि θ समरूपता है एवं इसी कारण तुल्याकारिता है।

टिप्पणी

अपनी प्रगति जांचिए

3. मानचित्रण $\theta: R \to R'$ को कब समरूपता कहा जाता है?
4. $\mathbf{Z}_{30}$ में अशून्य शून्यभावी अवयव क्यों नहीं हैं?

5.4 आदर्श वलय

वलय में आदर्श की धारणा समूहों में सामान्य उपसमूह की अवधारणा के समानान्तर है। सामान्य उपसमूहों से भागफल समूह का निर्माण होता है, आदर्श तब कार्य करते हैं जब हम भागफल वलय को परिभाषित करते हैं। कई समरूप (Analogous) परिणाम सामने आते हैं। हम निम्नांकित से आरम्भ करते हैं।

परिभाषा: वलय R के गैर–रिक्त उपसमुच्चय I को R का दायाँ आदर्श (Right Ideal) कहा जाता है यदि,

$(i)\ a, b \in I \Rightarrow a - b \in I$

$(ii)\ a \in I, r \in r \Rightarrow ar \in I.$

I को R का बायाँ आदर्श (Left Ideal) कहा जाता है यदि,

$(i)\ a, b \in I \Rightarrow a - b \in I$

$(ii)\ a \in I, r \in R \Rightarrow ra \in I.$

I को R का द्वितरफा (Two Sided) अथवा दोनों ओर (Both Sided) आदर्श कहा जाता है यदि यह बायाँ व दायाँ दोनों आदर्श हो। वस्तुतः यदि हम कहते हैं कि I, R का आदर्श है तो इसका तात्पर्य होगा कि I, R का द्वितरफा (Two Sided) आदर्श है। आदर्श हेतु अन्य तथ्य निम्नानुसार हैं :

- वलय R में $\{0\}$ व R सदैव दोनों ओर आदर्श होते हैं।

  उक्त दो को छोड़कर प्रत्येक आदर्श को उचित (Proper) आदर्श कहा जाता है (वस्तुतः 'गैर–नगण्य आदर्श' (Non-Trivial Ideal) नाम अधिक उपयुक्त होगा)

टिप्पणी

- माना $< \mathbf{Z}, +, \cdot >$ पूर्णांकों की वलय हो तो $\mathbf{E}$ = सम पूर्णांकों का समुच्चय $\mathbf{Z}$ का आदर्श है,

  $a, b \in \mathbf{E} \Rightarrow a = 2n, b = 2m$

  इस प्रकार $a - b = 2(n - m) \in \mathbf{E}$

  पुनः यदि $2n \in \mathbf{E}, r \in \mathbf{Z}$ तो इस अनुरूप $(2n)r$ में $r(2n)$ अथवा $\mathbf{E}, \mathbf{E}$ दोनों आदर्श है।

- माना R = पूर्णांकों पर 2×2 आव्यूह की वलय है।

  माना $A = \left\{ \begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \mid a, b \text{ पूर्णांक} \right\}$ हों तो A, R का दायाँ आदर्श इस प्रकार होगा,

  $$\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix} - \begin{bmatrix} c & d \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} a-c & b-d \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \in A$$

  $$\begin{bmatrix} a & b \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} x & y \\ z & u \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} ax+bz & ay+ba \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \in A$$

  किन्तु A, R का दायाँ आदर्श नहीं है क्योंकि $\begin{bmatrix} 0 & 2 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \in I$, $\begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 1 & 0 \end{bmatrix} \in R$

  परन्तु $\begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 1 & 0 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} 0 & 2 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 2 \end{bmatrix} \notin A.$

- उसी वलय में देखा जा सकता है कि $B = \left\{ \begin{bmatrix} a & 0 \\ b & 0 \end{bmatrix} \right\}$ जहां a, b पूर्णांक है।

  पूर्णांकों से a, b का बायाँ (किन्तु दायाँ नहीं) आदर्श निर्मित होता है। हमें समय के सापेक्ष आदर्श के कई अन्य उदाहरण दिखेंगे। आदर्श व उपवलय की परिभाषा में पदों को देखें तो ज्ञात होता है कि ये दो वस्तुतः निकट सम्बन्धी हैं। वस्तुतः यह सरलता से देखा जा सकता है कि एक आदर्श सदा उपवलय होता है।

  I वलय R का आदर्श है। I एक उपवलय है यह दर्शाने के लिये हमें यह दिखाने की आवश्यकता है कि $a, b \in I$ के लिये $ab \in I$

  अब $a, b \in I \Rightarrow a \in I, b \in I \subseteq R$

  $\Rightarrow ab \in I$ (आदर्श की परिभाषा के अनुसार।)

  इसी कारण I उपवलय है।

- हो सकता है कि उपवलय आदर्श न हो।

  हमें विदित है कि $< \mathbf{Z}, +, \cdot >$, $< \mathbf{Q}, +, \cdot >$ की उपवलय है जहाँ $\mathbf{Z}$ = पूर्णांक, $\mathbf{Q}$ = परिमेय संख्याएँ।

  $3 \in \mathbf{Z}, \frac{1}{5} \in \mathbf{Q}$ परन्तु $3 . \frac{1}{5} \notin \mathbf{Z}$

  इस प्रकार $\mathbf{Z}$ आदर्श नहीं है।

टिप्पणी

हम उपसमूहों, उपवलय इत्यादि के प्रतिच्छेदन या सर्वनिष्ठ (Intersection) व संघ (Union) के बारे में चर्चा करते रहे हैं। ये ही परिणाम आदर्श के प्रकरण में भी होते हैं।

बायें व दायें आदर्श के प्रतिच्छेदन या सर्वनिष्ठ (Intersection) के बारे में हम क्या कह सकते हैं? क्या यह एक आदर्श होगा? उत्तर 'नहीं' में है।

यदि हम पूर्ववर्ती तथ्यों में आदर्श का विचार करें तो हम पाते हैं कि $A \cap B$ में प्रकार,

$\left\{ \begin{bmatrix} a & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \mid a, \text{एक पूर्णांक} \right\}$ के अवयव होंगे।

चूँकि $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \notin A \cap B$

हम देखते हैं कि $A \cap B$ दायाँ आदर्श नहीं है।

उदाहरण 5.23: R वलय R का गैर–रिक्त उपसमुच्चय है। दर्शायें कि $r(s) = \{x \in R \mid Sx = 0\}$ व $l(s) = \{x \in R \mid xS = 0\}$, R के क्रमशः दायें व बायें आदर्श हैं।

हल: $r(s) \neq \varphi$ क्योंकि $0 \in r(s)$

पुनः $x, y \in r(s) \Rightarrow sx = 0, sy = 0$

अब $S(x - y) = Sx - Sy = 0 - 0 = 0$

$\Rightarrow x - y \in r(s)$

पुनः यदि $r \in R$ कोई अवयव हो तो,

$S(xr) = (Sx)r = 0 \,.\, r = 0$

$\Rightarrow xr \in r(s)$

इसी कारण $r(s)$ दायाँ आदर्श है। इसी प्रकार $l(s)$ यह बायाँ आदर्श बनेगा।

$r(s)$ व $l(s)$ को S के क्रमशः दायें व बायें ऐनहीलेटर (Annihilators) कहा जाता है।

$r(s)$ व $l(s)$ दोनों ही R के आदर्श होंगे यदि R आदर्श है (सत्यापित करें)।

उदाहरण 5.24: R ऐसी वलय हो कि R की प्रत्येक उपवलय R की आदर्श हो। इससे आगे $ab = 0$ में $R \Rightarrow a = 0$ अथवा $b = 0$। दर्शायें कि R क्रमविनिमेय (Commutative) है।

हल: माना $0 \neq a \in R$ कोई अवयव है तो $N(a) = \{x \in R \mid xa = ax\}$, R की उपवलय है एवं इसीलिये R का आदर्श है। $r \in R$ कोई अवयव है। चूँकि $a \in N(a), r \in R$ अतः हम पाते हैं कि $ra \in N(a)$ (आदर्श की परिभाषा (Definition of Ideal))।

तदुपरान्त $a(ra) = (ra)a$ भी है।

एवं इसलिये $(ar - ra)a = 0$

$ar - ra = 0$ क्योंकि $a \neq 0$

टिप्पणी

इस प्रकार $ar = ra \ \forall \ r \in R, \ \forall \ 0 \neq a \in R$

एवं चूँकि $0.r = r.0 = 0$, हम पाते हैं कि $ar \ = ra \ \forall \ a, r \in R$

इसी कारण R क्रमविनिमेय (Commutative) है।

दो आदर्शों का योग (Sum of Two Ideals)

A व B वलय R के दो आदर्श हैं। हम परिभाषित करते हैं कि $A + B$, $\{a + b \mid a \in A, b \in B\}$ ऐसा समुच्चय है जिसे A व B आदर्शों का योग कहा जाता है।

प्रमेय 5.15: यदि A व B, R के दो आदर्श (Ideals) हों तो $A + B$, R का आदर्श है जिसमें A व B दोनों अंतर्विष्ट हैं।

प्रमाण: $A + B \neq \varphi$ क्योंकि $0 = 0 + 0 \in A + B$

पुनः $x, y \in A + B$

$\Rightarrow \qquad x \ = a_1 + b_1$

किसी $a_1, a_2 \in A; b_1, b_2 \in B$ हेतु $y = a_2 + b_2$

चूँकि $\qquad x - y \ = (a_1 + b_1) - (a_2 + b_2)$

$= (a_1 - a_2) + (b_1 - b_2)$

हम पाते हैं कि, $x - y \qquad \in A + B$

माना कि, $x = a + b \in A + B, r \in R$ कुछ अवयव हों तो $xr = (a + b)r = ar + br \in A + B$ क्योंकि A, B आदर्श हैं,

$rs = r(a + b) = ra + rb \in A + B$

इस प्रकार $A + B$, R का आदर्श (Ideal) है।

पुनः किसी $a \in A$ के लिए चूँकि $a = a + 0 \in A + B$ एवं किसी $b \in B$ के लिये, चूँकि $b = 0 + b \in A + B$

हम पाते हैं $A \subseteq A + B$

$B \subseteq A + B.$

ध्यान दें

1. हम दर्शा सकते हैं कि A, $A + B$ का आदर्श है।

   $a_1, a_2 \in A \Rightarrow a_1 - a_2 \in A$ क्योंकि A, R का आदर्श है। पुनः यदि $a \in A$ व $s \in A + B$ कुछ अवयव हों तो कुछ $a_1 \in A, b_1 \in B$ हेतु $s = a_1 + b_1$

   a जैसे $s = a(a_1 + b_1)$

   $= aa_1 + ab_1 \in A$भी

   चूँकि $\qquad a, a_1 \in A \Rightarrow aa_1 \in A$

   $a \in A, b_1 \in B \subseteq R \Rightarrow ab_1 \in A$

   $\Rightarrow \ aa_1 + ab_1 \in A$

   इसी प्रकार $sa \in A$। प्रदर्शित हो रहा है कि A, $A + B$ का आदर्श है।

2. यदि A बायाँ आदर्श हो एवं B, R का दायाँ आदर्श हो तो सम्भव है कि $A+B$, R का आदर्श न हो।

$A+B$ में प्रकार $\begin{bmatrix} a & b \\ c & 0 \end{bmatrix}$ के अवयव होंगे।

एवं चूँकि $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 0 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} 2 & 2 \\ 2 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 4 & 4 \\ 2 & 2 \end{bmatrix} \notin A+B$

$A+B$, R का आदर्श नहीं है।

टिप्पणी

परिभाषाः S वलय R का कोई उपसमुच्चय हो। R का आदर्श A, S द्वारा उत्पन्न कहलायेगा यदि,

(i) $S \subseteq A$

(ii) R के किसी आदर्श I के लिये $S \subseteq I \Rightarrow A \subseteq I$.

हम इसे $A = < S >$ अथवा $A = (S)$ लिखते हुए इंगित करते हैं।

वस्तुतः $< S >$, R के सभी आदर्श (Ideal) का प्रतिच्छेदन या सवनिष्ठ (Intersection) होगा जिसमें S है तथा यह S युक्त सबसे छोटा आदर्श अंतर्विष्ट है। यदि S परिमित हो तो हम कह सकते हैं कि $A = < S >$ परिमित रूप में उत्पन्न हुआ है।

यदि $S = \varphi$ हो तो चूँकि $S = \varphi$ युक्त R का आदर्श है एवं इसलिये

$S = \varphi, < S > \subseteq \{0\}$ और $< S > = \{0\}$।

यदि $S = \{a\}$ तो हम $< S >$ द्वारा $< a >$ इंगित करते हैं एवं अथवा (a) एवं यह प्रकरण हमारी विशेष रुचि का है क्योंकि इसे वास्तव में अत्यधिक उपयोग में लाया जाता है। परिभाषानुसार $a \in < a >$ एवं चूँकि यह आदर्श (Ideal) है, प्रकार $ra, as, r_1 as_1$, na के अवयव $< a >$ में हैं जहाँ $r, r_1, s, s_1 \in R$ व n पूर्णांक है। ऐसे आदर्श को a द्वारा उत्पन्न आदर्श सिद्धांत (Principal Ideal) कहा जाता है। सत्यापित किया जा सकता है कि,

- यदि R क्रमविनिमेय (Commutative) वलय है तो,

  $< S > = \{\Sigma n_i x_i + \Sigma r_j y_j \mid n_i \in \mathbf{Z}, r_j \in R, x_i, y_j \in S\}$
- यदि R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय (Commutative) है तो,

  $< S > = \{\Sigma r_j y_j \mid r_j \in R, y_j \in S\}$
- यदि $S = \{a\}$, तो

  $< a > = < S > = \{na + ra + as + xay \mid n \in \mathbf{Z}, r, s, x, y \in R\}$
- इसके आगे यदि R में ईकाई हो $< a > = \{\Sigma\, xay \mid x, y \in R\}$

  योगफल सर्वत्र परिमित है।

प्रमेय 5.16: यदि A व B वलयों R के दो आदर्श हों तो $A + B = < A \cup B >$

प्रमाणः हमने पहले ही सिद्ध कर दिया है, कि $A+B$, R का आदर्श है जिसमें A व B हैं, इस प्रकार $A+B$, $A \cup B$ युक्त आदर्श अंतर्विष्ट है।

माना I, R का आदर्श इस प्रकार है कि $A \cup B \subseteq I$

टिप्पणी

माना $x \in A + B$ अवयव हो तो किसी $x = a + b$ के लिये $a \in A, b \in B$

चूँकि $a \in A \subseteq A \cup B \subseteq I$

$b \in B \subseteq A \cup B \subseteq I$

हम पाते हैं $a + b \in I$ क्योंकि I आदर्श है।

$\Rightarrow \quad x \in I$ अथवा $A + B \subseteq I$

जिससे प्रमेय सिद्ध हुआ।

इस प्रकार $A + B$, R का सबसे छोटा आदर्श है जिसमें A व B है। निश्चय ही दो से अधिक आदर्शों के योग की चर्चा समान रीति में की जा सकती है।

उदाहरण 5.25: यदि $a \in R$ कोई अवयव हो एवं $I = aR = \{ar \mid r \in R\}$ जहाँ R एक क्रमविनिमेय (Commutative) वलय हो तो I, R का आदर्श है।

हल: $I \neq \varphi$ क्योंकि $0 = a \,.\, 0 \in I$

किसी $r_1, r_2 \in R$ के लिए

$$x, y \in I \Rightarrow x = ar_1,\ y = ar_2$$

$$\Rightarrow \qquad x - y = a(r_1 - r_2) \in I$$

पुनः यदि $x = ar_1 \in I$ एवं $r \in R$ अवयव हों तो $x\,r = (ar_1)\,r = a\,(r_1\,r) \in I$ से दर्शाया जाता है कि I दायाँ आदर्श है। R क्रमविनिमेय होने से यह दोनों ओर आदर्श होगा।

ध्यान दे : यदि वलय क्रमविनिमेय न हो तो दर्शाया जा सकता है कि aR, दायाँ आदर्श में अंतर्विष्ट है व $Ra = \{ra \mid r \in R\}$, R का बायाँ आदर्श है।

aR, $< a >$ में सदैव है। यदि R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय वलय है तो $aR = Ra = (a)$।

दो आदर्शों के गुणन (Product of Two Ideals)

R वलय A, B के दो आदर्श हैं। हम A, B के A व B के गुणनों को इस प्रकार परिभाषित करते हैं कि

जहाँ $AB = \{\Sigma\, a_i b_i \mid a_i \in A,\ b_i \in B\}$ योगफल परिमित है।

पुनः यदि A एवं B कुछ अवयव हों तो AB से प्रदर्शित होता है कि R दायाँ आदर्श है। क्रमविनिमेय होने से R दोनों ओर आदर्श होगा।

ध्यान दे: यदि वलय क्रमविनिमेय न हो तो दर्शाया जा सकता है कि aR दायाँ आदर्श है व $Ra = \{ra \mid r \in R\}$,. R का बायाँ आदर्श।

aR सदैव $< a >$ में होता है। यदि R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय (Commutative) वलय है तो $aR = Ra = (a)$।

प्रमेय 5.17: वलय R के किन्हीं दो आदर्श A व B का गुणन AB, R का आदर्श है।

प्रमाण: $AB \neq \varphi$ क्योंकि $0 = 0 \,.\, 0 \in AB$

$x, y \in AB$ दो अवयव हों

तो $x = a_1b_1 + a_2b_2 + ... + a_nb_n$

$y = a'_1b'_1 + ... + a'_mb'_m$

किसी $a_i, a'_j \in A, b_i, b'_j \in B$ के लिये

$x - y = (a_1b_1 + ... + a_nb_n) - (a'_1b'_1 + ... + a'_mb'_m)$

जो स्पष्टया AB से सम्बद्ध हैं क्योंकि R.H.S. को इस प्रकार लिखा जा सकता है।

$x_1y_1 + x_2y_2 + ... + x_ky_k \quad (k = n + m)$

जहाँ $x_i \in A, y_i \in B.$

पुनः किसी $x = a_1b_1 + ... + a_nb_n \in AB$ हेतु $r \in R$

व $rx = r(a_1b_1 + ... + a_nb_n)$

$= (ra_1)b_1 + (ra_2)b_2 + ... + (ra_n)b_n \in AB$

क्योंकि $ra_i \in A$ क्योंकि $a_i \in A, r \in R$ व A आदर्श है।

इसी प्रकार $xr \in AB.$

इस प्रकार यह दर्शा रहा है कि AB, R का आदर्श है।

ध्यान दे :

1. माना $S = \{ab \mid a \in A. b \in B\}$

तो $< S > = AB$

स्पष्टतः $S \subseteq AB$ एवं चूँकि AB आदर्श है अतः $< S > \subseteq AB$

पुनः $x \in AB \quad \Rightarrow x = \Sigma a_ib_i, a_i \in A, b_i \in B$

$a_i \in A, b_i \in B \Rightarrow a_ib_i \in S, \forall i = 1, 2, ...,$

$\Rightarrow a_ib_i \in < S > \forall i$

$\Rightarrow x \in < S >$

$\Rightarrow AB \subseteq < S >$

तथा इसी कारण $< S > = AB$

2. यदि R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय (Commutative) वलय हो एवं R, AB के परिमित उत्पन्नकर्ता (Finitely Generated) आदर्श हों तो इसलिये $A + B$ व AB हैं। वस्तुतः यदि, $A = < a_1, a_2, ..., a_n >$ एवं $B = < b_1, b_2, ..., b_s >$ तो

$A + B = < a_1, a_2, ..., a_r, b_1, b_2, ..., b_s >$

$AB = < a_1b_1, ..., a_1b_s, ..., a_rb_1, ..., a_rb_s >$

वैसे हो सकता है कि यह $A \cap B$ के लिये वास्तविक न हो।

निम्नांकित उदाहरण से हमें आदर्शों के गुणन के विषय में अधिक जानकारियाँ मिल पाती हैं।

उदाहरण 5.26: यदि A व B वलय R का क्रमशः बायाँ व दायाँ आदर्श हो तो दर्शायें कि AB, R का द्वितरफा आदर्श (Two Sided Ideal) है जबकि BA के लिये R का एक ओर आदर्श होना तक आवश्यक नहीं।

टिप्पणी

टिप्पणी

हलः AB, R का द्वितरफा आदर्श उपरोक्त प्रमेयानुसार होगा हम उदाहरण द्वारा यह दर्शाते हैं कि BA को एक–तरफा आदर्श होना भी आवश्यक नहीं है।

$$A = \left\{ \begin{bmatrix} a & 0 \\ b & 0 \end{bmatrix} | \, a, b, \in \mathbf{Z} \right\}$$

$$B = \left\{ \begin{bmatrix} c & d \\ 0 & 0 \end{bmatrix} | \, c, d, \in \mathbf{Z} \right\} \text{ मान लेते हैं।}$$

पूर्णांकों पर 2×2 आव्यूह के वलय R में (पहले देखे गये अनुसार अब) A व B, R का क्रमशः बायाँ व दायाँ आदर्श है।

$\begin{bmatrix} c & d \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} a & 0 \\ b & 0 \end{bmatrix}$ में प्रकार BA का अवयव होगा।

अर्थात् प्रकार $\begin{bmatrix} x & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}, x \in \mathbf{Z}$ का,

अब यदि हम BA में $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ व R में $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$ मान लें तो,

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \notin BA$$

$$\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 1 & 0 \end{bmatrix} \notin BA$$

इसी कारण BA, R का न तो दायाँ, न ही बायाँ आदर्श है।

उदाहरण 5.27: यदि A , B, C वलय R के आदर्श इस प्रकार हों: $B \subseteq A$ तो दर्शायें कि $A \cap (B + C) = (A \cap B) + (A \cap C) = B + (A \cap C)$.

हलः $x \in A \cap (B + C)$ अवयव हो तो $x \in A$ व $x \in B + C$

किसी भी $b \in B, c \in C$ के लिए $\Rightarrow x = b + c$

अब $b \in B \subseteq A$, भी $b + c = x \in A$ है।

$\Rightarrow (b + c) - b \in A$

$\Rightarrow c + b - b \in A$

$\Rightarrow c \in A$

$\Rightarrow x \in A \cap C$

अर्थात् $x = b + c, b \in B, c \in A \cap C$

इस प्रकार $x \in B + (A \cap C)$

इसी कारण $A \cap (B + C) \subseteq B + (A \cap C)$.

पुनः $x \in B + (A \cap C)$

तो कुछ $b \in B, k \in A \cap C$ हेतु $x = b + k$

टिप्पणी

चूँकि $b \in B, k \in C$

$x = b + k \in B + C$

एवं $b \in B \subseteq A, k \in A \Rightarrow b + k \in A$

$\Rightarrow x \in A$

$\Rightarrow x \in A \cap (B + C)$

अथवा $B + (A \cap C) \subseteq A \cap (B + C)$

जिससे अन्ततः $A \cap (B + C) = B + (A \cap C)$ मिलता है।

चूँकि $B \subseteq A, A \cap B = B$ भी

इस प्रकार $A \cap (B + C) = (A \cap B) + (A \cap C) = B + (A \cap C)$.

ध्यान दे : पूर्ववर्ती समता को कभी–कभी मापांक (Modular Equality) समता कहा जाता है।

परिभाषा: वलय $R \neq \{0\}$ को सरल वलय (Simple Ring) कहा जाता है यदि R में दो आदर्श न हों (अपवाद R व $\{0\}$)।

प्रमेय 5.18: विभक्त वलय (Division Ring) सरल वलय है।

प्रमाण: माना कि R विभक्त वलय हो। A, R का कोई आदर्श इस प्रकार हो कि $A \neq \{0\}$ तो $\exists$ कम से कम $a \in A$ इस प्रकार होगा $a \neq 0$। R विभक्त वलय होने से $a^{-1} \in R$ एवं $aa^{-1} = 1$।

चूँकि $a \in A, a^{-1} \in R, aa^{-1} \in A$ (आदर्श की परिभाषा के अनुसार)।

$\Rightarrow 1 \in A$

$\Rightarrow A = R$

अर्थात् R के पास दो ही आदर्श हो सकते हैं: R अथवा $\{0\}$ R एक सरल वलय है।

उदाहरण 5.28: R ऐसी वलय है कि R व $\{0\}$ ही R के दायें आदर्श हैं। दर्शायें कि या तो R एक विभक्त वलय है अथवा इसमें अभाज्य संख्या के अवयव इस प्रकार हैं कि समस्त $a, b \in R$ हेतु $ab = 0$।

हल: माना कि $I = \{a \in R \mid aR = \{0\}\}$ हो तो I,R का दायाँ आदर्श है (सत्यापित करें)।

दिए गए पद के अनुसार $I = \{0\}$ अथवा $I = R$

यदि $I = \{0\}$ तो $aR = \{0\}$ तभी जब $a = 0$

अन्य शब्दों में – सभी $0 \neq a \in R$ के लिए $aR = R$ (**ध्यान दे:** aR दायाँ आदर्श है)।

इस प्रकार पूर्ववर्ती समस्या देखें तो R एक विभक्त वलय है (इस प्रकरण में R में एक से अधिक अवयव हैं क्योंकि यदि $R = \{0\}$ तो $R = I$ जो कि आगामी प्रकरण है)।

अब मान लें कि $I = R$ तो समस्त $a \in R$ हेतु $aR = \{0\}$

टिप्पणी

सभी $a, r \in R$ के लिए $ar = 0$

यदि S, $< R, + >$ का कोई उपसमूह हो तो S का दायाँ आदर्श होगा $R\,(a \in S \subseteq R, r \in R \Rightarrow ar = 0 \in S)$। दिए गए पदानुसार R के पास दो ही दायें आदर्शस R व $\{0\}$ हैं। इस प्रकार $< R, + >$ में दो ही उपसमूह R व $\{0\}$ हो सकते हैं।

$\Rightarrow$ $< R, + >$ अभाज्य कोटि (Prime Order) का एक चक्रीय समूह है।

इस प्रकार R में अभाज्य संख्या के अवयव हैं (एवं जैसा कि पहले देखा जा चुका है कि समस्त $a, b \in R$ हेतु $ab = 0$)।

उदाहरण 5.29: सोदाहरण दर्शाएँ कि ईकाई युक्त ऐसी वलय R सम्भव है जहाँ $\{0\}$ व R ही R के आदर्श हों परन्तु R विभक्त विलय न हो।

हल: R, R पर 2×2 आव्यूह की वलय हो तो यह विभक्त विलय नहीं है क्योंकि $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} \in R$ व्युत्क्रमणीय नहीं है। हम दर्शाते हैं कि R में आदर्श नहीं हैं ($\{0\}$ व R के अतिरिक्त) है। R को $A \neq \{0\}$ का आदर्श मानें।

चूँकि $A \neq \{0\}$ अतः $\exists\ 0 \neq A \in A$। मान लें कि $A = \begin{bmatrix} a & b \\ c & d \end{bmatrix}$। चूँकि $A \neq 0$, अतः A में कोई प्रविष्टि (Entry) अशून्य है। $a \neq 0$ मानें। माना E_{ij} से R में आव्यूह इंगित होती है जिसकी (i, j) प्रविष्टि 1 व 0 अन्यत्र है। तदुपरान्त 1 व 0 यदि,

$E_{ij}E_{jk} = E_{ik}$ और $E_{ij}E_{rk} = 0$ if $j \neq r$.....

अब $A = aE_{11} + bE_{12} + cE_{21} + dE_{22}$

अतः $AE_{11} = aE_{11} + cE_{21}$

इस प्रकार $a^{-1} E_{11}AE_{11} = E_{11} \Rightarrow E_{11} \in < A >$

$\Rightarrow < E_{11} > \subseteq < A >$

अब $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} = E_{11} + E_{22} = E_{11} + E_{21}E_{11}E_{12} \in < E_{11} >$

अतः $< E_{11} > \Rightarrow < E_{11} > = R$ से सम्बद्ध R की ईकाई।

$\Rightarrow R \subseteq < A >$

$\Rightarrow < A > = R$

एवं इसलिये $R = < A > \subseteq A$ क्योंकि $A \in A$

अथवा $A = R$

इसी कारण R अपेक्षित वलय है।

इस प्रकार हम यह समझ सकते हैं कि ईकाई युक्त सरल वलय विभक्त वलय न हो, इसका विपरीत भी वास्तविक हो सकता है।

टिप्पणी

अपनी प्रगति जांचिए

5. यदि A ईकाई युक्त वलय R का एक आदर्श इस प्रकार है कि $1 \in A$ तो दर्शायें कि $A = R$।
6. सिद्ध करें कि विभक्त वलय एक सरल वलय है।

5.5 भागफल वलय

माना कि, R एक वलय है एवं R, I का आदर्श मानें। चूँकि $a, b \in I \Rightarrow a - b \in I$ अतः हम पाते हैं कि $I, <R, +>$ का उपसमूह है। पुनः चूँकि $<R, +>$ एबेलियन है इसलिये I, R का सामान्य उपसमूह होगा एवं इस प्रकार हम $\frac{R}{I}$ भागफल समूह की चर्चा कर सकते हैं जो कि R में I के सभी सहसमुच्चय का समुच्चय $\frac{R}{I} = \{r + I \mid r \in R\}$ है (स्पष्टतया बायें अथवा दायें सहसमुच्चय समतुल्य हैं)।

हमें विदित हैं कि R/I से 'योग' के अधीन समूह का निर्माण इस प्रकार परिभाषित अनुसार होता है,

$$(r + I) + (s + I) = (r + s) + I$$

हम अब R/I पर द्विआधारी संरचना को इस प्रकार परिभाषित करते हैं,

$$(r + I) \cdot (s + I) = rs + I$$

यह परखना एक नियमित कार्य होता है कि यह गुणन R/I पर सुपरिभाषित है।

चूँकि
$$\begin{aligned}(a+I)[(b+I)(c+I)] &= (a+I)(bc+I)\\ &= a(bc) + I\\ &= (ab)c + I\\ &= (ab+I)(c+I)\\ &= [(a+I)(b+I)](c+I)\end{aligned}$$

इस गुणन के सन्दर्भ में संबद्धता (Associativity) है।

पुनः चूँकि
$$\begin{aligned}(a+I)[(b+I)+(c+I)] &= (a+I)(b+c+I)\\ &= a\,(b+c) + I\\ &= (ab+ac) + I\\ &= (ab+I) + (ac+I)\\ &= (a+I)(b+I) + (a+I)(c+I)\end{aligned}$$

हम पाते हैं कि बायीं वितरणशीलता (Left Distributivity) है। इसी प्रकार यह परखा जा सकता है कि दायीं वितरणशीलता (Right Distributivity) भी R/I में है एवं इसी कारण R/I से वलय बनती है जिसे भागफल वलय (Quotient Ring) अथवा I द्वारा R का अवशेष वर्ग (Residue Class) वलय कहते हैं।

टिप्पणी

हम इसे दूसरी दृष्टि से देखते हैं। माना कि R एक वलय हो एवं I, R का आदर्श है। a के लिए $b \in R, a \equiv b \pmod{I}$ को परिभाषित करें यदि $a - b \in I$। यह परखना सरल है कि यह सम्बन्ध R पर समतुल्यता सम्बन्ध है। इस प्रकार यह कि R समतुल्यता वर्गों में विभाजित करता है। a को $a \in R$, $cl(a)$ का संगत (Corresponding) समतुल्यता वर्ग मानें तो$cl(a)$ $= \{r + R \mid r \equiv a \pmod{I}\}$

$$= \{r \in R \mid r - a \in I)\}$$

किसी भी $x \in I$ के लिए $r \in R \mid r - a = x\}$

किसी भी $x \in I$ के लिए $r \in R \mid r = a + x\}$

$$= \{a + x \mid x \in I\}$$

$$= a + I$$

इस प्रकार भागफल वलय R/I कुछ और नहीं, बस पूर्व में परिभाषित अनुसार समस्त समतुल्यता वर्गों की वलय है।

वस्तुतः पूर्व में परिभाषित द्विआधारी संरचना को निम्नांकित में रूपान्तरित किया जायेगा,

$$cl(a) + cl(b) = cl(a + b) \qquad a, b \in R$$

$$cl(a) \,.\, cl(b) = cl(ab)$$

पाठक को यह कार्य रोचक लगेगा जब यह R/I को सत्यापित करेगा जिससे वलय का निर्माण परिभाषित किया जाता है। वस्तुतः यदि R में ईकाई 1 है तो $cl(1)$ में R/I की ईकाई होगी।

इसीलिये R/I को R (Modulo) I का भागफल वलय भी कहा जाता है।

ध्यान दें: यदि $I = R$ तो R/I शून्य वलय (Zero Ring) $\{0\}$ से तुल्याकारिता है एवं यदि $I = \{0\}$ तो $\frac{R}{I} \cong R$।

माना कि $H_4 = \{4n \mid n \in \mathbf{Z}\}$ है जहाँ $< \mathbf{Z}, + \cdot >$ पूर्णांकों की वलय हो तो H_4, $\mathbf{Z}$ का आदर्श है, एवं इस प्रकार $\frac{\mathbf{Z}}{H_4}$ एक भागफल वलय है व इस प्रकार दिया गया है,

$$\frac{\mathbf{Z}}{H_4} = \{H_4, H_4 + 1, H_4 + 2, H_4 + 3\}$$

इस उदाहरण से हमें यह भी दर्शा सकते हैं कि सम्भव है समाकलित डोमेन का भागफल वलय समाकलित डोमेन न हो।

ध्यान दें: $(H_4 + 2)(H_4 + 2) = H_4 + 4 = H_4$, $\frac{\mathbf{Z}}{H_4}$ का शून्य परन्तु $H_4 + 2 \neq H_4$ है।

वहीं दूसरी ओर यदि हम यह विचार करें।

$$R = \{0, 2, 4, 6, 8, 10\} \bmod 12$$

$$S = \{0, 6\} \bmod 12$$

तो R समाकलित डोमेन नहीं है जबकि R/S एक समाकलित डोमेन है।

हमारे पास है, $R/S = \{S, S+2, S+4\}$

चूँकि, $(S+2)(S+2) = S+2$, $(S+2)(S+4) = S+8 = S+2$

एवं, $(S+4)(S+4) = (S+16) = S+4$,

हम पाते हैं, कि R/S में शून्य भाजक नहीं हैं।

टिप्पणी

समाकलित डोमेन के भागफल क्षेत्र (Field of Qutient of Integral Domain)

अमूर्त बीजगणित में समाकलित डोमेन की 'भिन्नों के क्षेत्र' अथवा 'भागफलों के क्षेत्र' सबसे छोटा ऐसा क्षेत्र है जिसमें समाकलित डोमेन समा सकता हो। समाकलित डोमेन R के भिन्नों के क्षेत्र के अवयवों द्वारा a/b के साथ R में a का एवं b 0 के साथ b का निर्माण किया जाता है। वलय R की भिन्नों के क्षेत्र को Quot(R) अथवा Frac(R) से इंगित किया जाता है। इसे भागफल क्षेत्र, भिन्नों के क्षेत्र अथवा भिन्न या खंड क्षेत्र (Fraction Field) कहा जाता है।

यदि R शून्य भाजक रहित कोई क्रमविनिमेय (Commutative) वलय है, एवं कम से कम एक अशून्य अवयव e है तो युग्मों R के समतुल्यता वर्गों के समुच्चय के रूप में Quot(R) की भिन्नों के क्षेत्र (n, d) का निर्माण किया जा सकता है, जहाँ n व d, R के अवयव हैं तथा $d, 0$ नहीं है एवं (n, d), दिए गए नियम के अनुसार समतुल्यता सम्बन्ध (m, d) के समतुल्य है यदि केवल यदि $(nb=md)$। (n, d) व (m, d) के समतुल्यता वर्गों का योग $(nb + md, db)$ का वर्ग है एवं इनका गुणन (mn, db) का वर्ग है। (en, e) के समतुल्यता वर्ग में n मानचित्रण करते हुए अंतःस्थापन (Embedding) दर्शाते हैं। यह अंतःस्थापन e के विकल्प पर निर्भर नहीं है। यदि R एक समाकलित डोमेन हो तो (en, e), $(n, 1)$ के समतुल्य होगा।

R की भिन्नों के क्षेत्र को इस सार्वत्रिक गुणों से पहचाना जाता है कि यदि $f : R \to F$ से क्षेत्र F में अंतःक्षेपित वलय समरूपता (Injective Ring Homomorphism) है तो अद्वितीय वलय समरूपता R का अस्तित्व होता है जो $g : \text{Quot}(R) \to F$ जो f को आगे बढ़ता है।

5.6 बहुपद वलय एवं इनकी विशेषताएं

R कोई वलय है। R पर बहुपद (Polynomial) द्वारा हमारा अभिप्राय R रूप के व्यंजक (Expression) से है।

$$f(x) = a_o + a_1x + a_2x^2 + \ldots + a_mx^m, \qquad a_i \in R$$

x क्या है? यहाँ प्रतीक $x, x^2, \ldots$ अज्ञात अवयवों अथवा वलय R से चर (Variable) नहीं हैं। ये यहाँ केवल सुविधा के लिये हैं, कह सकते हैं कि वलय के अवयवों $a_o, a_1, a_2, \ldots$ के लिये स्थान संसूचकों के रूप में। संकेतन (Notation) के आधार में इस प्रकार के बहुपदों के प्रति हमारा अवगत होना मात्र है जिन्हें हम उपयोग में लाते रहे हैं (एवं इसीलिये x द्वारा चर को प्रस्तुत (Represent) नहीं किया जाता)। इस चिन्ह या संकेतन को अधिक तर्कसंगत करने का प्रयास तब किया जाता है जब हम सामान्य रीति में बहुपदों के योग व गुणन को परिभाषित कर रहे होते हैं।

टिप्पणी

वैकल्पिक रूप से R के अवयवों के अनंत या अपरिमित (Infinite) अनुक्रम (a_o, $a_1, a_2, ...$) को R पर बहुपद कहा जाता है यदि इसके सभी अवयव शून्य हों (इसके पद a_i के परिमित संख्या को छोड़कर), इस प्रकार परिमित संख्या के पद (Finite Number of Terms) के बाद सभी अवयव शून्य होंगे। प्रथम पद a_o को बहुपद का नियतांक कहते हैं। यदि m सबसे बड़ा गैर–ऋणात्मक (Non-Negative) पूर्णांक इस प्रकार हो कि $a_m \neq 0$ तो a_m को बहुपद का अन्तिम गुणांक कहा जाता है।

यदि $\quad f(x) = a_o + a_1x + ... + a_mx^m, \quad a_i \in R$

$\quad g(x) = b_0 + b_1x + ... + b_nx^n, \quad b_j \in R$

R पर दो बहुपद हों तो हम $f(x) = g(x)$ कह सकते हैं कि यदि सभी i के लिए $m = n$ व $a_i = b_i$।

पुनः बहुपदों $f(x)$ व $g(x)$ का योग इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है,

$$f(x) + g(x) = (a_o + b_o) + (a_1 + b_1)\, x + (a_2 + b_2)\, x^2 + ...$$

गुणन भी सामान्य रीति में परिभाषित किया जाता है,

$$\begin{aligned} f(x)\, g(x) &= (a_o + a_1x + ... + a_mx^m)\, (b_o + b_1x + ... + b_nx^n) \\ &= a_ob_o + (a_1b_o + a_ob_1)\, x ... \\ &= c_o + c_1x + c_2x^2 + ... + c_{m+n}\, x^{m+n} \end{aligned}$$

जहाँ $c_k = a_ob_k + a_1b_{k-1} + ... + a_kb_o$

माना कि, $R[x]$, R पर सभी बहुपदों का समुच्चय हो तो $R[x]$ गैर–रिक्त समुच्चय है एवं योग व गुणन को $R[x]$ के अवयवों पर उपरोक्त परिभाषानुरूप देखा जाता है, ये स्पष्टतया द्विआधारी संरचना हैं। यह सरलता से देखा जा सकता है कि $R[x]$ से इन संक्रियाओं (Operations) के अधीन वलय का निर्माण होता है। वलय का शून्य बहुपद होगा।

$$O(x) = 0 + 0x + 0x^2 + ...$$

$f(x) = a_o + a_1x + ... + a_mx^m$ का योज्य व्युत्क्रम (Additive Inverse) का बहुपद $-f(x) = -a_0 - a_1x + ... + (-a_m)\, x^m$ होगा। वस्तुतः यदि R में ईकाई 1 हो तो बहुपद $e(x) = 1 + 0x + 0x^2 +...$, $R[x]$. $e[x]$ की ईकाई होगा। $e[x]$ को कभी–कभी '1' द्वारा भी इंगित किया जाता है। वलय R के स्थान पर यदि हम क्षेत्र F से आरम्भ करें तो हमें बहुपदों (Polynomials) की संगत (Corresponding) वलय $F[x]$ मिलती है।

ध्यान दें: माना $R = \mathbf{Z}_3 = \{0, 1, 2\}$ मापांक 3 हो तो परिभाषित करें कि $f: \mathbf{Z}_3 \to \mathbf{Z}_3$ इस प्रकार है $f(x) = x^3 + 2x$ एवं $g : \mathbf{Z}_3 \to \mathbf{Z}_3$ इस प्रकार है $g(x) = x^5 + 2x$

तदुपरान्त $f(0) = 0 = g(0)$, $f(1) = 1 + 2 = g(1)$

$$f(2) = 5 + 1 = 2 + 4 = g(2)$$

इसी कारण $f(a) = g(a)\ \forall\ a \in \mathbf{Z}_3$

तथा इस प्रकार फलन (Function) द्वारा हमारी परिभाषा है, $f(x) = g(x)$।

वहीं दूसरी ओर $\quad f(x) = (0, 2, 0, 1, 0, 0, ...)$

$$g(x) = (0, 2, 0, 0, 0, 1, 0, ...)$$

$\mathbf{Z}_3$ पर बहुपदों के रूप में समतुल्य नहीं हैं। इस प्रकार $\mathbf{Z}_3[x]$ में $f(x) \neq g(x)$।

परिभाषा: $f(x) = a_o + a_1x + a_2x^2 + ... + a_mx^m$, $R[x]$ में कोई अशून्य बहुपद (Non-Zero Polynomial) है। हम कहते हैं कि $f(x)$ में श्रेणी (Degree) m है यदि सभी $i > m$ के लिए $a_m \neq 0$ व $a_i = 0$ एवं $f(x) = m$ लिखते हैं।

टिप्पणी

हम शून्य बहुपद की श्रेणी (Degree) परिभाषित नहीं करते।

हम कहते हैं कि $f(x)$ की श्रेणी (Degree) शून्य है यदि सभी $i > 0$ हेतु $a_o \neq 0$, $a_i = 0$। इस प्रकरण में इसे अचर बहुपद (Constant Polynomial) कहा जाता है। यह भी स्पष्ट है,

$\deg(-f(x)) = \deg f(x)$ है।

मान लें कि R कोई वलय हो एवं $R[x]$, R पर बहुपदों की संगत वलय है। यदि हम मानचित्र $f: R \to R[x]$ को इस प्रकार परिभाषित करें कि $f(a) = a + 0.x + 0x^2 + ...$

तो यह सरलता से देखा जा सकता है कि

f में 1–1 समरूपता (Homomorphism) होगी। वस्तुतः,

$$\begin{aligned} f(a + b) &= (a + b) + 0x + 0x^2 + ... \\ &= (a + 0x + 0x^2 + ...) + (b + 0x + 0x^2 + ...) \\ &= f(a) + f(b) \\ f(ab) &= ab + 0.x + 0.x^2 + ... \\ &= (a + 0x + 0x^2 + ...)\ (b + 0x + ...) \\ &= f(a)\, f(b) \end{aligned}$$

इसी कारण R को वलय $R[x]$ में समाया जा सकता है। अन्य शब्दों में R, $R[x]$ की उपवलय से तुल्याकारिक है।

इस प्रकार $R[x]$ की उपवलय से R की पहचान की जा सकती है जिसको देखते हुए हम कभी–कभी R को $R[x]$ की उपवलय कह दिया करते हैं।

क्रमविनिमेय वलय (Commutative Ring) वलय पर बहुपद वलय (Polynomial Ring)

निम्नांकित प्रमेय को अब सिद्ध करना सरल है।

प्रमेय 5.19: माना $R[x]$ वलय R पर बहुपदों के वलय हो तो,

(i) R क्रमविनिमेय है, यदि $R[x]$ क्रमविनिमेय हो।

(ii) R में ईकाई है यदि $R[x]$ में ईकाई हो।

प्रमाण: (i) यदि $R[x]$ क्रमविनिमेय हो तो $R[x]$ की कोई उपवलय क्रमविनिमेय है एवं चूँकि R, $R[x]$ की उपवलय से तुल्याकारिक है अतः R क्रमविनिमेय होगा।

इसके विपरीत यदि R क्रमविनिमेय हो एवं

टिप्पणी

$$f(x) = a_o + a_1x + a_2x^2 + ... + a_mx^m$$

$$g(x) = b_o + b_1x + b_2x^2 + ... + b_nx^n$$

$R[x]$ के दो अवयक हों तो गुणन की परिभाषानुसार,

$$f(x)g(x) = a_ob_o + (a_1b_o + a_ob_1)x + ...$$
$$= b_oa_o + (b_1a_o + b_oa_1)x + ...$$
$$= g(x)f(x).$$

(ii) यदि R में ईकाई '1' हो तो बहुपद $e(x) = 1 + 0x + 0x^2 + ..., R[x]$ की ईकाई है क्योंकि $f(x)e(x)$ किसी बहुपद $f(x)$ हेतु $f(x)$ होगा।

इसके विपरीत माना $R[x]$ में ईकाई है।

मानचित्र $\theta : R[x] \to R$ को इस प्रकार परिभाषित करें कि

$$\theta(f(x)) = \theta(a_o + a_1x + .. + a_mx^m) = a_o$$

तो θ आच्छादक समरूपता है।

इस प्रकार R, $R[x]$ की समरूपक प्रतिबिंब (Homomorphic Image) है तथा इसी कारण ईकाई है क्योंकि ईकाई युक्त वलय की समरूपक प्रतिबिंब ईकाई युक्त वलय है। वस्तुतः $\theta(e(x))$, R की ईकाई होगी जहाँ $e(x)$, $R[x]$ की ईकाई है।

प्रमेय 5.20: माना $R[x]$ वलय R के बहुपद की वलय हो एवं मान लें कि,

$$f(x) = a_o + a_1x + ... + a_mx^m$$

$$g(x) = b_o + b_1x + ... + b_nx^n$$

क्रमशः श्रेणी n व m के दो अशून्य बहुपद हैं तोः

1. यदि $f(x) + g(x) \neq 0$, $\deg(f(x) + g(x)) \leq max(m, n)$
2. यदि $f(x)\,g(x) \neq 0$, $\deg(f(x)\,g(x)) \leq m + n$
3. यदि R एक समाकलित डोमेन है, तो $\deg(f(x)\,g(x)) = m + n$ होगा।
4. R समाकलित डोमेन है यदि $R[x]$ एक समाकलित डोमेन हो
5. यदि F एक क्षेत्र हो, $F[x]$ क्षेत्र न हो।

प्रमाणः (1) परिभाषानुसार

$$f(x) + g(x) = (a_o + b_o) + (a_1 + b_1)x + (a_2 + b_2)x^2 + ... + (a_t + b_t)x^t$$

जहाँ $t = \text{Max}(m, n)$

अब $a_k + b_k = 0$ सभी $k > t$ जैसे $a_k = 0$, $b_k = 0$ के लिए।

इस प्रकार $f(x) + g(x)$ की श्रेणी $t = \text{Max}(m, n)$ से कम अथवा इसके समतुल्य है।

ध्यान दें: $\deg(f(x) + g(x)) < \text{Max}(m, n)$ होना सम्भव है। पूर्णांकों की वलय $\mathbf{Z}$ का विचार करें।

माना कि $f(x) \quad = 1 + 2x - 2x^2$

टिप्पणी

$g(x) = 2 + 3x + 2x^2$ को $\mathbf{Z}[x]$ के दो अवयव मानें तो,

$f(x) + g(x) = (1 + 2) + (2x + 3x) + (-2x^2 + 2x^2)$

$= 3 + 5x$.....

इस प्रकार $\deg (f(x) + g(x)) = 1$ जबकि $\deg f(x) = 2 = \deg g(x)$

(2) माना कि $f(x)\, g(x) = c_0 + c_1x + c_2x^2 + ...$ हो

जहाँ $c_k = (a_kb_0 + a_{k-1}\, b_1 + ... + a_0b_k)$.

यहाँ $c_{m+n} = a_0b_{m+n} + a_1b_{m+n-1} + ... + a_mb_n$ ..... $+ a_{m+n}b_0$

$= a_mb_n$

चूँकि समस्त अन्य पद शून्य होंगे (समस्त $i, j > 0$ हेतु $a_{m+i} = 0, b_{n+j} = 0$)।

पुनः समस्त $t > 0$ हेतु $c_{m+n+t} = 0$ तथा,

इस प्रकार $\deg (f(x)\, g(x)) \le m + n$ (a_mb_n शून्य हो सकता है यहाँ तक कि यदि $a_m \neq 0\ b_n \neq 0$ हो तब भी।

हम दर्शाते हैं कि ऐसा सम्भव है $\deg (f(x)\, g(x)) < m + n$

वलय $R = \{0, 1, 2, 3, 4, 5\}$ पर मापांक 6 का विचार करें।

$f(x) = 1 + 2x^3$

$g(x) = 2 + x + 3x^2$को मान लें जो कि क्रमशः श्रेणी 3 व 2 के $R[x]$ में दो बहुपद हैं।

यहाँ $f(x)g(x) = 2 + x + 3x^2 + 4x^3 + 2x^4$

जिसकी श्रेणी $4 < 5$ है।

ध्यान दें: यहाँ R समाकलित डोमेन नहीं है।

(3) यदि R एक समाकलित डोमेन हो तो चूँकि $a_m \neq 0, b_n \neq 0$ इसीलिये $a_mb_n \neq 0$ तथा इसी कारण $c_{m+n} = a_mb_n \neq 0$ में दिख रहा है कि $\deg (f(x)g(x)) = m + n$।

(4) यदि $R[x]$ समाकलित डोमेन हो तो चूँकि R, $R[x]$ की उपवलय से तुल्याकारिक है, R भी समाकलित डोमेन होगा।

इसके विपरीत मान लें कि R समाकलित डोमेन है।

माना $f(x)$, $g(x)$, $R[x]$ के दो अशून्य अवयव इस प्रकार हों कि $f(x)g(x) = 0$

जहाँ $f(x) = a_o + a_1x + ... + a_mx^m$

$g(x) = b_o + b_1x + ... + b_nx^n$

अब $f(x)$ व $g(x)$ दोनों ही अचर बहुपद नहीं हो सकते क्योंकि $a_o \neq 0, b_o \neq 0$ तथा $c_o = a_ob_o \neq 0$ है।

अतः $f(x)g(x) \neq 0$

चूँकि $f(x), g(x)$ में से कम से कम एक तो गैर–अचर बहुपद (Non Constant Polynomials) है, इसकी श्रेणी ≥ 1 है। R समाकलित डोमेन होने से $\deg (f(x)g(x)) = \deg f(x) + \deg g(x) \ge 1$

जो कि एक विरोधाभास है क्योंकि तब इसका तात्पर्य होगा कि किसी $k > 0$ हेतु $c_k \neq 0$ है।

जबकि $f(x)g(x) = 0$

टिप्पणी

इसी कारण $f(x)g(x) = 0 \Rightarrow f(x) = 0$ या $g(x) = 0$

$\Rightarrow$ $R[x]$ एक समाकलित डोमेन है।

(5) F एक क्षेत्र हो तो चूँकि F क्रमविनिमेय है जिसमें कि ईकाई है, पूर्ववर्ती परिणामों से हमने प्राप्त किया कि $F[x]$ ईकाई युक्त क्रमविनिमेय वलय (Commutative Ring) वलय होगी। वस्तुतः F समाकलित डोमेन है, $F[x]$ भी समाकलित डोमेन होगा। हम दर्शाते हैं कि $F[x]$ के समस्त अशून्य अवयवों में गुणात्मक व्युत्क्रम (Multiplicative Inverse) नहीं होगा। अशून्य बहुपद (Non-Zero Polynomial) $f(x) = 0 + 1x + 0x^2 + 0x^3 + ... (= a_o + a_1x + a_2x^2 + ...)$ का विचार करें।

मान लें कि $g(x) = b_o + b_1x + b_2x^2 + ...$ इसका गुणात्मक व्युत्क्रम (Multiplicative Inverse) है

तो $f(x)g(x) = c_o + c_1x + c_2x^2 + ..., e(x) = 1 + 0x + 0x^2 + ...$ है $F[x]$

$\Rightarrow$ $c_o = 1, c_i = 0$ सभी $i > 0$ के लिए की ईकाई होगी

जहाँ $c_o = a_o b_o = 0 . b_o = 0 \neq 1.$

इसी कारण $g(x), f(x) = x$ का गुणात्मक व्युत्क्रम (Multiplicative Inverse) नहीं हो सकता।

दर्शाया जा रहा है कि $F[x]$ क्षेत्र नहीं है।

यदि R वलय है, हम बहुपदों की संगत वलय $R[x]$ प्राप्त करते हैं। चूँकि $R[x]$ एक वलय है हम इसी प्रकार $R[x, y]$ के बहुपदों की संगत वलय प्राप्त करते हैं एवं प्रक्रिया को विस्तारित किया जा सकता है। यदि F क्षेत्र है तो $F[x]$ ईकाई युक्त वलय है एवं इसी प्रकार $F[x, y]$ ईकाई युक्त वलय होगी। हम इसका प्रयोग कुछ बाद में करेंगे जब गुणनखंड डोमेन (Factorisation Domains) की ओर बढ़ेंगे।

उदाहरण 5.30: R व S दो तुल्याकारिक वलय हैं। दर्शायें कि $R[x]$ व $S[x]$ भी तुल्याकारिक हैं।

हल: माना कि, $\phi : R \to S$ तुल्याकारिक हो तो मानचित्रण $f : R[x] \to S[x]$ को इस प्रकार परिभाषित करें कि,

$$f(a_o + a_1x + ... + a_nx^n) = \phi(a_0) + \phi(a_1)x + ... + \phi(a_n)x^n.$$

यह दर्शाना अब पाठक के लिये एक नियमित अभ्यास हो जायेगा कि यह f तुल्याकारिक है।

प्रमेय 5.21: यदि F क्षेत्र है तो $F[x]$ युक्लिडीन डोमेन (Euclidean Domain) है।

प्रमाण: हमने देखा है कि $F[x]$ ईकाई युक्त समाकलित डोमेन है।

किसी $f(x) \in F[x], f(x) \neq 0$ हेतु $d(f(x)) = \deg f(x)$ परिभाषित करें जो कि अऋणात्मक पूर्णांक (Non-Negative Integer या Non '–' ve Integer) है।

चूँकि किसी $f(x), g(x) \in F[x], f(x), g(x) \neq 0$ हेतु,

$$\deg (f(x)\, g(x)) = \deg f(x) + \deg g(x)$$

हम प्राप्त करते हैं $\deg (f(x)) \le \deg (f(x)g(x))$, जहाँ $\deg (g(x)) \ge 0$

$$\therefore \qquad d(f(x)) \le d(f(x)g(x))$$

टिप्पणी

अन्तिम रूप से हम किसी अशून्य $F[x]$ के लिये $f(x)$ को $g(x)$ में व $\exists\, t(x)$ को $r(x)$ में इस प्रकार दर्शाते हैं कि,

$$f(x) = t(x)g(x) + r(x)$$

जहाँ या तो $r(x)$ शून्य है अथवा $\deg r(x) < \deg g(x)$

यदि $\deg f(x) < \deg g(x)$ तो $f(x) = 0.\ g(x) + f(x)$ से परिणाम आता है।

अब मान लें कि परिणाम deg के $F[x]$ में समस्त (अशून्य) बहुपदों के लिये वास्तविक है जो कि $\deg f(x)$ से कम है।

माना कि, $f(x) = a_0 + a_1 + \ldots + a_m x_m$

$$g(x) = b_0 + b_1 x + \ldots + b_n x_n$$

$\deg f(x) \ge \deg g(x)$ मान लें तो परिभाषित करें कि,

$f_1(x) = f(x) - a_m b_n^{-1}\, x^{m-n}$ तो x^m का गुणांक $f_1(x)$ में $a_m - a_m b_n^{-1}.\ b_n = a_m - a_m = 0$ है।

या तो $f_1(x) = 0$ (शून्य बहुपद) अथवा $\deg f_1(x) < m$

यदि $f_1(x) = 0$ तो $0 = f(x) - a_m b_n^{-1}\, x^{m-n}\, g(x)$

$f(x) = a_m b_n^{-1}\, x^{m-n}\, g(x) + 0$ प्राप्त होता है।

अतः $t(x) = a_m b_n^{-1} x^{m-n}$ व $r(x) = 0$ को मानते हुए हम अपेक्षित परिणाम प्राप्त करते हैं।

मान लेते हैं कि $f_1(x) \ne 0$ तो $\deg f_1(x) < m$

अर्थात् $\deg f_1(x) < \deg f(x)$

प्रवेशण परिकल्पना (Induction Hypothesis) के अनुसार, $f_1(x) = t_1(x)\, g(x) + r(x)$

जहाँ या तो $r(x) = 0$ अथवा $\deg r(x) < \deg g(x)$

$$\therefore \qquad f(x) - a_m b_n^{-1}\, x^{m-n}\, g(x) = t_1(x)\, g(x) + r(x)$$

अथवा $\qquad f(x) = [a_m b_n^{-1}\, x^{m-n} + t_1(x)]\, g(x) + r(x)$

$$= t(x)g(x) + r(x)$$

जहाँ $r(x) = 0$ अथवा $\deg r(x) < \deg g(x)$

तथा इसी कारण $F[x]$ युक्लिडीन डोमेन है (एवं इसीलिये PID भी है)।

ध्यान दे :

1. इस प्रकार $\mathbf{Q}[x]$ युक्लिडीन डोमेन (Euclidean Domain) है जो कि क्षेत्र नहीं है।

टिप्पणी

2. दर्शाया जा सकता है कि उपरोक्त परिभाषित $t(x)$ व $r(x)$ अद्वितीय हैं।

मान लें कि $f(x) = t(x)\, g(x) + r(x)$ जहाँ $r(x) = 0$ अथवा $\deg r < \deg g$

तथा $f(x) = t'(x)\, g(x) + r'(x)$ जहाँ $r'(x) = 0$ अथवा $\deg r' < \deg g$

तो $(x)\, g(x) + r(x) = t'(x)\, g(x) + r(x)$

$$\Rightarrow \qquad g(t - t') = r' - r \qquad \text{...(i)}$$

मान लें कि $t(x) \neq t'(x)$ तो $t - t' \neq 0$ एवं इस प्रकार इसमें श्रेणी ≥ 0 है।

समीकरण (i) से $\Rightarrow \deg (g(t - t')) = \deg (r' - r)$

$$\Rightarrow \deg g + \deg (t - t') = \deg (r' - r) \qquad \text{...(ii)}$$

चूँकि $g(t - t')$ में धनात्मक श्रेणी $(\geq n)$ है $r' - r$ शून्य नहीं हो सकती, अन्यथा $g(t - t')$ अचर बहुपद होगा, अतः इसकी श्रेणी $\geq n$ नहीं हो सकती।

$r' - r$ शून्य नहीं हो सकती r व r' दोनों एकसाथ शून्य नहीं हो सकते।

अब समीकरण (ii) का L.H.S. $\deg g$ से बड़ा अथवा इसके समतुल्य है

जबकि समीकरण (ii) का R.H.S., $\leq \text{Max} (\deg r', \deg r) < \deg g$ है।

चूँकि यदि दोनों r व r' अशून्य हों तो $\deg r < \deg g$

$$\deg r' < \deg g$$

$$\Rightarrow \qquad \text{Max} (\deg r, \deg r') < \deg g$$

यदि r में से एक शून्य हो तो अन्य में r' से कम $\deg g$ है। किसी भी प्रकरण में R.H.S. $< \deg g$ होगा।

जो कि एक विरोधाभास है।

इस प्रकार $t - t' = 0 \Rightarrow t = t'$

अतः समीकरण (i) से $\Rightarrow r = r'$.

इसी कारण अद्वितीयता की पुष्टि होती है।

यदि F क्षेत्र हो तो युक्लिडीन डोमेन होने से $F[x]$, PID होगा।

प्रमेय 5.22: यदि F एक क्षेत्र हो तो $F[x]$ में प्रत्येक आदर्श सिद्धांत (Ideal Principal) है।

उदाहरण 5.31: माना $R = \{0, 1) \bmod 2$ हो तो $R[x]$ अपरिमित समाकलित (Infinite Integral) डोमेन है। यदि $f(x) \in R[x]$ कोई अवयव हो एवं,

यदि $f(x) = a_o + a_1 x + ... + a_m x^m$

तो हमारे पास है,

$$\begin{aligned} 2\, f(x) &= f(x) + f(x) \\ &= (a_o \oplus a_o) + (a_1 \oplus a_1)\, x + ... + (a_m \oplus a_m)\, x^m \\ &= 0 + 0.x + 0.x^2 + ... \end{aligned}$$

$O(x)$ का शून्य $R[x]$ है।

इस प्रकार $2f(x) = 0 \; \forall f \in R[x]$, है, जो यह दर्शा रहा है कि $R[x]$ परिमित अभिलक्षण का है (भले ही यह अपरिमित है)। यह भी उल्लेखनीय है कि ch R = ch $R[x]$।

टिप्पणी

उदाहरण 5.32: R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय वलय है। A, R का आदर्श है। दर्शायें कि $\frac{R[x]}{A[x]} \cong \frac{R}{A}[x]$

इसी कारण अन्यथा सिद्ध होता अथवा नहीं होता है।

A, $R \Rightarrow A[x]$ का अभाज्य आदर्श (Prime Ideal) है जो कि $R[x]$ का अभाज्य आदर्श है।

हल: मानचित्रण $\theta : R[x] \to \frac{R}{A}[x]$ इस प्रकार परिभाषित करें कि,

$$\theta\,(f(x)) = \theta(a_o + a_1x + \ldots\ldots + a_nx^n)$$
$$= (a_o + A) + (a_1 + A)\,x + \ldots\ldots + (a_n + A)x^n\ldots\ldots$$

तो θ स्पष्टतया सुपरिभाषित है।

यदि $f(x) = a_o + a_1x + a_2x^2 + \ldots\ldots$

$g(x) = b_o + b_1x + b_2x^2 + \ldots\ldots$

$f(x)g(x) = c_o + c_1x + c_2x^2 + \ldots\ldots$

तो $\theta\,(f(x) + g(x)) = \theta\,((a_o + b_o) + (a_1 + b_1)\,x + \ldots\ldots)$

$= [(a_o + b_o) + A] + [(a_1 + b_1) + A]\,x + \ldots\ldots$

$= (a_o + A) + (b_o + A) + (a_1 + A)x + (b_1 + A)\,x + \ldots\ldots$

$= ((a_o + A) + (a_1 + A)x + \ldots\ldots) + ((b_o + A) + (b_1 + A)\,x + \ldots\ldots)$

$= \theta(f(x)) + \theta(g(x))$

$\theta(f(x)g(x)) = \theta(c_o + c_1x + c_2x^2 + \ldots\ldots)$

$= (c_o + A) + (c_1 + A)x + \ldots\ldots$

$= (a_ob_o + A) + (a_1b_o + a_ob_1 + A)x + \ldots\ldots$

$= (a_o + A)\,(b_o + A) + [(a_1b_o + A) + (a_ob_1 + A)]x + \ldots\ldots$

$= (a_o + A)\,(b_o + A) +$

$[(a_1 + A)\,(b_o + A) + (a_o + A)\,(b_1 + A)]x + \ldots\ldots$

$\theta(f(x))\;\theta(g(x)) = [(a_o + A) + (a_1 + A)x + \ldots\ldots]\;[(b_o + A) + \ldots\ldots]$

$= (a_o + A)\,(b_o + A) + [(a_1 + A)\,(b_o + A) + (a_o + A)\,(b_1 + A)]x + \ldots\ldots$भी

θ समरूपता (Homomorphism) है।

θ आच्छादक है जो कि θ की परिभाषा से स्पष्ट है एवं इसी कारण आधारभूत प्रमेय अनुसार $\frac{R[x]}{\text{Ker }\theta} \cong \frac{R}{A}[x]$

टिप्पणी

अब $f(x) \in \text{Ker}\,\theta \Leftrightarrow \theta(f(x)) = (0 + A) + (0 + A)\,x + ...$

$\Leftrightarrow \quad (a_0 + A) + (a_1 + A)\,x + ... = (0 + A) + (0 + A)\,x + ...$

सभी i के लिए $a_i + A = A$

सभी i के लिए $a_i \in A$

$f(x) \in A[x]$

इसी कारण $\frac{R[x]}{A[x]} \cong \frac{R}{A}[x]$

अन्ततः A, R का अभाज्य आदर्श है।

तो $\frac{R}{A}$ एक समाकलित डोमेन है।

$\Rightarrow \frac{R}{A}[x]$ समाकलित डोमेन है।

$\Rightarrow \frac{R[x]}{A[x]}$ समाकलित डोमेन है क्योंकि तुल्याकारिता है।

$A[x]$, $R[x]$ का अभाज्य आदर्श है।

ध्यान दे: यह स्पष्ट है कि यदि A वलय R का आदर्श है तो $A[x]$, $R[x]$ का आदर्श (आधारभूत आदर्श हैं (Kernels are Ideals)) है।

प्रमेय 5.23: R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय वलय इस प्रकार हो कि $R[x]$, PID है तो R क्षेत्र है।

प्रमाण: पूर्ववर्ती प्रमेय अनुसार $\frac{R[x]}{< x >} \cong R$

हम दावा करते हैं कि $< x >$, $R[x]$ का महत्तम (Maximal) आदर्श है।

मान लें कि I कोई आदर्श इस प्रकार हो कि $< x > \subseteq I \subseteq R[x]$

चूँकि किसी भी $f(x) = a_0 + a_1x + ... + a_nx_n$ हेतु $R[x]$, PID है।

अब $x \in < x > \subseteq I = < f(x) >$

किसी भी $g(x) \in R[x]$ हेतु $\Rightarrow x = f(x)g(x)$

जिसका तात्पर्य यह है कि या तो $f(x) = x, \quad g(x) = 1$($R[x]$ की ईकाई है,

अथवा $\qquad f(x) = \alpha x,\ g(x) = \alpha^{-1},\ \alpha \in R$

अथवा $\qquad f(x) = 1, \quad g(x) = x$

(दूसरा प्रकरण α^{-1} के होने पर पद की पूर्ति होती है)

यदि $\qquad f(x) = x, \qquad I = < f(x) > \Rightarrow I = < x >$

यदि $\qquad f(x) = \alpha x, \qquad I = < f(x) > \Rightarrow I = < \alpha x > = < x >$

यदि $\qquad f(x) = 1, \qquad I = < f(x) > \Rightarrow I = < 1 > = R[x]$

इसी कारण $< x >$ महत्तम आदर्श (Maximal Ideal) है।

अतः $\frac{R[x]}{< x >}$ एक क्षेत्र है।

इसी कारण R क्षेत्र है।

टिप्पणी

उदाहरण 5.33: माना R ईकाई युक्त क्रमविनिमेय वलय हो एवं $< x >, R[x]$ का अभाज्य आदर्श है। दर्शायें कि R समाकलित डोमेन होगा ही।

हल: माना कि, $a, b \in R$ इस प्रकार है कि $ab = 0$

तो बहुपद $(0 + 1x + 0x^2 + ...) + (a + 0x + 0x^2 + ...)$

व $(0 + 1x + 0x^2 + ...) + (b + 0x + 0x^2 + ...)$ $R[x]$ से सम्बद्ध हैं।

$\Rightarrow x + a, x + b \in R[x]$

$\Rightarrow (x + a)(x + b) \in R[x]$

$\Rightarrow x^2 + x(a + b) + ab \in R[x]$

चूँकि $ab = 0, x^2 + x(a + b) = x[x + a + b] \in < x >$

इस प्रकार $(x + a)(x + b) \in < x >$

$\Rightarrow$ $(x + a) \in < x >$ or $(x + b) \in < x >$ as $< x >$ अभाज्य आदर्श है।

अब किसी $f(x) \in R[x]$ हेतु $(x + a) \in < x > \Rightarrow x + a = xf(x)$

$= x(a_0 + a_1x + ...)$

$\Rightarrow a = 0$

इसी प्रकार यदि $(x + b) \in < x >$ तो $b = 0$

इसी कारण R समाकलित डोमेन है।

उदाहरण 5.34: दर्शाये कि आदर्श $A = \{xf(x) + 2g(x) \mid f(x), g(x) \in \mathbf{Z}[x]\}$ के $\mathbf{Z}[x]$ आदर्श सिद्धांत नहीं है।

हल: मान लें कि A, $k(x), k(x) \in \mathbf{Z}[x]$ द्वारा उत्पन्न आदर्श सिद्धांत है।

चूँकि $x = x(1 + 0x + 0x^2 + ...) + 2(0 + 0x^2 + ...) \in A = <k(x)>$

$x = k(x)\, h(x)$

$2 \in < k(x) > \Rightarrow 2 = k(x)t(x)$ ...(i) भी है।

इस प्रकार $xk(x)t(x) = 2k(x)h(x)$

$\Rightarrow 2h(x) = xt(x)$

$\Rightarrow t(x)$ का प्रत्येक गुणांक एक सम पूर्णांक (Even Integers) है,

अर्थात् किसी $r(x) \in \mathbf{Z}[x]$ हेतु $t(x) = 2r(x)$

$\Rightarrow 2 = 2k(x)r(x)$

$\Rightarrow r(x)k(x) = 1$

टिप्पणी

$\Rightarrow 1 \in < k(x) >$

$\Rightarrow < k(x) > = \mathbf{Z}[x]$ (ईकाई युक्त आदर्श)

$\Rightarrow A = \mathbf{Z}[x]$ जो कि वास्तविक नहीं है A, $\mathbf{Z}[x]$ का उचित आदर्श (Proper Ideal) है।

उदाहरण 5.35: दर्शाये कि उपरोक्त आदर्श A, $\mathbf{Z}[x]$ में महत्तम आदर्श है।

हल: माना कि, I आदर्श इस प्रकार है कि $A \subset I \subseteq \mathbf{Z}[x]$।

चूँकि $A \neq I$, $\exists$ $h(x) \in I$ इस प्रकार कि $h(x) \notin A$।

$h(x) = b_o + b_1x + b_2x^2 + ... + b_mx^m$ हों तो b_o विषम है क्योंकि यदि b_o सम हो तो $h(x) \in A$

$h(x) = 2k + b_1x + b_2x^2 + ... + b_mx^m = g(x) + xf(x)$

इस प्रकार $h(x) = (2a + 1) + b_1x + b_2x^2 + ... + b_mx^m$

$h(x) = g(x) + 1$

$\Rightarrow 1 = h(x) - g(x)$

$\Rightarrow 1 \in I$ क्योंकि $h(x) \in I, g(x) \in A \subseteq I$

$\Rightarrow I = \mathbf{Z}[x]$

$\Rightarrow A$ एक महत्तम (Maximal) है।

ध्यान दे : हम आदर्श A के लिए संकेतन (Notation) $(2, x)$ का भी प्रयोग करते हैं।

परिमेय क्षेत्र पर बहुपद (Polynomials Over the Rational Fields)

परिमेय क्षेत्र में भिन्न (Fraction) a/b होते हैं जहाँ a व b पूर्णांक हैं एवं $b \neq 0$ है। ऐसे भिन्न (Fraction) का योज्य व्युत्क्रम (Additive Inverse) a/b के समतुल्य है एवं गुणात्मक व्युत्क्रम $a \neq 0$, b/a के समतुल्य है। क्षेत्र अभिगृहीत जैसे कि वितरणशीलता, क्रमविनिमेयता एवं संबद्धता के नियम परिमेय संख्याओं के मानक विशेषताओं में मूल स्थान में हो जाते हैं।

प्रकार $a_mx^m + a_{m-1}x^{m-1} + ... + a_1x + a_0 = 0$ के समीकरणों (जहाँ m धनात्मक पूर्णांक है एवं a परिमेय क्षेत्र के अवयव हैं) को x में बहुपद समीकरण (Polynomial Equations) कहा जाता है।

F कोई परिमेय क्षेत्र हो तो $a_mx^m + a_{m-1}x^{m-1} + ... + a_1x + a_0$ किसी व्यंजक प्रकार $a_m, a_{m-1}, \ldots, a_1, a_0 \in F$ को गुणांकों x युक्त

अनिश्चित (Indeterminate) x में F पर **बहुपद (Polynomial Over)** कहा जाता है। F में गुणांकों युक्त समस्त बहुपदों के समुच्चय को $F[x]$ द्वारा इंगित किया जाता है। यदि n सबसे बड़ा अऋणात्मक पूर्णांक इस प्रकार हो कि $a_n \neq 0$ तो हम कहते हैं कि बहुपद $f(x) = a_nx^n + \ldots + a_0$ में श्रेणी n है जिसे $\deg(f(x)) = n$ के रूप में लिखा जा सकता है एवं a_n को $f(x)$ का अग्रणी गुणांक (Leading Coefficient) कहा जाता है।

टिप्पणी

अपनी प्रगति जांचिए

7. भागफल वलय क्या है?

8. दर्शायें कि $\frac{\mathbf{Z}_3[x]}{I}$ होगा जहाँ $I = < x^2 + x + 1 >$ समाकलित डोमेन नहीं है।

9. दर्शायें करें कि ईकाई युक्त समाकलित डोमेन R एक क्षेत्र है यदि $R[x]$, एक PID है।

5.7 समाकलित डोमेन एवं क्षेत्र

समाकलित डोमेन (Integral Domain) R को युक्लिडीन डोमेन (अथवा युक्लिडीन वलय) कहते हैं यदि समस्त $a \in R$ हेतु $a \neq 0$, वहाँ परिभाषित अऋणात्मक पूर्णांक $d(a)$ इस प्रकार है,

(i) सभी के लिए $a, b \in R, a \neq 0, b \neq 0$ के लिए $d(a) \leq d(ab)$

(ii) सभी के लिए $a, b \in R, a \neq 0, b \neq 0$ के लिए $\exists\, t$ तथा r में R इस प्रकार कि

$a = tb + r$

जहाँ $r = 0$ अथवा $d(r) < d(b)$।

पूर्णांकों के समाकलित डोमेन $< \mathbf{Z}, +, . >$ का विचार करें। किसी $0 \neq a \in \mathbf{Z}$ हेतु $d(a) = |a|$ परिभाषित करें तो $d(a)$ अऋणात्मक पूर्णांक है।

पुनः $a, b \in \mathbf{Z}$ कुछ अवयव इस प्रकार हों कि $a \neq 0, b \neq 0$

तो $d(a) = |a|$

$d(ab) = |ab| = |a|\,|b|$

इस प्रकार $d(a) \leq d(ab)$ क्योंकि $|a| \leq |a|\,|b|$

पुनः $a, b \in \mathbf{Z}\ (a, b \neq 0)$ मानें।

मान लें कि $b > 0$ तो इसे इस प्रकार लिखना सम्भव है $a = tb + r$

जहाँ $0 \leq r < bt, r \in \mathbf{Z}$

यदि $r \neq 0$ तो $r < b \Rightarrow |r| < |b|$

$\Rightarrow d(r) < d(b)$

यदि $b < 0$ तो $(-b) > 0, \therefore \exists\, t, r \in \mathbf{Z}$ इस प्रकार कि $a = (-b)t + r$

जहाँ $0 \leq r < -b$

$a = (-t)\, b + r$

तथा यदि $r \neq 0,\ r < -b \Rightarrow |r| < |b|$

$\Rightarrow d(r) < d(b)$

इसी कारण, $< \mathbf{Z}, +, . >$ युक्लिडीन डोमेन है।

ध्यान दे :

1. जब हम परिभाषा में यह कहते हैं कि किसी $\exists$ हेतु $d(a)$ अऋणात्मक पूर्णांक $0 \neq a$ है तो हमारा तात्पर्य d से $R - \{0\}\ \mathbf{Z}^+ \cup \{0\}$ तक d फलन होता है जहाँ

$\mathbf{Z}^+$ धनात्मक पूर्णांकों का समुच्चय है। इस फलन d को R पर युक्लिडीन मूल्य निर्धारण कहा जाता है। परिभाषा में अन्तिम पद को युक्लिडीन एल्गोरिद्म (Euclidean Algorithm) कहते हैं।

टिप्पणी

2. हम दर्शा सकते हैं कि युक्लिडीन डोमेन की परिभाषा में अन्तिम (युक्लिडीन एल्गोरिद्म) पद में दर्शित t व r अद्वितीयतया निर्धारित हैं यदि,

$d(a+b) \le \text{Max. } \{d(a), d(b)\}$

मानें कि $d(a+b) \le \text{Max. } \{d(a), d(b)\}$ व

मान लें कि $a = tb + r = t_1 b + r_1$

मान लें $r_1 - r \neq 0$ तो $b(t - t_1) = r_1 - r \neq 0$ व $t - t_1 \neq 0$

अब $d(b) \le d(b(t - t_1))$

$= d(r_1 - r)$

$\le \text{Max. } \{d(r_1), d(-r)\}$ (दिए गए पद के अनुसार)

$= \text{Max. } \{d(r_1), d(-r)\}$

$< d(b)$ जो कि सम्भव नहीं।

इस प्रकार $r_1 - r = 0 \Rightarrow b(t - t_1) = 0$

अथवा $t - t_1 = 0$ क्योंकि $b \neq 0$

$\Rightarrow$ $t = t_1$ और $r = r_1$

इसके विपरीत t व r को अद्वितीयतः निर्धारित मानें एवं मान लें कि कुछ a, b हेतु $d(a+b) > \text{Max. } \{d(a), d(b)\}$ में (अशून्य) है।

अब $b = 0(a+b) + b = 1 \,.\, (a+b) - a$

$d(-a) = d(a) < d(a+b)$ भी

एवं $d(b) < d(a+b)$

इस प्रकार $1 \in R, \exists\, t = 0, r = b$ हेतु b इस प्रकार कि $b = t.1 + r, b = t_1 \cdot 1 + r_1$

जहाँ $r \neq r_1$ (क्योंकि $a + b \neq 0$) $t \neq t_1$, जो कि अद्वितीयता में एक विरोधाभास है।

इस कारण $d(a+b) \le \text{Max. } (d(a), d(b))$

ध्यान दें: युक्लिडीन डोमेन में ईकाई है।

प्रमेय 5.24: R युक्लिडीन डोमेन मानें एवं A, R का आदर्श हो तो $\exists\, a_o \in A$ इस प्रकार है कि $A = \{a_o x \mid x \in R\}$

प्रमाण: यदि $A = \{0\}$ पर हम $a_o = 0$ मान सकते हैं।

मान लें कि $A \neq \{0\}$ तो $\exists$ कम से कम $0 \neq a \in A$।

$a_o \in A$ को इस प्रकार मानें कि $d(a_o)$ अल्पतम (Minimal) है (उच्च कोटि के सिद्धांत का अस्तित्व (Existence of Well-ordering Principle)) द्वारा सुनिश्चित है

जिसके अनुसार अऋणात्मक पूर्णांकों के प्रत्येक गैर–ऋणात्मक पूर्णांकों में सबसे छोटा अवयव होता है)।

टिप्पणी

हम दावा करते हैं कि A इस a_o से उत्पन्न हुआ है।

माना $a \in A, a \neq 0$ हो तो परिभाषानुसार $\exists\ t, r \in R$ इस प्रकार होगा कि,

$a = a_o t + r$ जहाँ या तो $r = 0$ अथवा $d(r) < d(a_o)$

मान लें कि $r \neq 0$

तो $\quad a_o \in A, t \in R \Rightarrow ta_o \in A$

$\therefore \quad a \in A, ta_o \in A \Rightarrow a - ta_o \in A$

$\Rightarrow r \in A$

परन्तु $d(a_o)\ A$ में सबसे छोटा d का मान है एवं $d(r) < d(a_o)$ जिससे कि विरोधाभास होता है। इसी कारण,

$r = 0$

$\Rightarrow a = ta_o$

इस प्रकार किसी $a \in A$ को रूप ta_o में रखा जा सकता है।

$\Rightarrow A \subseteq \{a_o x \mid x \in R\}$

परन्तु $\{a_o x \mid x \in R\} \subseteq A$ क्योंकि सभी $x \in R$ के लिए $a_o \in A \Rightarrow xa_o \in A$

इसी कारण $A = \{a_o x \mid x \in R\}$

जिससे प्रमेय सिद्ध हुआ।

परिभाषा: ऐसा आदर्श A जिसमें अवयव a_o के गुणज अंतर्विष्ट हैं इसे a_o के सहित R का आदर्श सिद्धांत कहा जाता है जो a_o द्वारा उत्पन्न है। हम इसे $A = (a_o)$ से इंगित करते हैं।

अन्य शब्दों में R के सबसे छोटे आदर्श (जिसमें a_o है) को a_o द्वारा उत्पन्न आदर्श सिद्धांत कहते हैं।

प्रमेय 5.25: युक्लिडीन डोमेन में प्रत्येक आदर्श सिद्धांत आदर्श है।

उपप्रमेय (Corollary) : युक्लिडीन डोमेन में ईकाई है।

प्रमाण: माना कि, R युक्लिडीन डोमेन हो तो R इसका अपने आप में आदर्श है एवं इसीलिये R, R के किसी अवयव r_o द्वारा उत्पन्न है।

इस प्रकार R का प्रत्येक अवयव r_o का गुणज है।

विशेषतया r_o, r_o का गुणज है।

अर्थात् किसी $k \in R$ के लिए $r_o = r_o k$

अब यदि $a \in R$ कोई अवयव हो तो चूँकि $R = (r_o)$

किसी x हेतु $a = xr_o$

इसी कारण $ak = (xr_o)\ k = x(r_o k) = xr_o = a$

अर्थात् k, R की ईकाई (Unity) है।

टिप्पणी

परिभाषा: ईकाई युक्त समाकलित डोमेन R को आदर्श सिद्धांत डोमेन या (PID) कहते हैं यदि R का प्रत्येक आदर्श एक आदर्श सिद्धांत हो तो।

वस्तुतः यदि R पूर्ववर्ती पद के अनुसार ईकाई युक्त क्रमविनिमेय (Commutative) वलय होता है तो हम इसे आदर्श सिद्धांत वलय (Principal Ideal Ring) कहते हैं।

पूर्ववर्ती प्रमेय व उपप्रमेय (Corollary) को देखने पर हमें निम्नांकित की प्राप्ति होती है।

प्रमेय 5.26: युक्लिडीन डोमेन एक पीआईडी है।

इस प्रकार विशेषतया पूर्णांकों की वलय $< \mathbf{Z}, +, . >$ एक पीआईडी है। यह परिणाम स्वतन्त्रतया सामने आता है यदि हम स्मरण करें कि $< \mathbf{Z}, +, . >$ में प्रत्येक आदर्श एक आदर्श सिद्धांत है।

ध्यान दें

1. क्षेत्र F सदा एक पीआईडी है क्योंकि इसमें दो ही आदर्शस F व $\{0\}$ हैं। F, 1 द्वारा व $\{0\}$, 0 द्वारा उत्पन्न है।
